आषाढ़ शुक्ल पक्ष 01, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

**रांची का तापमान**

| कांके | रांची |
|---|---|
| अधिक. 27.0° | अधिक. 26.8° |
| न्यून. 22.0° | न्यून. 22.5° |

रांची, गुरुवार
26 जून 2025
वर्ष-26, अंक-144, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास | सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

₹2.00
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


पेज 12

## 'ऑपरेशन सिंदूर' है शौर्य बलिदान और राष्ट्रभक्ति की अमर गाथा

राष्ट्रीय नवीन मेल




गीता दुबे

'ऑपरेशन सिंदूर' के वीर सपूतों, आपके अदम्य साहस, अटूट संकल्प और सर्वोच्च बलिदान ने पुनः पूरे विश्व को बता दिया कि जो भारत से टकराएगा, उसका अस्तित्व मिट जाएगा। आपने तिरंगे की शान में अपना लहू बहाकर इतिहास रचा है। आपको कोटि-कोटि नमन। आज मन में आपकी कुबार्नी का वही गीत गूंज रहा है-

'जो शहीद हुए हैं उनकी, जरा याद करो कुर्बानी
जो लड़े देश के वास्ते, बन गए अमर कहानी।'

वीर सपूतो, आपने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत न केवल आतंकियों के मंसूबों को विफल किया, बल्कि बल्कि देश की जनता को यह भरोसा भी दिलाया कि भारतीय सैनिक हर परिस्थिति में उनके अटूट रक्षक हैं। आपका बलिदान केवल एक घटना नहीं, बल्कि एक अमर गाथा है — शौर्य, समर्पण और देशभक्ति की गाथा।

हम वीर जवानों की शहादत को अपने कर्तव्य और निष्ठापूर्ण सेवा के माध्यम से सच्चा सम्मान दे सकते हैं। जब हम अपने कार्यों को ईमानदारी और समर्पण से निभाएंगे, जब हम राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बनाए रखेंगे, तभी हम वास्तव में उन शहीदों के ऋण को चुकाने की दिशा में एक सार्थक कदम उठा सकेंगे।

## भारत की नई उड़ान, फ्लोरिडा से एक्सिओम-4 मिशन लांच

# स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए शुभांशु शुक्ला

### शुभांशु के साथ हैं तीन और अंतरिक्ष यात्री

नई दिल्ली (आईएएनएस)

- मिशन लांच होने के बाद भावुक हुआ परिवार

भारत ने अंतरिक्ष की ओर नई उड़ान भरी है। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन और अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए बुधवार को रवाना हुए। फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर में कांप्लेक्स 39ए से एक्सिओम-4 मिशन को लांच किया गया। शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री एक्सिओम स्पेस के एक मिशन के हिस्से के रूप में अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा पर निकले हैं। सफल लांचिंग के बाद अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने सोशल मीडिया के जरिए अपडेट दिया। नासा ने 'एक्स' पर लिखा, हमने एक्सिओम मिशन-4 की उड़ान भरी है। एक्स-4 मिशन 25 जून को सुबह 2:31 बजे (भारतीय समयानुसार, दोपहर 12:01 बजे) पर लांच कांप्लेक्स 39ए शेष पेज 11 पर




"नमस्कार मेरे प्यारे देशवासियों। काफी साल बाद हम फिर वापस अंतरिक्ष में पहुंच गए हैं। कमाल की सवारी थी। मेरे साथ मेरे कंधे पे मेरा तिरंगा है।
- ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला (स्पेसक्राफ्ट से पहला संदेश)

### 'गगनयान' के लिए महत्वपूर्ण है शुभांशु की अंतरिक्ष यात्रा

राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं

नई दिल्ली (आईएएनएस)

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की यात्रा को विशेषज्ञों ने बुधवार को भारत के ह्यूमन स्पेसफ्लाइट मिशन 'गगनयान' के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। 41 वर्ष बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष की यात्रा कर रहा है। भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा के 1984 में अंतरिक्ष में जाने के बाद शुभांशु शुक्ला दूसरे भारतीय होंगे। इंडियन स्पेस एसोसिएशन के वैज्ञानिक और स्पेस एक्सपर्ट आरसी कपूर ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से कहा, शुभांशु शुक्ला का स्पेस स्टेशन पर जाने का मिशन भारत के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि हम काफी समय से गगनयान मिशन की तैयारी कर रहे हैं। चार अंतरिक्ष यात्रियों ने पहले रूस और फिर बेंगलुरु में मिशन के लिए एडवांस ट्रेनिंग ली है। अब शुक्ला के स्पेस एक्सपेरिमेंट्स से हमें गगनयान के लिए समृद्ध ज्ञान मिलेगा। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि यह अंतरिक्ष मिशन भारत की ह्यूमन स्पेस फ्लाइट की यात्रा है। शुक्ला ने कहा, यह मेरी अकेले की यात्रा नहीं है, बल्कि मैं अपने साथ भारतीय ध्वज लेकर चल रहा हूं शेष पेज 11 पर



"ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने भारत के लिए अंतरिक्ष में एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है, पूरा देश एक भारतीय की सितारों की यात्रा पर उत्साहित और गौरवान्वित है। उन्होंने और अमेरिका, पोलैंड और हंगरी के एक्सिओम मिशन 4 के उनके साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने साबित किया है कि दुनिया वास्तव में एक परिवार है- 'वसुधैव कुटुम्बकम'। इस मिशन की सफलता के लिए मेरी शुभकामनाएं, जो नासा और इसरो के बीच स्थायी साझेदारी को दर्शाता है। चालक दल द्वारा किए जाने वाले व्यापक प्रयोग वैज्ञानिक अध्ययन और अंतरिक्ष अन्वेषण की नई सीमाओं को जन्म देंगे।
- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति (सोशल मीडिया 'एक्स' पर)



"हम भारत, हंगरी, पोलैंड और अमेरिका के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर अंतरिक्ष मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत करते हैं। भारतीय अंतरिक्ष यात्री, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय बनने की राह पर हैं। वह अपने साथ 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाओं, आशाओं और आकांक्षाओं को लेकर चल रहे हैं। मैं उन्हें और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को इस मिशन के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूं।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री (सोशल मीडिया 'एक्स' पर)

## वर्षों से लंबित ऐतिहासिक परियोजना अब निर्णायक मोड़ पर

# गंगा नदी को देवघर तक लाने की ऐतिहासिक पहल को मिली गति



केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल (बाएं से तीसरे) के साथ डॉ राधाकृष्ण लाल (सबसे बाएं), डॉ शूलपाणि सिंह (बाएं से दूसरे) तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री विश्वेश्वर टुडू।



नई दिल्ली के आरके पुरम में गंगा-डढ़वा परियोजना की महत्वपूर्ण बैठक के बाद जल शक्ति मंत्रालय के जल विकास अभिकरण के महानिदेशक बालेश्वर ठाकुर के साथ डॉ शूलपाणि सिंह (बीच में) और डॉ राधाकृष्ण लाल (दाएं)।



नई दिल्ली स्थित श्रम शक्ति भवन के कार्यालय में केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी के साथ डॉ राधाकृष्ण लाल (बीच में) और डॉ शूलपाणि सिंह (दाएं)।

### डीपीआर शीघ्र तैयार कर परियोजना को जमीन पर उतारने का निर्णय

### डढ़वा नदी के माध्यम से देवघर तक लाई जाएगी गंगा नदी

नवीन मेल संवाददाता

रांची/नई दिल्ली। श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी की प्रेरणा से आरंभ हुई गंगा नदी को देवघर तक लाने की ऐतिहासिक परियोजना अब निर्णायक मोड़ पर है। यह पहल न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से भी संपूर्ण झारखंड एवं बिहार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। साथ ही, श्रावण मास में जो श्रद्धालु बिहार के सुल्तानगंज से जल लेकर 100 किलोमीटर से अधिक पैदल चलकर झारखंड के देवघर में बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करते हैं, उन्हें भी इस परियोजना के पूर्ण होने पर बहुत राहत मिलेगी। गंगा नदी को डढ़वा नदी के माध्यम से झारखंड के देवघर तक लाने की वर्षों से लंबित परियोजना को गति देने के लिए राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के महानिदेशक (डीजी) बालेश्वर ठाकुर एवं मुख्य अभियंता एनके मांगलिक के कार्यालय आरके पुरम, नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में झारखंड से गए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संयोजक डॉ राधाकृष्ण लाल एवं सहसंयोजक डॉ शूलपाणि सिंह, प्रो मलियज, दीप ज्योति, अमूल्य चंद्र, डॉ दत्त ने किया। डॉ राधाकृष्ण लाल एवं डॉ शूलपाणि सिंह ने बताया कि बैठक में झारखंड जल संसाधन विभाग शेष पेज 11 पर

"गंगा नदी से पाइप के जरिए डढ़वा नदी सहित गोड्डा के कझिया व गेरुआ नदी में पानी लाने की सैद्धांतिक मंजूरी जल शक्ति मंत्रालय द्वारा दी जा चुकी है। राज्य सरकार से भी इसकी स्टडी रिपोर्ट आ गई है। मंगलवार (24 जून) को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से भी मुलाकात हुई है। इन योजनाओं को जल्द धरातल पर उतरने की सहमति मिल गई है। जल्द ही योजना का डीपीआर तैयार कर टेंडर की प्रक्रिया चालू होगी। इस प्रोजेक्ट से डढ़वा नदी में गंगा के पानी का बहाव होगा। साथ ही, देवघर को नया सरकुंडा डैम मिलेगा। इस इलाके में पेयजल सहित सिंचाई के लिए भी पर्याप्त पानी मिलेगा।



- डॉ निशिकांत दुबे, सांसद, गोड्डा

### धार्मिक ही नहीं, सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है परियोजना

रांची। गंगा नदी को देवघर तक लाने की परियोजना धार्मिक ही नहीं, सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

- राज्य सरकार ने नेशनल वाटर डेवलपमेंट एजेंसी को भेजी रिपोर्ट
- गंगा से दो जलाशयों में लिफ्ट पानी डढ़वा नदी में छोड़ा जाएगा

गंगा को देवघर तक लाने की ऐतिहासिक पहल डढ़वा नदी के माध्यम से की जा रही है। इसका उद्देश्य देवघर शहर में पानी की कमी को दूर करना है। यह योजना जल शक्ति मंत्रालय द्वारा शुरू की गई है। इसमें गंगा नदी से पाइपलाइन के जरिए डढ़वा नदी, कझिया और गेरुआ नदियों में पानी लाया जाएगा। इस परियोजना से देवघर शहर को 24 घंटे साफ पानी उपलब्ध कराने और रीवर फ्रंट बनाने का भी लक्ष्य है। इस परियोजना से देवघर शहर में पानी की कमी को दूर करने के साथ-साथ, पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। डढ़वा नदी के किनारे रीवर फ्रंट बनने से शहर की सुंदरता बढ़ेगी। इसके अलावा, देवघर एयरपोर्ट और एम्स को भी पानी मिल सकेगा। यह प्रोजेक्ट देवघर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शेष पेज 11 पर

## रांची के सिल्ली में घर में घुसा रॉयल बंगाल टाइगर

- पीटीआर से आई विशेष टीम ने 14 घंटे बाद किया काबू

नवीन मेल डेस्क

रांची। रांची के सिल्ली प्रखंड की कोचो पंचायत के मारदु गांव में एक घर में घुस आए बाघ को 14 घंटे बाद रेस्क्यू कर लिया गया है। पलामू के बेतला स्थित पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) से पहुंची विशेष टीम उसे घर से निकालकर बुधवार शाम करीब 6:30 बजे पिंजरे में लाने में सफल रही। शेष पेज 11 पर



## लोहरदगा के कुडू में दो उग्रवादी किए गए गिरफ्तार

- 30 हजार नकदी, मोबाइल और मोटरसाइकिल बरामद
- पीएलएफआई के दोनों सदस्य लेवी वसूलने आए थे

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कुडू थाना क्षेत्र में चल रहे एक पुल निर्माण कार्य से लेवी वसूली कर रहे संगठन के दो उग्रवादियों को पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए उग्रवादियों की पहचान खूंटी निवासी निखिल मुंडा उर्फ पिंटू और सुनील सांगा के रूप में किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लेवी के 30 हजार रुपए नकद, एक मोबाइल फोन और एक बजाज पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। शेष पेज 11 पर

## अपराधियों ने केरेडारी में दो युवकों को गोली मारी, दहशत

- दोनों गंभीर रूप से घायल, एक के सीने के पास लगी है गोली

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। जिले के केरेडारी सीकरी ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत पतरा पुल के पास दिनदहाड़े फायरिंग की सनसनीखेज घटना से बुधवार को क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। अज्ञात हमलावरों द्वारा की गई गोलीबारी में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक के सीने के पास गोली लगने की सूचना है। दोनों बड़कागांव प्रखंड के लुरुंगा गांव के रहने वाले बताए जाते हैं। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक अपने गांव में शूकर फॉर्म चलाते हैं। घटना की जानकारी मिलते ही केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार और सीकरी ओपी के एसआई संजीव कुमार पांडे मौके पर पहुंचे। शेष पेज 11 पर

## ईरानी नहीं करेगा आईएईए के साथ सहयोग, बिल पारित

तेहरान (आईएएनएस)। ईरानी संसद ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ सहयोग निलंबित करने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी। ईरान की अर्ध-सरकारी मेहर समाचार एजेंसी ने यह रिपोर्ट दी है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

केंद्रीय कैबिनेट का फैसला

## झरिया के लिए संशोधित मास्टर प्लान को मंजूरी

- अवैज्ञानिक तरीकों का उपयोग कर कोयला खनन से पैदा हुआ संकट

नई दिल्ली (हि.स.)

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को कोयले के गलत खनन से संकट का सामना कर रहे झरिया के पुनर्वास से जुड़े मास्टर प्लान में संशोधन को मंजूरी प्रदान की है। संशोधित योजना पर कुल 5,940 करोड़ 47 लाख रुपए का वित्तीय परिव्यय आएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने 'संशोधित झरिया मास्टर प्लान (जेएमपी)' को मंजूरी दी। झरिया कोयला क्षेत्र में कई परिवार आग, भू-धंसाव तथा अन्य समस्याओं से प्रभावित हैं।

केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के प्रस्तावों की राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योजना के चरणबद्ध कार्यान्वयन से आग तथा धंसाव से निपटने तथा प्राथमिकता पर प्रभावित परिवारों को अत्यंत विकट स्थलों से सुरक्षित पुनर्वास सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि कोयला कंपनियों के राष्ट्रीयकरण से बहुत पहले कई वर्षों तक अवैज्ञानिक तरीकों का उपयोग करके खनन किया जाता था। इससे दशकों से पूरे झरिया क्षेत्र में भूमिगत आग जल रही है। इससे स्थानीय निवासियों को बहुत परेशानी हो रही है। आग की लपटें अक्सर जमीन से ऊपर उठती हैं और अक्सर जमीन में धंस जाती हैं।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि संशोधित जेएमपी योजना में पुनर्वासित परिवारों की स्थायी आजीविका के साधन सृजित करने पर जोर दिया गया है। पुनर्वासित परिवारों की आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए विशेष कौशल विकास और रोजगार परक उपाय किए जाएंगे। एक लाख रुपए शेष पेज 11 पर

इंडिया

# जबरन नसबंदी, भय भरा अनुशासन और ईमानदारी वाला आपातकाल

50 साल बीत गए और दो पीढ़ियों के बाद 25 जून, 1975 फिर से चर्चा में है पीएम मोदी सहित कैबिनेट ने दो मिनट का मौन रखकर आपातकाल के मृत और पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी, यह संविधान हत्या दिवस के देशव्यापी आयोजन के अलावा था । दूसरी ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा है कि '11 साल से देश में अघोषित आपातकाल है।' आज की युवा पीढ़ी तब के आपातकाल की स्थितियों पर गूगल पर सर्च कर रही है और सोशल मीडिया पर आरोप-प्रत्यारोप के बीच एक बात सबसे कम चर्चा में है कि तब नागरिक अधिकारों को भले छीन लिया गया था पर देश की भ्रष्ट सरकारी व्यवस्था मारे भय के सुधर गई थी सभी कार्यालय समय पर खुलते,बिहार में घूसखोरी बंद हो गई थी और ट्रेनों तक का परिचालन समय पर होने लगा था जबकि जबरन नसबंदी का ऐसा भय फैला था कि लोग यात्रा तक करने से डरने लगे थे क्योंकि चर्चा थी कि कुछ अविवाहितों की भी नसबंदी करा दी गई थी । आरोप प्रधानमंत्री के बेटे संजय गांधी पर लगे थे हालांकि वे किसी आधिकारिक पद पर नहीं थे पर उन्होंने आंतरिक सुरक्षा अधिनियम (मीसा) के तहत मोरारजी देसाई, अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी सहित 600 से अधिक दिग्गज विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार कराया। सीएम बंसीलाल की हरियाणा पुलिस दिल्ली में छापेमारी कर राजनेता, पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ताओं को निशाने पर लिया। गिरफ़्तारियों की खबर दबाने के लिए दिल्ली के प्रिंटिंग प्रेस की बिजली काटने के आदेश जारी किए, जिससे कई अखबारों का प्रकाशन ही नहीं हो पाया।25 जून को सरकार ने डिफेंस ऑफ़ इंडिया रूल्स लागू किया और संपादकों को 'दिशानिर्देश' दिया गया- कोई आलोचना नहीं, कोई अशांति की रिपोर्ट नही। थोड़े समय तक विरोध जताने के बाद मीडिया ने सरकार की बात मान ली।बीजेपी नेता आडवाणी ने इस नतमस्तक होने पर एक टिप्पणी की थी, जो बड़ी प्रसिद्ध हुई- "जब उनसे झुकने के लिए कहा गया, तो वे रेंगने लगे।"प्रतिरोध के सिर्फ कुछ ही झंडे लहरा रहे थे। 30 जून तक केंद्रीय सेंसरशिप समिति ने सरकार की सख्त नीति तक हर प्रकाशन की छानबीन शुरू कर दी। 27 जून को एक अध्यादेश से संविधान प्रदत्त सुरक्षा बंदी प्रत्यक्षीकरण (हबीज कॉरपस) निरस्त हो गई इंडिया टुडे के अनुसार 1976 के मध्य तक 100,000 कैदी तिहाड़ और बैंगलोर सेंट्रल जैसी जेलों में सड़ रहे थे, जिन्हें कानूनी सहायता नहीं मिल पा रही थी। दिल्ली के तुर्कमान गेट से शुरू हुए झुग्गी-झोपड़ियों को हटाने के अभियान ने सैकड़ों लोगों को विस्थापित कर दिया गया। जगमोहन द्वारा संचालित इस विध्वंस अभियान ने संजय को आधुनिक शाहजहां का नाम दिया।इस दौरान संजय गांधी का सपना देश की बढ़ती आबादी को कंट्रोल करना था। पूरे भारत में जबरन नसबंदी शुरू हुई, जिसमें सरकार ने कोटा तय किया। जिसके तहत सरकारी कर्मचारियों और ग्रामीणों को मजबूर किया गया। डॉक्टरों को अभियान के लिए एक आकर्षक नारा दिया गया था- "जनसंख्या अनुशासन।"1976-77 के दौरान लगभग 62 लाख से एक करोड़ दस लाख नसबंदी की गई। इसमें से अधिकतर पुरुष थे। लेकिन इस कार्यक्रम में खूब जबरदस्ती हुई।उत्तर प्रदेश में इसके लिए शिविर लगाए गए। इन नसबंदी शिविरों में रोजाना हजारों नसबंदी किए गए। कुछ रिपोर्टों के अनुसार प्रतिदिन 5,500 से ज़्यादा नसबंदियां हुई।टारगेट पूरा न होने पर शिक्षकों, स्वास्थ्य कर्मियों और ग्रामीणों को वेतन कटौती जैसे दंड का सामना करना पड़ा। कुछ मामलों में पुलिस ने कथित तौर पर पुरुषों को, अविवाहित या निःसंतान पुरुषों तक को पकड़ा और उनकी जबरन नसबंदी कर दी। हड़बड़ी में हुई नसबंदी के कारण संक्रमण हुए और कुछ लोग मरे भी। संजय गांधी की राजनीतिक सचिव रुखसाना सुल्ताना इस दुःस्वप्न का प्रतीक बन गई। अपने बड़े काले चश्मे और स्टाइलिश सूट के लिए चर्चित सुल्ताना ने जामा मस्जिद के पास पुरानी दिल्ली के दुजाना हाउस में एक कुख्यात नसबंदी केंद्र चलाया। सरकारी बयानों के अनुसार अपनी मुस्लिम पहचान का लाभ उठाते हुए सुल्ताना ने 15,000 लोगों को इस प्रक्रिया के लिए प्रेरित किया। पत्रकार ख्वाजा अहमद अब्बास ने लिखा है कि जनसंख्या नियंत्रण में उनकी भूमिका के लिए उन्हें प्रोत्साहन के रूप में 84,000 रुपये का भुगतान किया गया था।उस दौर में सुल्ताना अपार शक्तियों की स्वामिनी थी। अब्बास एक घटना का वर्णन करते हैं जब एक टॉप पुलिस अधिकारी उनके इंतजार खड़ा था और सुल्ताना पुरानी दिल्ली में डिनर कर रही थीं।रुखसाना सुल्ताना बुटीक मालकिन और सामाजिक कार्यकर्ता थीं। संजय गांधी ने रुखसाना को पुरानी दिल्ली के संवेदनशील क्षेत्र में नसबंदी को प्रोत्साहन देने का जिम्मा सौंपा, जहां उन्होंने हजारों पुरुषों की नसबंदी कराने में योगदान दिया। उन्होंने पुरानी दिल्ली क्षेत्र, विशेष रूप मुस्लिम बहुत इलाकों में इस अभियान को सख्ती से लागू करवाया।उनकी भूमिका विवादों में घिरी रही। इसकी प्रतिक्रिया में 1977 में इंदिरा गांधी चुनाव हार गई, खासकर उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे उत्तरी राज्यों में अभियान सबसे उग्र था। यहां कांग्रेस पार्टी का वोट प्रतिशत गिर गया और "नसबंदी" शब्द आपातकालीन ज्यादतियों का पर्याय बन गई थी।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



## कांग्रेस की सत्ता की भूख का परिणाम था देश में आपातकाल : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** आपातकाल के 50 वर्ष होने पर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि आपातकाल कांग्रेस की सत्ता की भूख का परिणाम था। 25 जून 1975 को भारत के इतिहास में एक काला अध्याय लिखा गया, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लागू कर लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों को कुचल दिया। आज जब राहुल गांधी संविधान बचाओ की बात करते हैं तो यह हास्यास्पद लगता है। श्री महतो ने कहा कि आपातकाल वह दौर था जब नागरिकों के मौलिक अधिकारों को छीन लिया गया, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर ताला लगा दिया गया और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया गया। सुदेश महतो ने इस घटना को भारतीय लोकतंत्र पर एक गहरा आघात बताया, जिसने देश की जनता को मजबूर और असहाय बना दिया। श्री महतो ने कहा कि तत्कालीन सरकार ने अपनी शक्ति को बनाए रखने के लिए लोकतंत्र की आत्मा को दबाने का प्रयास किया। प्रेस पर सेंसरशिप, विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी और संवैधानिक अधिकारों का हनन उस दौर की सबसे दुखद तस्वीर थी। उन्होंने कहा कि यह समय हमें याद दिलाता है कि लोकतंत्र कितना नाजुक हो सकता है, और इसे संरक्षित करने के लिए हमें सतर्क और संगठित रहना होगा।

### लोकतंत्र की रक्षा की आवश्यकता : डॉ भगत

मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि आपातकाल ने देश के युवाओं और सामान्य नागरिकों को यह सिखाया कि सत्ता का दुरुपयोग कितना खतरनाक हो सकता है। झारखंड जैसे राज्य, जहां लोग अपनी पहचान और अधिकारों के लिए लंबे समय से संघर्ष करते रहे हैं, वहां लोकतंत्र की रक्षा करना और भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने आपातकाल के दौरान जेल में बंद उन नेताओं और कार्यकर्ताओं को याद किया, जिन्होंने लोकतंत्र की बहाली के लिए संघर्ष किया।

### जेपी आंदोलन ने संघर्ष के लिए प्रेरित किया : प्रभाकर

झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि 1975 की थोड़ी बहुत यादें उनके जेहन में हैं, क्योंकि वह उस वक्त 7 वर्ष के थे और दुमका में आंदोलनकारियों का जुलूस निकलता देख प्रेरित होते थे। आपातकाल में उनके पिता को दुमका और मामा को रांची में बिना कारण गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने वर्तमान संदर्भ में आपातकाल से सीख लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### मुख्य सचिव अलका तिवारी ने उपायुक्तों के साथ की समीक्षा, कहा

# जल जीवन मिशन की सफलता में सभी डीसी लीडरशिप दें

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** हर घर नल से जल को लेकर चल रहे जल जीवन मिशन की झारखंड में वर्तमान स्थिति को लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार को समीक्षा हुई। समीक्षा के दौरान मिशन के आड़े आ रही समस्याओं का समाधान निकालने की कोशिश की गई। वर्चुवल माध्यम से जुड़े तमाम जिले के उपायुक्तों को मुख्य सचिव ने मिशन के सुचारू क्रियान्वयन में लीडरशिप देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मिशन के कार्यों में समन्वय स्थापित करने के लिए सक्रिय सहभागिता निभाएं। इसकी नियमित समीक्षा करें। इलाके के मुखिया के साथ नियमित अंतराल पर बैठक करें। इससे इलाके की अच्छी जमीनी जानकारी मिलेगी। इस फीडबैक का उचित उपयोग करें। उन्होंने कहा कि अधूरा कार्य और पूरा भुगतान का मामला सामने आने पर उसे गंभीरता से लें। उसकी जांच कराएं और समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### मिशन की देखरेख के लिए हर जिले में होंगे दो इंजीनियर

उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिया कि वे जब भी किसी काम से फील्ड में जाएं, तो वहां के जल जीवन मिशन के कार्यों को जरूर देखें। उसका आकलन करें और जरूरत पड़ने पर मौके पर ही समस्या का समाधान करें। जल जीवन मिशन की सफलता के लिए सभी उपायुक्तों को दो कमिटेड इंजीनियर दिये जा रहे हैं। वे उपायुक्तों के अधीन कार्य करेंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि उनका टेक्निकल सेल बना कर पूरा काम लें। रोज उन्हें काम सौंपे और उसकी रिपोर्ट लें।

### एजेंसी के जिम्मे है पांच साल तक रख-रखाव का जिम्मा


मुख्य सचिव ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत कार्यकारी एजेंसी को पांच साल तक रख-रखाव की जिम्मेदारी तय है। इस कारण छोटी-मोटी समस्या के समाधान में देरी नहीं होनी चाहिये। जो एजेंसी इसमें विफल रहती है, उसके खिलाफ प्रस्ताव दें, उसका निराकरण मुख्यालय स्तर से यथाशीघ्र होगा। वहीं निर्देश दिया कि प्रशासनिक स्तर की बाधा को डीसी प्राथमिकता के स्तर पर अपनी लीडरशिप में दूर कराएं।

### 2028 तक सभी घरों में नल से जल पहुंचाना है

बताते चलें की 15 अगस्त 2019 को सभी ग्रामीण घरों, स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में नल से जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन की शुरुआत हुई थी। दिसंबर 2028 तक इस योजना के तहत कार्य संपन्न करना है। इसके तहत अब तक झारखंड में 97,535 योजनाएं ली गई हैं। उनमें से 56,332 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। 24,781 योजनाएं ग्राम समिति को सुपुर्द की जा चुकी ही। बाकी बची योजनाओं को ग्राम समिति को सुपुर्द करने की कार्रवाई की जा रही है। बताते चलें कि झारखंड में 29,398 गांव हैं। उनमें से 6963 गांवों को पूर्णत: नल के जल से जोड़ा जा चुका है। झारखंड के गांवों में 62,54,059 घर हैं। उनमें से 34,42,332 घरों में नलका से पानी आपूर्ति की जा रही है।

## न्यूज बॉक्स

### गणेश रेड्डी यूएनजीसीएनआई के सचिव नियुक्त



**रांची।** गणेश रेड्डी को 2025-27 के कार्यकाल के लिए यूएन ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया (यूएनजीसीएनआई) में गवर्निंग काउंसिल के सचिव के रूप में चुना गया है। वह सिटिज़न्स फ़ाउंडेशन के संस्थापक और सीईओ भी हैं। वह पहले यूएनजीसीएनआई के संयुक्त सचिव और प्रशासन समिति के सदस्य (2023-25) रह चुके हैं।

### 400 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार





**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत अशोक कुंज, कश्यप विहार स्थित एक किराये के मकान से दो युवकों को 400 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उस इलाके में कुछ संदिग्ध युवक नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना के आधार पर सिटी एसपी के निर्देश पर हटिया डीएसपी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। इसके तहत नवनीत कुमार विश्वास के किराये के मकान पर विधिवत छापामारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दिनेश कुमार राम और शिवम कुमार को 400 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया। इस मामले में तीन अन्य नामजद आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### अफीम की खेती के विरुद्ध कार्यशाला आज

**रांची।** गुरुवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे से पशुपालन भवन, हटिया स्थित सभागार में अफीम की खेती के विरुद्ध वैकल्पिक खेती/ बागवानी/ वन रोपण को प्रोत्साहित करने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में खूंटी,रांची, चतरा,पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला- खरसावाँ,लातेहार, पलामू तथा हजारीबाग जिले से मुखिया/ पंचायत प्रतिनिधि भाग लेंगे।

### आपातकाल में संविधान को कुचलने की कोशिश की गई थी : सूरज मंडल



**नई दिल्ली/रांची।** आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर संपूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच और लोकनायक जयप्रकाश अंतरराष्ट्रीय अध्ययन विकास केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को संविधान क्लब में जेपी सेनानी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देशभर से लोकतंत्र सेनानी जुटे और आपातकाल की विभीषिका को याद करते हुए वर्तमान संदर्भों में लोकतंत्र की चुनौतियों पर संवाद किया। कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान जेल गए लोकतंत्र सेनानियों को समान पेंशन एवं सम्मान की मांग पर प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नाम पर एक अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय की स्थापना की मांग भी प्रमुखता से उठी। मौके पर पूर्व सांसद सूरज मंडल ने कहा कि आजादी के बाद देश को जो संविधान मिला, उसे आपातकाल में कुचलने की कोशिश की गई थी। लेकिन देश की जनता ने जिस तरह से प्रतिरोध किया, वह इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। लोकतंत्र सेनानियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और अधिकार मिलना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में सत्यनारायण जटिया, विजय गोयल, सूरज मंडल, सूर्याकांत केलकर, सुनील देवधर, अंशुमान जोशी, सुधांशु रंजन और सुधाकर सिंह के अलावा विभिन्न राज्यों से आए लोकतंत्र सेनानी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

### इंस्पेक्टर से डीएसपी प्रमोशन मामले जवाब दाखिल करने का निर्देश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में इंस्पेक्टर से डीएसपी में प्रमोशन की सीनियरिटी लिस्ट को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। वहीं अदालत ने यह भी कहा है कि इस याचिका पर सुनवाई के बाद अदालत का जो भी निर्णय आएगा उससे प्रमोशन प्रभावित होगा। दरअसल पंकज भूषण एवं अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि जेपीएससी को भेजी गई सीनियरिटी लिस्ट सही नहीं है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने बहस की। उल्लेखनीय है कि झारखंड पुलिस में जल्द 64 इंस्पेक्टर स्तर के पुलिस पदाधिकारियों को डीएसपी (उप पुलिस अधीक्षक) पद पर प्रोन्नति किया जाना है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में फाइल जेपीएससी को भेज दी है। प्रोन्नति प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए जल्द ही बोर्ड की बैठक आयोजित की जाएगी।

### झारखंड पुलिस मुख्यालय में शिकायत कोषांग समिति का पुनर्गठन




**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में शिकायत कोषांग समिति का पुनर्गठन हुआ है। डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश पर आईजी नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में इस समिति का गठन किया गया है। इसमें आईजी नरेंद्र सिंह अध्यक्ष और डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा, अमित रेणु और अवर सचिव (कार्मिक) सदस्य है।

### मेन रोड दंगा के आरोपी महबूब को अग्रिम बेल देने से हाईकोर्ट का इनकार




**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने साल 2022 में रांची के मेन रोड पर हुए दंगा मामले में आरोपी महबूब आलम को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। बुधवार को हुई सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति आनंद सेन की अदालत ने उसकी अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया।

**जून 2022 में जुमे की नामाज के बाद हुआ था उपद्रव :** गौरतलब है कि 10 जून 2022 को जुमे की नमाज के बाद रांची के मेन रोड इलाके में उपद्रव, पत्थरबाजी और गोलीबारी की घटना हुई थी। इस घटना के बाद डेली मार्केट थाना में बड़ी संख्या में लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में हजारों लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। महबूब आलम को भी इसी मामले में आरोपी बनाया गया है, जिसको लेकर उन्होंने अग्रिम जमानत की मांग की थी। लेकिन हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के बाद उसे खारिज कर दिया।

## जेपी के आह्वान से भयभीत इंदिरा गांधी ने लगाया था आपातकाल : कर्मवीर सिंह

### 21 महीनों तक नहीं हुई थी कोई राजनीतिक जनसभा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने बुधवार को संविधान हत्या दिवस पर लोकनायक जयप्रकाश नारायण को याद किया। प्रदेश कार्यालय में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। सिंह ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले से इंदिरा गांधी की सांसद के रूप में सदस्यता समाप्त हो चुकी थी। उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए था। लेकिन, इंदिरा गांधी ने न सिर्फ न्यायालय के आदेश की अवमानना की, बल्कि देश के संविधान को ही कुचल डाला। कर्मवीर सिंह ने कहा कि 25 जून को दिल्ली के रामलीला मैदान में देश भर से जुटे लाखों लोकतंत्र सेनानियों को संबोधित करते हुए जेपी ने आह्वान किया था कि सिंहासन खाली करो कि जनता आती है। लेकिन, आधी रात को देश में एक काले अध्याय की शुरुआत हुई।

### शिबू सोरेन से अस्पताल में जाकर मिले राज्यपाल



रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन से गुरुवार को दिल्ली स्थित गंगाराम अस्पताल में भेंट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। वहीं चिकित्सकों से उनके उपचार की प्रगति के संबंध में चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि मैं ईश्वर से उनके शीघ्र पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## बांग्लादेशी युवती निपाह अख्तर को अदालत ने किया बरी

### चार महीने जेल में काटने के बाद मिली राहत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के न्यायिक दंडाधिकारी पीके वर्मा की अदालत ने बुधवार को एक अहम फैसले में बांग्लादेशी युवती निपाह अख्तर उर्फ खुशी को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। निपाह पर भारत में अवैध रूप से घुसपैठ करने और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रहने का आरोप था। सुनवाई के दौरान आरोपी निपाह को हजारीबाग से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। बचाव पक्ष की ओर से डालसा के एलएडीसी अधिवक्ता बीरेंद्र प्रताप ने प्रभावशाली पैरवी की।

थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद, निपाह अख्तर पर ही अपराध में संलिप्तता का आरोप लगाकर जेल भेज दिया गया। उसने करीब चार महीने जेल में बिताए, जिसके बाद उसे जमानत मिली।

**अदालत का फैसला :** मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने कहा कि निपाह अख्तर के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे यह साबित हो सके कि उसने जानबूझकर भारत में अवैध प्रवेश किया था या अपराध में संलिप्त थी। ऐसे में अदालत ने उसे संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

**अन्य आरोपी अब भी फरार :** इस मामले में नामजद अन्य दो आरोपी — पायल दास उर्फ निम्पी बरुआ और अनिका दत्ता उर्फ शर्मिन अख्तर — अब तक फरार हैं, और उनके खिलाफ प्रक्रिया अलग कर दी गई है।

### मामला क्या था?

31 मई 2024 को बरियातू थाना के तत्कालीन प्रभारी सुरेश कुमार मंडल ने निपाह अख्तर उर्फ खुशी, पायल दास उर्फ निम्पी बरुआ, और अनिका दत्ता उर्फ शर्मिन अख्तर के खिलाफ अवैध रूप से सीमा पार करने और फर्जी दस्तावेजों के ज़रिए भारत में बसने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के अनुसार, निपाह को बांग्लादेश से ब्यूटी पार्लर में काम दिलाने के बहाने कोलकाता लाया गया, और फिर एक दलाल द्वारा कार से रांची लाया गया।

## कोयलांचल विवि में हो जनजातीय भाषा की पढाई : डॉ लंबोदर

**नवीन मेल संवाददाता**



● पूर्व विधायक ने राज्यपाल संतोष गंगवार को लिखा पत्र

**रांची।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर झारखंड की क्षेत्रीय तथा जनजातीय भाषा यथा कुरमाली, संथाली एवं खोरठा की पढ़ाई शुरू करने की मांग की है। उन्होंने राज्यपाल को इस बात से अवगत कराया है कि इस विश्वविद्यालय के 2017 में स्थापना के बाद अब तक कुरमाली, संथाली खोरठा जैसी जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई यहां के अंगीभूत महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर तक आरंभ नहीं की गई है सिर्फ कुछ संबद्ध (एफिलिएटेड) महाविद्यालय में इसकी पढ़ाई की सामान्य व्यवस्था है। दूसरी तरफ स्नातकोत्तर पर टीआरएल का विभाग तक खोला नहीं गया है। इस कारण यहां के बहुत से छात्र- छात्राएं एवं शोधार्थी स्नातकोत्तर की पढ़ाई आरंभ नहीं होने से परेशान है, मायूस है और भटक रहे हैं। विशेष कर यहां की छात्राओं को इन भाषाओं की पढ़ाई छोड़ने को विवश होना पड़ रहा है। उन्होंने राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में इस बात की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है कि राज्य के रांची विश्वविद्यालय, कोल्हान विश्वविद्यालय, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय आदि में क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषा की पढ़ाई स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर तक हो रही है पर बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय इन भाषाओं के अध्ययन अध्यापन से दूर है।

## 4 इंस्पेक्टर और 7 सब इंस्पेक्टर का तबादला

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने राज्य के विभिन्न जिलों में पदस्थापित 11 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। इनमें चार इंस्पेक्टर और सात सब-इंस्पेक्टर शामिल हैं। डीजीपी के आदेश पर डीआईजी (कार्मिक) ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी की है। पाकुड़ जिला बल में सबसे अधिक छह पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग की गई है।

### किस पुलिस पदाधिकारी की कहां हुई पोस्टिंग

- **पाकुड़ जिला बल** : इंस्पेक्टर बबलू कुमार, इंस्पेक्टर मदन शर्मा, सब इंस्पेक्टर अजय कुमार उपाध्याय, सब इंस्पेक्टर विनय कुमार, सब इंस्पेक्टर गौरव कुमार और सब इंस्पेक्टर बलबंत दुबे
- **साहेबगंज :** इंस्पेक्टर संतोष कुमार और सब-इंस्पेक्टर प्रकाश रंजन
- **जमशेदपुर :** इंस्पेक्टर अजय कुमार ठाकुर
- **चाईबासा :** सब-इंस्पेक्टर नवीन कुमार
- **चतरा :** सब-इंस्पेक्टर अमित कुमार सिंह

## नैरोबी में प्रवासी भारतीयों के साथ संजय सेठ ने किया संवाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केन्या प्रवास के दौरान नैरोबी में प्रवासी भारतीयों के साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने संवाद किया। श्री सेठ ने दुनिया भर में रह रहे भारतवंशियों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को इनके साथ साझा किया। आतंकवाद को लेकर भारत के जीरो टॉलरेंस की स्पष्ट नीति और अटूट प्रतिबद्धता से इन्हें अवगत कराया।

प्रधानमंत्री के नए भारत के लक्ष्य और दृष्टिकोण को रेखांकित किया और भारत की परिवर्तनकारी विकास यात्रा और उपलब्धियों से इन्हें अवगत कराया। भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि और इसके उभरते वैश्विक नेतृत्व पर प्रकाश डाला। विकसित भारत 2047 सिर्फ भारत का नहीं, बल्कि दुनियाभर में रह रहे हर भारतीय का संकल्प है। इस संकल्प को साकार करने के लिए इनसे भी सहयोग का आग्रह किया। कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से यह स्पष्ट दिखा कि भारत से इनका जुड़ाव और जड़ें, दोनों ही भावनात्मक रूप से मजबूत हैं। इस संवाद कार्यक्रम ने केन्या में भारतीय समुदाय के भारत के साथ स्थायी सांस्कृतिक और भावनात्मक संबंधों को भी जीवंतता प्रदान की। इस अवसर पर केन्या में भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त सुशील प्रसाद, उच्चायोग के अधिकारी, केन्या में प्रतिष्ठित भारतीय संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### भारतीय समुदाय ने सेठ को किया सम्मानित

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को एंटानानारिवो में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित भारतीय समुदाय के स्वागत समारोह में भाग लिया। अपने संबोधन के दौरान, मंत्री ने आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने भारत में हाल के घटनाक्रमों के बारे में भी उपस्थित लोगों को जानकारी दी, जिसमें पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश के तेजी से हो रहे आर्थिक परिवर्तन पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने नया भारत के विजन को साझा किया और वैश्विक विकास के प्रमुख चालक के रूप में भारत के उभरने को रेखांकित करते हुए, विकसित भारत 2047 के रोडमैप पर विस्तार से बताया। मंत्री ने मेडागास्कर में भारतीय समुदाय को भारत-मेडागास्कर साझेदारी को और मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।

**औद्योगिक विकास** झारखंड चैंबर और वियतनाम के वीएएफआईई के बीच द्विपक्षीय बैठक

# वैश्विक निवेश सहयोग की दिशा में अहम पहल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल बुधवार को वियतनाम की राजधानी हनोई में वियतनाम एसोसिएशन ऑफ़ फॉरेन इन्वेस्टेड इंटरप्राइजेज के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। यह बैठक वियतनाम के अंतरराष्ट्रीय दौरे के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य भारत और वियतनाम के बीच व्यापारिक संबंधों को सुदृढ़ करना तथा झारखंड राज्य में विदेशी निवेश को आकर्षित करना था।

बैठक के दौरान दोनों पक्षों के बीच झारखंड के प्राथमिक क्षेत्रों यथा खनिज, कृषि-प्रसंस्करण, मैन्युफैक्चरिंग, एनर्जी और टूरिज्म क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके साथ ही, आपसी हितों एवं संभावित विकास के क्षेत्रों की पहचान करने और सहयोग को सुदृढ़ करने के तरीकों पर विचार किया गया। प्रतिनिधिमंडल द्वारा झारखंड की आर्थिक क्षमता, संसाधनों और निवेश अनुकूल वातावरण की जानकारी साझा की गई जिसे वेफी के अधिकारियों ने सराहा। बैठक के अंत में दोनों संगठनों ने विस्तृत प्रस्तावों के आदान-प्रदान और भविष्य में सहयोग को औपचारिक रूप देने हेतु एक समझौता ज्ञापन तैयार करने की सहमति बनी।

बैठक में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, शैलेष अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, रंजीत गाडोदिया, सदस्य कमल सिंघानिया, निरंजन शर्मा, अरूण भरतीया, मनोज मिश्रा, चंद्रप्रकाश ढेलिया, राजीव अग्रवाल, संजय अग्रवाल, विकास मोदी, विशाल वधवानी, सुमित कक्कड के अलावा वेफी के वाइस चेयरमैन गुयेन नोइ, जनरल सेक्रेटरी हाबा तुयान, डिप्टी सेक्रेटरी जनरल गुयेन थी मिन्ह शामिल थे।

### द्विपक्षीय व्यापार के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद

चैंबर अध्यक्ष ने कहा की यह बैठक झारखंड के लिए वैश्विक व्यापारिक मंचों से जुड़ने और अंतरराष्ट्रीय निवेश को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। हमें विश्वास है कि यह साझेदारी राज्य के औद्योगिक विकास को नई गति देगी। वेफी के चेयरमैन डॉ गुयेन एन त्वां ने भी भारत के साथ साझेदारी को लेकर उत्साह प्रकट किया और द्विपक्षीय व्यापार के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद जताई। महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि झारखंड चैंबर की यह पहल न केवल झारखंड के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक सिद्ध होगी।

### पैनम कोल के खिलाफ पीआईएल पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची।** पैनम कोल माइंस के द्वारा अवैध खनन किए जाने की सीबीआई जांच और विस्थापितों के पुनर्वास की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। बुधवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने कोर्ट को यह बताया कि पैनम के विरुद्ध उठाए गए, अब तक की कानूनी कदमों की विस्तृत जानकारी कोर्ट को आज दे दी जाएगी। जिसके बाद हाईकोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 10 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की बेंच इस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है। दरअसल पैनम माइंस नाम की कंपनी को वर्ष 2015 में सरकार ने पाकुड़ और दुमका जिले में कोयला खनन का लीज दिया था।

# 17 साल बाद भी नहीं जागा प्रशासन जलजमाव से त्रस्त पंचशील नगरवासी

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** वर्ष 2008 में पंचशील नगर के लोग नाले के जमीन को अतिक्रमण किए जाने की सूचना नगर निगम को दिए थे। कारवाई नहीं होने पर लगातार आवेदन दिए तब जाकर निगम की कुंभकरणी नींद टूटी थी और अतिक्रमणकारियों को नोटिस भेजा गया था। उस समय अवैध निर्माण ठीक शुरू ही हुई थी आज यह अंतिम चरम पर है। पंचशील चौक पर भारी जलजमाव होता है जिससे एनएच 75 बंद हो जाता है और वाहनों की लंबी कतारें रातू रोड से पंडरा तक लग जाती है। छोटे वाहनों पर शामत आ जाती है। सड़क पार होना दुस्वार हो जाता है। गाड़ी बाढ़ के पानी में फंस जाती है कई लोग बहते बहते बचे थे। बरसात के समय में स्थानीय दुकानदारों की रोजी-रोटी पर खतरा उत्पन्न हो जाता है। पंचशील नगर, शाहदेव नगर, राधा नगर, शांति नगर क लोग अपने घरों निकल नहीं पाते हैं। वहीं बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं। उनकी परीक्षा बाधित होती है। अचानक घरों में पानी जमा होने से जहां घरेलू जरूरत की वस्तुओं के अभाव में जीना होता है वहीं घरों में बीमार लोगों को दवाएं उपलब्ध नहीं हो पाती है। बच्चे, बूढ, महिलाएं, नौजवान, बीमार घर के प्रत्येक सदस्य प्रभावित होते हैं। ऐसी कहानी हर घर की है। मुहल्लेवासी निराश हैं कि 17 साल बाद भी प्रशासन ने कारवाई नही की है।




- **2008 में सूचना :** पंचशील नगर के लोगों ने नाले की जमीन पर अतिक्रमण की सूचना नगर निगम को दी थी।
- **प्रशासनिक उदासीनता :** वर्षों तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, कई बार आवेदन देने के बाद जाकर नोटिस भेजा गया।
- **अवैध निर्माण चरम पर :** शुरू में रोकी जा सकने वाली निर्माण अब पूर्ण रूप से विकसित हो चुके हैं।
- **जलजमाव की विकट स्थिति :** पंचशील चौक पर भारी जलजमाव से एनएच-75 बंद हो जाता है।
- **यातायात ठप :** रातू रोड से पंडरा तक वाहनों की लंबी कतार लग जाती है।
- **दुकानदारों की रोज़ी-रोटी पर संकट :** बरसात के मौसम में दुकानों तक ग्राहक नहीं पहुंच पाते।
- **आवागमन में भारी परेशानी :** बच्चे, बूढ़े, महिलाएं घरों से बाहर नहीं निकल पाते, स्कूल व परीक्षाएं प्रभावित।
- **बीमारों की परेशानी :** घरों में अचानक पानी घुसने से दवाइयां और अन्य जरूरी चीजें नहीं मिल पातीं।

## राष्ट्रीय नवीन मेल इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है

राष्ट्रीय नवीन मेल इस विषय को प्रमुखता से लगातार उठाता आ रहा है जिसके बाद जिला प्रशासन हरकत में आया और अतिकमित जमीन की मापी हुई। मापी में पाया गया कि खाता नंबर 210 के प्लॉट नंबर 1075 पर अवैध मकान-दुकान बनाया गया है जिसके बाद चार अतिक्रमण कारियों को हेहल अंचल ने नोटिस भेजा कि तीन दिनों के अंदर अपने जमीन की कागजात दिखाएं। नोटिस का असर हुआ, सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है कि हेहल अंचल के द्वारा की गई नापी को अतिक्रमण कारियों ने गलत बताया उनका कहना है कि उन्होंने खाता नबर 51 के प्लॉट नंबर 1076 पर अपना मकान- दुकान बनाया है। वहीं विभाग ने उन्हें बताया कि प्लॉट नंबर 1075 और 1076 दोनों पर मकान दुकान बने हैं जिसमें 1075 प्लॉट नाले का है और अतिक्रमित है।




## डीपीएस में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# छात्रों ने नशे से होने वाले दुष्प्रभावों को जाना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) रांची ने झारखंड शिक्षा परियोजना एवं चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सिनी) के सहयोग से नशा और मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों पर एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम छात्रों को नशे के मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और तंत्रिका संबंधी प्रभावों तथा समझदारी से जीवन के निर्णय लेने के महत्व को समझाने का एक सशक्त मंच बना।कार्यक्रम में दो विशिष्ट विशेषज्ञों सिनी के शुभदीप अधिकारी व रिनपास में पीएचडी शोधार्थी संगीता ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की शुरुआत नाटक "नशा छोड़ो, जीवन अपनाओ" से हुई, जिसे वार्ड संख्या 28, मधुकम के स्लम क्षेत्र के बच्चों ने प्रस्तुत किया। इस नाटक में नशे की विनाशकारी राह और उद्देश्यपूर्ण जीवन के चयन की महत्ता को दर्शाया गया, जिसने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। इसके पश्चात एक क्विज सेशन आयोजित किया गया, जिसने छात्रों की नशे से संबंधित जानकारी को परखा और बढ़ाया। इस इंटरैक्टिव प्रारूप ने छात्रों को सक्रिय रूप से भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया और उन्हें मुख्य तथ्यों से अवगत कराया। इसके बाद एक डॉक्युमेंट्री दिखाई गई जिसमें नशे की लत और पुनर्प्राप्ति की सच्ची कहानियाँ दिखाई गई। इस दृश्य प्रस्तुति ने छात्रों पर गहरा प्रभाव डाला और सहानुभूति के साथ जागरूकता भी बढ़ाई। एक संवादात्मक सत्र में छात्रों ने अपने विचार साझा किए और प्रश्न पूछे। एक महत्वपूर्ण चर्चा पर्चे पर मिलने वाली दवाओं—जैसे खांसी की सिरप के दुरुपयोग पर हुई। विशेषज्ञों ने समझाया कि कैसे ऐसी सामान्य दवाएं भी लत का कारण बन सकती हैं, यदि उनका गलत इस्तेमाल किया जाए।

# मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने की गौ सेवा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची समर्पण शाखा द्वारा हर महीने की अमावस को गौ सेवा किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को गौ सेवा की गई। गौ माता की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। गौ माता को गुड़,हरी सब्जी, रोटी एवं अन्य सामाग्री खिलाई गई। साथ ही जीव अमृतधारा के अंतर्गत पक्षियों को दाना खिलाया गया। गौ सेवा प्रभारी निकिता जालान ने गौ सेवा की सारी तैयारियां सुचारू रूप से की। कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, निकिता जालान , वेदिका सिंघानिया, प्रिया सिंघानिया समेत अन्य सदस्य मौजूद थी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।




# ब्रह्माकुमारी संस्थान में नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू रोड स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के पूर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाने के पीछे का उद्देश्य लोगों को नशे की बुरी आदत से छुटकारा दिलाना व उन्हें नशे से होने वाले दुष्पभाव से बचाना है। इसके लिए जागरूकता बहुत आवश्यक है। जागरूकता ही नशामुक्ति का सबसे बड़ा इलाज है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सुबोध ने कहा कि भारत में बहुत से लोग किसी न किसी रूप में शराब या मदिरा का सेवन करते हैं। अधिकतर लोगों में यह अंधविश्वास है कि थोड़ी सी मात्रा में रोजाना उच्च स्तर की शराब पीने से स्वास्थ्य ठीक रहता है। वास्तव में इस तरह की भ्रांत व्याख्याओं का उदय, भारत जैसे पवित्र आध्यात्मिक देश में, पश्चिमी देशों के कारण हुआ है।



# फॉरेस्ट फेनोलॉजी मॉनिटरिंग को लेकर हुआ त्रिपक्षीय समझौता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड में वन फेनोलॉजी मॉनिटरिंग प्रोग्राम की शुरुआत करने के लिए नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर, हैदराबाद, बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी), मेसरा और झारखंड वन विभाग के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुआ। इस समझौते के तहत झारखंड में फेनोकैम-आधारित वन फेनोलॉजी मॉनिटरिंग प्रोग्राम की शुरुआत की जाएगी, जिसमें उपग्रह डेटा और ग्राउंड-बेस्ड फेनोकैम तकनीक का समन्वय किया जाएगा। **क्या होगा वन फेनोलॉजी मॉनिटरिंग प्रोग्राम :** वन फेनोलॉजी मॉनिटरिंगः झारखंड के वनों में मौसमी परिवर्तनों की सटीक और सतत निगरानी करने के लिए फेनोकैम सेंसर और सैटेलाइट डेटा का एकीकृत उपयोग किया जाएगा। वन स्वास्थ्य का आकलनः इस परियोजना के माध्यम से वन स्वास्थ्य का सटीक आकलन करने, उपग्रह डेटा का स्थलीय सत्यापन करने और वन क्षेत्र में जलवायु से जुड़ी प्रारंभिक चेतावनी संकेतों की पहचान में सहायक होगा।



## मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की पहुंची नवाटांड गांव

# मृत बच्चों के परिजनों से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**



प्रखंड के नवाटांड गांव में नहाने के दौरान डूबने से तीन बच्चों की मौत की घटना के बाद राज्य की कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने गांव का दौरा किया . इस दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मृत बच्चों के परिजनों से मिलकर उनके दुख में शरीक हुई। घटना के बाद से नवाटांड गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि गांव के लोगों को इस तरह की घटना से सबक लेने की जरूरत है। खास कर बारिश के इस मौसम में छोटे बच्चों का खास ख्याल रखना होगा। इसमें गांव के लोगों को पहरेदार की भूमिका अदा करनी होगी , ताकि इस तरह की घटना फिर दोबारा ना घटे। इस दौरान अल्प संख्यक कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर , जमील मल्लिक , तबारक खान , अमृत , राशिद, मुद्दिन मौजूद थे ।

## भाजपा ने संगोष्ठी और प्रदर्शनी के जरिए किया लोकतंत्र पर हमले को याद

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा) भाजपा की जिला इकाई ने बुधवार को 1975 में लगाए गए आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर चाईबासा स्थित भाजपा कार्यालय में विचार संगोष्ठी और चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य आपातकाल के दौरान देश में हुए दमन, लोकतंत्र पर हमले और कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों को जनता के समक्ष उजागर करना था। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर सबसे बड़ा आघात था। यह केवल सत्ता का संकट नहीं था।

## दो साइबर अपराधी गिरफ्तार



**रांची।** जामताड़ा पुलिस ने पश्चिम बंगाल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश व ओडिशा में साइबर ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी एसपी राजकुमार मेहता ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि जामताड़ा जिले के रहने वाले प्रदीप कुमार मंडल और रघुवीर कुमार मंडल को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से 25 लाख रुपए, दस मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद हुए हैं। एसपी ने बताया कि ये साइबर अपराधी विभिन्न बैंकों के क्रेडिट और डेबिट कार्ड अपडेट कराने की बात कहकर लोगों को झांसा में लेते थे। फिर उनके मोबाइल पर एक फाइल भेजते थे। उनके मोबाइल में फाइल डाउनलोड करवाकर उनके सारे बैंक की सारी गोपनीय जानकारी प्राप्त कर ठगी करते थे।

## न्यूज बॉक्स

### पाकुड़ में ट्रांसपोर्टर के घर से एमडीएम का अनाज जब्त

**पाकुड़।** स्कूली बच्चों को मिलने वाला मिड-डे-मील का अनाज विद्यालय पहुंचाने के बजाय ट्रांसपोर्टर अपने घर में रखता था. इसकी जानकारी मिलते ही पदाधिकारियों की टीम मंगलवार देर रात्रि गांव पहुंची और अनाज सहित वाहन को जब्त कर मुफस्सिल थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया.इस कार्रवाई की पुष्टि मुफस्सिल थाना प्रभारी संजीव कुमार झा ने की है. थाना प्रभारी ने बताया कि सदर प्रखंड के जयकिस्टोपुर और पास के ही एक अन्य गांव के तीन विद्यालयों का मिड-डे-मील का अनाज ट्रांसपोर्टर मो. कासिम ने ट्रैक्टर पर लादकर अपने घर लाकर रख दिया.

### डीएसपी व थाना प्रभारी ने चलाया नशामुक्ति अभियान



**ठाकुरगांव।** निलय कॉलेज सभागार में कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के बीच खलारी डीएसपी आरएन चौधरी व बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश कुमार ने नशापान के खिलाफ जागरूक करते हुए उन्हें नशा पान से दूर रहने का नसीहत दी। वहीं ग्रामीणों के बीच नशापान के खिलाफ चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के तहत गुरुगाई पंचायत में मुखिया जयंती देवी के नेतृत्व में बुधवार को जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान ग्रामीणों को नशापान का दुष्प्रभाव व इससे होने वाले बीमारियों को बताया गया साथ ही नशा नहीं करने का शपथ दिलाया गया। मौके पर कल्याण पदाधिकारी, पंचायत सहायक मो शाकिर समेत अन्य शामिल थे।

### यूथ कांग्रेस नेता ने कराई मौसी बारी मैदान की सफाई

**इटकी।** इटकी में विशाल रथ यात्रा निकाली जाएगी। 27 जून को प्रभु श्री जगन्नाथ, भाई बलराम और बहन सुभद्रा अन्य विग्रहों के साथ रथारुड़ होकर मौसी बारी पहुंचेंगे। जहां नौ दिनों के विश्राम के बाद पुनः रथारुड़ होकर मुख्य मंदिर जाएंगे। रथ यात्रा को देखते हुए और आपसी भाइचारगी को ध्यान में रखते हुए झारखंड प्रदेश यूथ कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर आरिफ रजा के नेतृत्व में इटकी अंचलाधिकारी मो. अनीस, थाना प्रभारी मनीष कुमार एवं अन्य लोगों की मौजूदगी में मौसी बारी मैदान की सफाई कराई गई। मौके पर अंचलाधिकारी ने कहा कि यह आपसी भाईचारे का बेहतरीन उदाहरण है। आरिफ रजा ने जो पहल की है वह सराहनीय है और समाज को एक सकारात्मक संदेश देती है। रथयात्रा को लेकर मुख्य पुजारी श्याम सुन्दर राम तिवारी ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं । गुरुवार को नेत्रदान अनुष्ठान के पश्चात प्रभु श्री जगन्नाथ स्वामी एकांतवास से बाहर आएंगे और भक्तों को दर्शन देंगे। इसके बाद 27 जून द्वितीया तिथि को भाई बलराम एवं बहन सुभद्रा के साथ रथारुड़ होकर मौसी बारी जाएंगे। रथयात्रा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई जहां आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण तरीक़े से रथयात्रा निकालने की बात की गई।

### कुएं से एक व्यक्ति का शव बरामद

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के बढईया गांव में बुधवार की सुबह एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। सुबह खेत की ओर जाने पर किसी ग्रामीण की नजर कुएं में तैरते शव पर पड़ी और जब उसे बाहर निकाला गया तो उसकी पहचान गांव के ही 50 वर्षीय लाखों उरांव के रूप में की गई। चान्हो पुलिस के अनुसार शव पर किसी प्रकार के हमले के कोई निशान नहीं थे। जिससे लगता है कि उसकी मौत कुएं में डूब जाने के कारण हुई होगी। हालांकि पक्के तौर पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। परिजनों ने बताया कि लाखों बाहर काम करता था लेकिन कुछ वर्ष पूर्व जब वह घर आया तो उसे शुगर की बीमारी हो गई थी और वह फिर वापस काम करने नहीं गया था। वह अक्सर बिना बताए दो-चार दिनों के लिए अपने किसी रिश्तेदार के यहां चला जाता था। तीन दिन पहले जब वह गायब हुआ तो लोगों को लगा कि किसी परिजन के यहां होगा और इधर उसका शव बरामद हुआ।

### यौन शोषण के आरोपित को 10 साल सश्रम कारावास की सजा

**कोडरमा।** शादी का झांसा देकर लड़की से यौन शोषण किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार चौधरी की अदालत ने बुधवार को आरोपित मोहम्मद शोएब ( 24 ) दोषी पाते हुए 10 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने 25 हजार का जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मामला वर्ष 2022 का है। इसे लेकर भुक्तभोगी युवती ने कोडरमा थाना में मामला दर्ज कराया गया था। इसमें उसने कहा था कि शादी का झांसा देकर मोहम्मद शोएब उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। जब वह गर्भवती हो गई, तो बच्चा गिराने को कहा, कहा कि शादी से पहले बच्चा हो जाएगा तो ठीक नहीं रहेगा, तुमसे मैं निकाह कर लूंगा। इस प्रकार मोहम्मद शोएब शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। जिससे वह गर्भवती हो गई। निकाह की बात करने पर वह निकाह करने से इनकार कर दिया। इसके लिए पंचायती भी हुई थी।अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक शिवशंकर राम ने किया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता सत्यनारायण प्रसाद ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया।

### युवा कांग्रेस का संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया 27 जून से



**खूंटी।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस प्रदेश के सभी जिलों में संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया 27 जून से शुरू करेगी। इसके तहत प्रखंड, जिला और विधानसभा स्तरीय समिति के लिए 27 जून से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। नौ जुलाई को नामांकनों की स्कूटनी की जाएगी। 13 जुलाई से सदस्यता अभियान शुरू कर समितियों का विधिवत गठन किया जाएगा। यह जानकारी युवा कांग्रेस जिला समिति की ओर से बुधवार को स्थानीय परिसदन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के जिला डीआरओ पुष्कर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में युवाओं को पार्टी संगठन से जोड़ने के लिए नेता बनो, नेता चुनो अभियान शुरू किया गया है, जिसका पोस्टर आज लॉन्च किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष वेद प्रकाश मिश्रा ने कहा कि युवा कांग्रेस ऐसा मंच है जो गांव से युवाओं को उठाकर नेतृत्व प्रदान करने की क्षमता प्रदान करता है। जिलाध्यक्ष अरूण सांगा ने कहा कि अधिक से अधिक युवा इस चुनावी प्रक्रिया में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि युवा पार्टी के रीढ़ होते हैं। अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़कर पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। मौके पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष रवि मिश्रा, युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष बहा मुंडा सहित युवा कांग्रेस के अन्य जिला स्तरीय नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बाजार में बेचे जा रहे नकली खोवा और पनीर की दो फैक्ट्री हुई सील



**रामगढ़।** जिले में खोवा और पनीर के नकली प्रोडक्ट पकड़े जा चुके हैं। इसके अलावा हल्दी, मिक्सचर की फैक्ट्री पर भी कार्रवाई हुई है। इस बार हानिकारक सॉस बेचने वाले दो फैक्ट्री को सील किया गया है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप श्री के द्वारा बुधवार को जब जांच की गई तो पता चला कि ठेलों और होटल में मिलने वाला सॉस लोगों की सेहत खराब कर सकता है सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद के निर्देश पर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने दो फैक्ट्री का मुआयना किया। सेवईया गढ़ा स्थित सोनी फूड प्रोडक्ट के नाम से चलाए जा रहे मुस्कान ब्रांड के सॉस फैक्ट्री की जांच की गई। वहां खाद्य सुरक्षा से संबंधित कई अनियमिताएं पाई गई। जिसके उपरांत 1600 लीटर सॉस को जब्त किया गया। जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि पूर्व में भी इस फैक्ट्री पर कार्रवाई की गई थी। तीन नमूने फेल होने के बाद न्याय निर्णायन पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता के कोर्ट में मामला चल रहा है। एक जगह जब छापेमारी शुरू हुई तो पूरे जिले में हड़कंप मच गया। जितने भी सॉस के फैक्ट्री चल रहे थे उन्हें इसकी जानकारी मिली। पारसोतिया स्थित संजय प्रसाद अग्रवाल के स्वास्तिक भंडार सॉस फैक्ट्री का शटर गिरकर मालिक और कर्मचारी फरार हो गए। लेकिन अधिकारियों की टीम नहीं रुकी। इस फैक्ट्री को भी सील कर दिया गया है। जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप श्री ने बताया कि ऐसे हानिकारक सॉस फास्ट फूड दुकानदारों को बेचे जाते हैं।

# झारखंड बालक-बालिका खो-खो टीम नई दिल्ली के लिए प्रस्थान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड बालक-बालिका सुपर स्पीड खो-खो टीम फेडरेशन कप में भाग लेने के लिए बुधवार को नई दिल्ली के लिए हटिया रेलवे-स्टेशन से रवाना हुए। फेडरेशन कप पालम ,नई दिल्ली में दिनांक 27 जून से 29 जून तक आयोजित है। झारखंड टीम का चयन राज्य स्तरीय खुली चयन प्रतियोगिता के उपरांत 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय, सेक्टर-2,धुर्वा, ची में मुख्य प्रशिक्षक अजय झा, सहायक प्रशिक्षक विवेक कुमार, शुभम सिंह के देखरेख में संपन्न हुआ। झारखंड टीम की घोषणा झारखंड राज्य सुपर स्पीड खो-खो एसोसिएशन के महासचिव विवेक कुमार ने किया।

**झारखंड बालक-बालिका खो-खो टीम :** बालक वर्गः शिवम नायक (कप्तान) , सन्नी कुमार (उपकप्तान), रोहण कुमार, अभिषेक उरांव , शिवा कुमार, रोहित लोहरा, आकाश नायक, श्रीकांत कुमार, अरूण गाड़ी, अनिश मिंज, अमन कुमार, पवन कुमार, मुकेश कुमार, अमृत कुमार , मनोज लोहरा ।

**प्रशिक्षक : विवेक कुमार व टीम**

**प्रबंधकः संजय कुमार**

**बालिका वर्गः** पूजा कुमारी (कप्तान), हंसिका कुमारी (उपकप्तान), लवली कुमारी, मनीषा कुमारी, अन्नुप्रिया कुमारी, दीपा कुमारी, सलोनी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, प्रीति कुमारी, अन्नु कुमारी, अपर्णा चौधरी, रिधि कुमारी । प्रशिक्षकः शुभम सिंह व **टीम प्रबंधक :** दिव्या कुमारी।

झारखंड खो-खो एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय झा, संरक्षक सजल बनर्जी , वरीय उपाध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी, उपाध्यक्ष अखिलेश्वर उपाध्याय, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, संयुक्त सचिव चन्द्रकांत लाल, संयुक्त सचिव कुश साहु, कोषाध्यक्ष सहजाद कुरैशी अन्य सदस्य ने फेडरेशन कप प्रतियोगिता में झारखंड टीम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के शुभकामनाए देकर रवाना किया।

## आपातकाल एक काला अध्याय था: सांसद



**कोडरमा।** आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर बुधवार को झुमरीतिलैया में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि आपातकाल एक काला अध्याय था, निर्दोषों को जेल में डाला गया। प्रेस पर पाबंदी लगा दी गई, स्वतंत्रता का अधिकार छीन लिया गया आंदोलनकारियों को जेल में डाला गया और यातना दी गई। कांग्रेस ने संविधान का हनन किया और आज संविधान की बात करती हैं। कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर काला धब्बा है। 1975 का दौर, उसके लोकतंत्र पर पड़े प्रभाव और नागरिक अधिकारों के हनन पर उन्होंने विस्तार से चर्चा की। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह ने युवाओं को इसके बारे में जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने किया। आंदोलनकारियों को सांसद और विधायक ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। आंदोलनकारी विष्णु वर्णवाल, दिनेश्वर प्रसाद, राम प्रकाश वर्णवाल, परमेश्वर यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए ।कार्यकर्म में शिशिर सिंह, अजय वर्मा, मनोज चंद्रवंशी उपस्थित थे।

## एकलव्य मॉडल विद्यालय के संचालन के लिए हुई समिति की बैठक

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बुधवार को उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, रेवा खूंटी और कुदा (कर्रा) के सफल क्रियान्वयन और पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तरीय एकलव्य विद्यालय समिति की बैठक हुई। बैठक में विद्यालयों के समुचित संचालन और छात्रहित को ध्यान में रखते हुए पठन-पाठन, साफ-सफाई, योग्य शिक्षकों की उपलब्धता, पेयजल और विद्युत आपूर्ति, रसोइयों की नियुक्ति, गृह रक्षा वाहिनी की प्रतिनियुक्ति सहित मूलभूत सुविधाओं की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालयों में आवश्यक सभी व्यवस्थाएं जल्द सुनिश्चित करते हुए जल्द संचालन शुरू करें।

# खलारी महावीर नगर के कुएं से मिला युवती का शव

**नवीन मेल संवाददाता**



**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के बुकबुका महावीरनगर के एक कुएं से बुधवार को करीब 25 वर्षीय एक युवती का शव कुएं में तैरता हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। सूचना पाकर पहुंचे खलारी थाना के एएसआई राजकिशोर सिंह, एसआई देवकुमार दास व महिला एएसआई मोनिका टुडू की उपस्थिति में पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकाला। स्थानीय लोगों ने शव की पहचान महावीर नगर निवासी स्व. जनार्दन साव की पुत्री इंदू कुमारी के रूप में की। बताया गया कि इंदू घर पर अकेले रहती थी, जबकि उसका परिवार बाहर रह रहा है। घटना की जानकारी से इलाके में शोक और आशंका का माहौल बन गया है। पंचनामा के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। फिलहाल, मृत्यु के कारणों का पता नहीं चल सका है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों पर स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी।

## शिक्षा मंत्री के गृह जिले में शिक्षा का हाल

# कबाड़ में बिक रही थी सरकारी विद्यालय की किताबें

नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया प्रखंड में सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत कक्षा एक से लेकर 11वीं तक की किताबें कबाड़ में बेचने का मामला सामने आया है. मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कबाड़ दुकान से कॉपी-किताबों को जब्त कर लिया है. वहीं जानकारी पर जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार और जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष पांडेय देर शाम चाकुलिया पहुंचे. मामले को लेकर जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष पांडेय ने बीईओ को शोकॉज नोटिस जारी किया है. चाकुलिया बीईओ प्रभाकर कुमार को पूरे मामले में कॉपी-किताब कबाड़ दुकान कैसे पहुंची, इसका स्पष्ट कारण बताने को कहा गया है. साथ ही इस प्रकार का कृत्य सरकारी संपत्ति की खुलेआम चोरी के मामले में एफआईआर करने का आदेश देने के साथ 24 घंटे के अंदर जवाब देने को कहा है. दूसरी ओर डीईओ और डीएसई ने चाकुलिया में कॉपी-किताबों को रखने के लिए बनाए गए सभी गोदामों का निरीक्षण भी किया. इसके बाद बीआरसी कार्यालय में बीपीओ, नाइट गार्ड और सभी सीआरपी से पूछताछ की.



### कबाड़ दुकान में रखे किताबों की बोरियां

थाना प्रभारी ने बताया कि अभी आंकलन किया जा रहा है कि कितने रुपये की किताब-कॉपी थी और उनकी कितनी संख्या थी. इधर मामले में जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष पांडेय ने कहा कि बीआरसी कर्मियों के द्वारा ऐसी शर्मनाक घटना समझ से परे है. ऐसी घटना जघन्य अपराध की

## आरसेटी में फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी बैच को दी गई विदाई

**खूंटी।** बैंक ऑफ इंडिया की ओर से संचालित, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) खूंटी में फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी बैच के विदाई समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक मिथिलेश कुमार ने प्रशिक्षण पूरा करने वाले सभी प्रतिभागियों को बधाई और सर्टिफिकेट दिये। उन्हें अपने व्यवसाय में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि खूंटी जैसे जिले में, जहां अधिकतर आबादी ग्रामीण है और कृषि पर निर्भर है,

**कार्रवाई** खलारी के केडीएच में रांची पुलिस की छापेमारी मिली कामयाबी

# कोयला रोड सेल में अवैध वसूली के छह आरोपी गिरफ्तार

- **प्रारंभिक जांच में संजय गंझू सहित अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आई है**



**खलारी।** रांची पुलिस ने कोयला के रोड सेल में वसूली के विरूद्ध बड़ी कारवाई की है। पुलिस उपमहानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक की विशेष टीम ने बुधवार दोपहर खलारी स्थित केडीएच कोल परियोजना क्षेत्र में औचक छापेमारी कर अवैध वसूली के आरोप में छह लोगों को हिरासत में लिया। बताया गया कि कोयला उठाव करने वाले एक ट्रक चालक ने शिकायत की थी कि केडीएच से कोयला उठाव के दौरान विस्थापित मोर्चा के नाम पर जबरन पैसा वसूला जा रहा है। पीड़ित चालक द्वारा वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय को दी गई लिखित शिकायत के आलोक में यह त्वरित कदम उठाया गया। छापेमारी के दौरान हिरासत में लिए गए लोगों के पास से 65 हजार रूपए नकद, गुलाबी रंग की पर्चियां, छह मोबाइल फोन, पांच मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। पुलिस ने बताया कि इन सभी से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में संजय गंझू सहित अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आई है। दोषी पाए जाने पर सभी आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की यह कार्रवाई कोयला कारोबार में अवैध वसूली के खिलाफ बड़े अभियान का हिस्सा मानी जा रही है।

### सादे वर्दी में दो गाड़ियों में आई थी पुलिस की टीम

केडीएच में छापेमारी के लिए एसएसपी रांची की स्पेशल टीम दो गाड़ियों में आई थी। जिनमें करीब दस जवान व तीन इंस्पेक्टर थे। कोई भी पुलिस की वर्दी में नहीं था। केडीएच पहुंचने के बाद टीम के पुलिस अधिकारी द्वारा ही डीएसपी खलारी को सूचना दी गई। जानकारी मिलने पर डीएसपी भी वहां पहुंचे। पुलिस की गतिविधि देख वहां मौजूद कोयला कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस को देख जिस किसी ने भागने की कोशिश की उसे पुलिस ने दबोच लिया। केडीएच कांटाघर के आसपास पूछताछ करने के बाद स्पेशल टीम केडीएच जंगल की ओर बढ़ गई। जंगल में जहां तहां मौजूद कुछ युवकों को पूछताछ करने के बाद हिरासत में लिया गया। एसएसपी द्वारा यह सीधी कारवाई क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## इंटर की पढ़ाई को लेकर केंद्र भी निभाए भूमिका: कुणाल

**पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने राज्य में इंटरमीडिएट की पढ़ाई कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से हटाने के निर्णय को "तुगलकी फरमान" बताते हुए कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इस फैसले को छात्रों के हितों के खिलाफ बताया और केंद्र सरकार से भी शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी की मांग की। नई शिक्षा नीति (NEP) के तहत कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से इंटरमीडिएट कक्षा की पढ़ाई को हटाने के फैसले पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने नाराजगी जताई है। बुधवार को साकची स्थित झामुमो कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने इस निर्णय को कहा।

## बीडीओ ने जेंडर रिसोर्स सेंटर सलाहकार समिति की बैठक की

# समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने पर दिया गया जोर

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़



24 जून को रामगढ़ जिले के दुलमी प्रखण्ड में जेएसएलपीएस अंतर्गत संचालित जीआरसी सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित जीआरसी सलाहकार समिति में महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, नशा उन्मूलन और बाल विवाह जैसे सामाजिक मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। यह बैठक विभिन्न विभागों और संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुई, जिसमें इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया। बैठक में बताया गया कि जीआरसी में प्राप्त 7 घरेलू हिंसा के मामलों का सफलतापूर्वक समाधान किया गया है, जिससे पीड़ित महिलाओं को राहत मिली। भालू गांव के एक परिवार के तीन बच्चों, जिनमें एक 18 वर्षीय लड़की भी शामिल है, का आधार कार्ड नहीं बने हैं। इस पर बीडीओ ने आश्वासन दिया कि ब्लॉक स्तर से पत्र जारी कर आधार कार्ड बनवाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नशा उन्मूलन और बाल विवाह की रोकथाम हेतु बीडीओ ने समूह की बैठकों में नशा उन्मूलन और बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाने पर जोर दिया, ताकि समाज में इन कुरीतियों को समाप्त किया जा सके। इस बैठक का उद्देश्य समाज में व्याप्त समस्याओं की पहचान कर उन्हें दूर करने के लिए सामूहिक प्रयास करना है। बैठक में एम ओ डॉ. मिहिर कुमार झा, डालसा से पीएलवी सुजीत कुमार सिंह, सीडीपीओ अनिमा नीलम भेंगरा, लेडी सुपरवाइजर मनीषा कुमारी, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक सबिहा नाज़, प्रदान से अनिल कुमार, सीएलएफ दुलमी एसएसी मेंबर, सीएलएफ ओबी मेंबर और अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## गिद्दी सी लोकल सेल में अवैध वसूली के मामले में सीबीआई टीम की दबिश

**गिद्दी।** गिद्दी सी परियोजना लोकल सेल में अवैध वसूली के मामले की जांच कर रही सीबीआई की टीम ने मंगलवार को दबिश दी। इस दौरान सीबीआई की लगभग 60 सदस्यीय टीम ने गिद्दी सी परियोजना कार्यालय, डाड़ी में अजय दास, अरुण लाल, होसिर में मो तबारक, डोकाबेड़ा में मो इसराइल के घर सहित हजारीबाग और रामगढ़ जिला में कुल नौ जगहों पर पूछताछ और जांच पड़ताल किया। गिद्दी सी परियोजना कार्यालय में डीएसपी डीएसपी कुलदीप कुमार, तापेश पचौरी सहित उच्च अधिकारियों के नेतृत्व में सीबीआई टीम ने नौ जगहों पर जांच पड़ताल किया। टीम में शामिल अधिकारी ने बताया गिद्दी सी परियोजना लोकल सेल में अवैध वसूली के मामले में 20 जून को दर्ज प्राथमिकी में आठ लोगों को नामजद किया गया है। जिसमें सीसीएल के अधिकारी अनिल कुमार, कर्मी दीपक कुमार और नरेश कुमार के अलावे पांच गैर सीसीएल कर्मी नामजद हैं। अधिकारी ने बताया मंगलवार को सभी नामजद के ठिकानों पर जांच पड़ताल की गई है। इस दौरान सीबीआई की टीम ने उक्त जगहों से उपलब्ध मोबाइल, लैपटॉप और संबंधित कागजात जब्त कर ले गए। सीबीआई ने गिद्दी में मंगलवार को सुबह सवा नौ बजे ही गिद्दी सी परियोजना कार्यालय सहित आरोपियों के घर पर पूछताछ और जांच पड़ताल शुरू कर दिया। इसके बाद सीबीआई की टीम गुरुवार को शाम तक जांच पड़ताल करती रही। जांच टीम में शामिल अधिकारियों ने बताया उक्त आठ लोगों के अलावे जांच पड़ताल और पूछताछ में कुछ अन्य के नाम पता चलने के बाद उनके यहां भी जांच पड़ताल किया जाएगा। मंगलवार को नौ जगहों पर जांच पड़ताल में 11 वाहनों में सीबीआई के लगभग 60 अधिकारी, कर्मी शामिल थे।

## तालाब में डूबने से वृद्ध की मौत



**रामगढ़ ।** रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत लारीकलां पंचायत के नवाबांध में मंगलवार की रात को एक वृद्ध की मौत तालाब में डूबने से हो गई। घटना मंगलवार की रात 9 बजे की बताई जा रही है। इस सम्बन्ध ग्रामीणों ने बताया कि मृत व्यक्ति सोहन महतो पिता स्व. शिबू महतो 55 वर्ष घर से शौच के लिए निकले थे । शौच के दौरान वे तालाब के किनारे पहुंचे। वहां अचानक पांव फिसलने से वे तालाब के गहरे पानी में चले गए। काफी देर बाद जब वे तालाब की ओर से वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। सुबह लोगों ने इसकी सूचना पुलिस व प्रशासन को दी। रजरप्पा थाना के एएसआई अशोक सिंह एवं अखिलेश कुमार पहुंचकर स्थानीय मछुआरों की मदद से कई घंटो बाद तालाब से बुजुर्ग के शव को बाहर निकलवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया गया । परिजनों का हादसे के बाद रो-रोकर बुरा हाल है।

## मादक पदार्थ के रोकथाम के लिए प्रशासन ने जागरूकता रथ किया रवाना

# नशापान ने कई लोगों की असमय ली है जान : एसडीओ

- यह रथ गांव गांव भ्रमण कर लोगों को नशा के खिलाफ विरोध करने के लिए प्रेरित करेगा

नवीन मेल संवाददाता




**बरही।** प्रखंड को नशामुक्त बनाने को लेकर महिला व बाल संरक्षण थाना की ओर से लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. इसी क्रम में मादक पदार्थो के दुष्परिणामों को आमजनों को बताने व उसका पुरजोर बहिष्कार करने के उद्देश्य से बुधवार से जागरूकता रथ की शुरुआत की गई. जिसे देश के सबसे बड़े चौराहे बरही चौक से एसडीओ जोहान टुडू, बीडीओ जयपाल महतो व सीओ अमित कुमार किस्कू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. एसडीओ ने कहा कि पूर्ण विश्वास है कि यह रथ अपने उद्देश्यों में सफलता हासिल करेगा. गांव गांव भ्रमण कर लोगों को नशा के खिलाफ विरोध करने के लिए प्रेरित करेगा. उन्होने कहा कि मादक पदार्थों ने समाजिक दूरियां बढ़ाई है. अनावश्यक झगड़ा झंझट के साथ लोगों को असमय मौत की गोद में सुलाया है. कई परिवार बेसहारा हुए है. बीडीओ ने इसे समाज के लिए कोढ़ बताते हुए लोगों से पुरजोर विरोध करने का अपील किया. सीओ ने मादक पदार्थ खरीदने और बेचने वाले का समाजिक विरोध करते हुए प्रशासन को सूचित करने की बात कही. इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने नशा के प्रयोग या व्यापार करने वालों के खिलाफ थाना को या 112 पर डायल कर सूचना देने की बात कही. रथ की अगुवाई कर रहे अंचल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि यह रथ लोगो को मादक पदार्थ से होने वाले दुष्परिणामों के साथ इसके क्रय या विक्रय करने वालों के विरुद्ध कानूनी कारवाई की भी जानकारी देगा.

## मृत दंपति के बच्चों से मिले पूर्व विधायक



**बरही।** रसोईया धमना पंचायत में छत गिरने से दंपति की मौत से आहत पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला यादव पीड़ित परिजनों से मिलने उनके आवास पहुंचे. दिवंगत दंपति के बच्चों से मुलाकात किया और पूरी स्थिति से अवगत हुए. खेद प्रकट करते हुए मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया. साथ ही मृतक के बच्चों को हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया. दूरभाष से एसडीओ को मृतक के दिव्यांग पुत्र को रियाडा मैन्युफैक्चरिंग में समायोजन करवाने और बीडीओ को 2 क्विंटल चावल, 50 किलो गेहूं और 10 किलो दाल तत्काल उपलब्ध करवाने की बात कही. उन्होंने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से भी मृतक के बच्चियों से मोबाईल से बात करवाई. स्वास्थ्य मंत्री ने संवेदना व्यक्त करते हुए सरकार की ओर से हर संभव सहायता देने की बात कही. पूर्व विधायक श्री अकेला ने कहा कि नियति के आगे सब विवश है, यह अकल्पनीय विपदा है जिसकी क्षतिपूर्ति असंभव है. इस विकट परिस्थिति में वह पीड़ित परिवार के साथ हैं. उन्होंने अपने कार्यकर्ता शरीफुल हक को मृतकों के दस्तावेजों व प्रमाणपत्रों को बनवाने में सहयोग करने का निर्देश दिया. जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ शीघ्र मिल सके. इस दौरान पंसस मो. तैयब, मो वारिस अंसारी, मो सरफराज आदि कई लोग मौजूद थे.

## ममता वाहन संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन, भाड़ा यथावत रखने की मांग

**गोला।** राज्य में जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं और एक वर्ष तक के बीमार शिशुओं को अस्पताल पहुंचाने व अस्पताल से वापस घर ले जाने के लिए ममता वाहन का संचालन कर रही है। सभी ममता वाहन का संचालन कॉल सेंटर से होता है। स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग ने लाभुकों को 6 किमी की दूरी में 500 रुपए व उससे अधिक दूरी होने पर प्रति किमी 13 रुपए अतिरिक्त भुगतान कर रही थी। 5 जून 2025 को पत्रांक संख्या 9/आरसीएच 326/22-502 के आलोक में अभियान निदेशक रांची ने प्रत्येक लाभुक के लिए 6 किमी की दूरी पर 300 रुपए और इसके अतिरिक्त प्रति किमी में 9 रुपए के दर से भुगतान करने का पत्र जारी किया गया है। इसका ममता वाहन संघ ने विरोध करते हुए भाड़ा को यथावत रखने की मांग करते हुए स्वास्थ्य मंत्री के नाम विधायक ममता देवी को एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि पिछले 13 वर्षों से ममता वाहन के माध्यम से प्रत्येक पंचायत की गर्भवती माताओं, धात्री माताओं व बीमार नवजात शिशुओं को उसके घर से अस्पताल पहुंचाने व ईलाज या प्रसव के बाद अस्पातल से घर तक पहुंचाया जा रहा है। सरकार की इस योजना से ग्रामीण क्षेत्र की हजारों महिलाएं लाभांवित हो रही हैं। संघ ने प्रति लाभुक तय भाड़ा 500 रुपए व उसके बाद 13 रुपए प्रति किमी की दर से वाहन मालिक को देने की मांग की है।

## आनंद साईं दरबार के दूसरे दिन का विशेष कार्यक्रम का आयोजन

# बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु लिया साईं बाबा का आशीर्वाद

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़

राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार के 15वें स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन बुधवार को विशेष पूजन और हवन का आयोजन किया गया। इस दौरान पुजारी राजेश पांडें ने यजमान अमित कुमार सिन्हा, नंदकिशोर गुप्ता और शैलेन्द्र ठाकुर सपत्नीक के हाथों विशेष पूजन और हवन का अनुष्ठान संपन्न करवाया। इस मौके पर यजमानों द्वारा साईं बाबा से रामगढ़ जिले में अमन चैन और खुशहाली की कामना की गई। पूजन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे जिनके बीच पूजन के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। पूजन और हवन के दौरान स्कॉन की ओर से आनंद साईं दरबार में भजन और कीर्तन की विशेष प्रस्तुती की गई। वहीं, भजन संध्या में शाम को चिंटू मिश्रा और ध्रुव कुमार द्वारा साईं बाबा के आकर्षक भजनों की प्रस्तुती की गई। इस दौरान साईं भक्त झूमते रहे। इस मौके पर रामगढ़ विधायक ममता देवी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा, खोगेन्द्र साव, रजरप्पा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष सिंह, जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष मानिक चंद जैन, जानू कालरा, साहू समाज के अध्यक्ष उपेंद्र साव, अजीत कुमार, आनंद प्रताप सिंह, सुरेश सिंह, अधिवक्ता आनंद सिन्हा, जीतू अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, अजीत जायसवाल, विमल शर्मा, दिव्या कुमारी, रानी देवी, रेखा देवी, आशा कुमारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### भव्य भंडारे का आयोजन आज

आनंद साईं दरबार के 15वें स्थापना दिवस समारोह के तीसरे दिन गुरुवार को 12:30 बजे भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी आनंद साईं दरबार प्रबंधन समिति की ओर से दी गई है। समिति की ओर से बताया गया कि भंडारे के दौरान जिलाभर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु आनंद साईं दरबार पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करेंगे। जिसकी तैयारी की जा रही है। भंडारे से पूर्व साईं बाबा का पूजन होगा। इसके उपरांत भंडारा आरंभ होगा।

## मुहर्रम को लेकर गोरहर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना अंतर्गत गोरहर, शिलाड़ीह तथा बेलकपी पंचायत में मुहर्रम पर्व शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर बुधवार को गोरहर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग और संचालन थाना प्रभारी सोनू कुमार के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी ने सरकार के द्वारा दिए गए गाइडलाइन को बताया गया ।उन्होंने कहा कि मुहर्रम के जुलूस मे डीजे पर प्रतिबंध रहेगा और सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।उन्होंने रूट के अनुसार लोगों को जुलूस निकालने को कहा ।वहीं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कुदुस अंसारी ने कहा मुहर्रम शांति का त्यौहार है, हम सभी इसे शांतिपूर्वक मानते हैं ।वहीं पर्व को लेकर प्रशासन के द्वारा शिलाड़ीह के मुख्य मार्ग में बने गड्ढे में डस्ट डालने के लिए आग्रह किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रोसमा डुंगडुंग,अंचल अधिकारी श्रवन कुमार झा,पुलिस इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी, थाना प्रभारी सोनू कुमार, एसआई त्रिपाठी, राजदेव कुमार,शिलाडीह मुखिया निजाम अंसारी,गोरहर मुखिया प्रतिनिधि छोटन कॉल, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदुस अंसारी,भाकपा माले प्रखंड अध्यक्ष शेरे मोहम्मद, राजद प्रखंड अध्यक्ष असमत अली, नबी मियां, इबरार अंसारी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी श्याम सिंह, रियासत अंसारी के अलावा कई लोगों उपस्थित थे।

## शांतिधारा फ़ाउन्डेशन ने आवासीय दिव्यांग विद्यालय को दिया 54 किलो चावल

**रामगढ़।** शांतिधारा फ़ाउन्डेशन के स्थायी प्रकल्प चावल सेवा के अन्तर्गत आवासीय विकलांग विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए उपहार स्वरूप 54 किलों चावल मंगलवार को प्रदान किया गया। साथ ही उपस्थित सभी बच्चों को चिप्स और बिस्कुट के एक-एक पैकेट भी दिए गए। इन उपहारों के मिलने से बच्चों के चेहरे ख़ुशी से खिल उठे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक लील मोहन पटेल ने इस शुभ कार्य के लिए शांतिधारा फ़ाउन्डेशन का आभार व्यक्त किया। शांतिधारा फ़ाउन्डेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष सुरेश पी अग्रवाल ने बताया कि विभिन्न सामाजिक धार्मिक संस्थाओं की ओर से संचालित अन्न क्षेत्र, दिव्यांग विद्यालय, वृद्ध और अनाथ आश्रमों को समय-समय पर चावल सेवा प्रदान की जाती है।

## आक्रोश जुलूस — गोली कांड के विरुद्ध हजारीबाग में बंद रहा कारोबार निकला गया मशाल जुलूस

# ज्वेलरी दुकान पर गोलीबारी और बढ़ते अपराध का विरोध

- आंदोलित कारोबारियों का कहना है कि जिस तरह एक के बाद एक वारदात हो रही है, उसमें शहर का एक-एक व्यक्ति खौफ में जी रहा है।

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग





हजारीबाग में ज्वेलरी प्रतिष्ठान पर दिनदहाड़े गोलीबारी की घटना और इलाके में बढ़ते अपराध के खिलाफ बुधवार को शहर के कारोबारियों ने काम पूरी तरह बंद रखा। शहर की तमाम छोटी-बड़ी दुकानें सुबह से लेकर शाम तक बंद रहीं। फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, स्वर्णकार समाज, कपड़ा व्यवसाय संघ की ओर से बुलाए गए बंद को कई नागरिक संगठनों ने भी समर्थन दिया। इसके पहले मंगलवार की शाम कारोबारियों ने शहर में मशाल जुलूस निकालकर आक्रोश जाहिर किया था। बुधवार को बंद के दौरान भी रैली निकाली गई। आंदोलित कारोबारियों का कहना है कि जिस तरह एक के बाद एक वारदात हो रही है, उसमें शहर का एक-एक व्यक्ति खौफ में जी रहा है। वे सुरक्षा और विश्वास का माहौल कायम करने के लिए पुलिस-प्रशासन से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

बता दें कि शहर के प्रमुख व्यावसायिक इलाके गोला रोड महावीर स्थान चौक के समीप स्थित श्री ज्वेलर्स नामक दुकान पर रविवार की दोपहर बाइक सवार अपराधियों ने दिनदहाड़े सात राउंड फायरिंग की थी। इसके कुछ घंटे बाद उत्तम यादव नामक एक अपराधी ने हाथ में हथियार लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर वारदात की जिम्मेदारी ली थी। उसने वीडियो में धमकी दी है कि हजारीबाग और चतरा जिले में कोई भी कारोबारी उसे मैनेज किए बगैर कारोबार नहीं कर पाएगा। उसने फरमान जारी किया है कि जब भी उसके नाम से किसी कारोबारी को कॉल जाए तो उसे रंगदारी चुकानी होगी। कॉल को नजरअंदाज करने वाला जिंदा नहीं बच पाएगा। शहर के कारोबारियों का कहना है कि पुलिस ने गोली चलाने वाले अपराधियों को 48 घंटे में गिरफ्तार करने की बात कही थी, लेकिन अब तक पुलिस के हाथ खाली हैं।

## न्यूज बॉक्स



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत धरगुल्ली मोड़ के समीप सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार टेलर वाहन ने बाइक सवार को धक्का मार दी।जिससे खातिजा खातून ( 25 ) पति अरशद अंसारी ग्राम जगदीशपुर पांडेयबारा, थाना चौपारण निवासी की गंभीर रूप से घायल हो गई।घायल अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरकट्ठा लाया गया। जांच चिकिस्तों द्वारा जॉचोपरांत मृत घोषित कर दिया गया। वहीं गोरहर पुलिस ने टेलर संख्या एचआर 61ई 8950 को कब्जे में ले लिया।

### चारदीवारी के आभाव में विद्यालय बन रहा आवारा पशुओं और नशेड़ियों का अड्डा

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसरिया इन दिनों आवारा पशुओं, जुआरियों और शराबियों का जमावड़ा बन गया है। इस बाबत विद्यालय प्रभारी चंद्रिका सिंह ने बताया कि विद्यालय में चार दीवारी नहीं होने से किसी प्रकार का कोई नियंत्रण नहीं हो पाती है। जिससे विद्यालय की ऐसी दुर्दशा हो गई है। उन्होंने बताया कि छुट्टी के बाद विद्यालय आवारा पशुओं, जुआरियों और शराबियों का अड्डा बन जाता है। आवारा पशुओं के जमावड़े से विद्यालय के बरामदे समेत पूरा परिसर गोबर व मूत्र से भर जाती है।साथ ही कीचड़ के कारण पनपे मच्छरों और दुर्गंध से विद्यालय में पठन पाठन का कार्य में भी काफी कठिन हो जाती है। वहीं क्षेत्र में इन दिनों तेजी से फल फूल रही नशा का सेवन और जुआरियों के लिए विद्यालय केंद्र बन गया है। जिससे विद्यालय परिसर में कचरों का अंबार लग गई है। वहीं ग्रामीण अर्जून प्रसाद ने बताया कि उक्त समस्याओं से अवगत कराते हुए विद्यालय की चारदीवारी के लिए हमलोगों ने विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधियों से कई बार याचनाएं की बाबजूद अभी तक किसी प्रकार का कोई पहल नहीं हो पाया। परिणाम स्वरूप विद्यालय का पूरा परिसर कीचड और कचरों की ढेर में तब्दील है।

### गोरहर पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**बरकट्ठा।** गोरहर पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, लंबित वारंट और कुर्की के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलकप्पी पंचायत के बंडासिंगा गांव से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों में महादेव साव पिता लाखों साव तथा उसका पुत्र दिलीप साव शामिल हैं। गिरफ्तारी के पश्चात दोनों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### रामगढ़ एसपी पहुंचे पतरातू, पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**पतरातू।** रामगढ़ एसपी अजय कुमार बुधवार को पतरातू पहुंचे। वे यहां पहुंच कर एसडीपीओ कार्यालय पतरातू में पतरातू पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। साथ ही सभी थाना और ओपी क्षेत्र के कई समस्याओं की जानकारी ली और कई आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, पुलिस इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा, भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रम्हमवत कुमार और अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

### बिजली तार के चपेट में आने से एक भैंस की मौत

**पतरातू।** डीएवी खटाल के निकट बिजली तार के चपेट में आने से बुधवार को एक मवेशी की मौत हो गई। जिससे मवेशी पालक को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। बताया जाता है कि पीटीपीएस के डीएवी स्कूल के निकट संजय यादव खटाल का एक भैंस मर गया। सूचना मिलने पर मुखिया किशोर कुमार महतो घटनास्थल पर पहुंचकर बिजली विभाग एवं पशुपालन विभाग को सूचना दिया। मुखिया किशोर कुमार महतो ने बताया कि यह घटना बिजली विभाग की ओर केबलिंग का काम करने वाला ठेकेदार के लापरवाही की वजह से हुआ है। पोल गाडकर तार लगाने और केबलिंग का काम नहीं किया जाना और ऐसे ही छोड़ देना गलत बात है। इस घटना से प्रतीत होता है कि कितना लापरवाह ठेकेदार है। पोल से तार नीचे गिरा हुआ था और जब भैंस वहां पर गई। तो बिजली तार के चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। अगर समय रहते उसको ठीक किया जाता तो यह घटना नहीं घटती। उन्होंने बिजली विभाग से मांग किया है कि अभी बरसात का मौसम है और पोल से बहुत जगह पर तार इधर-उधर गिरा हुआ है। उसको समय रहते ठीक किया जाए। तार लगाने और केबलिंग का काम भी बहुत धीमी गति हो रही है। उसे जल्द से जल्द करवाया जाए, नहीं तो बड़ी घटना हो सकती है। इसके साथ ही प्रखंड पशुपालन विभाग के प्रभारी अशोक कुमार ने कहा कि भैंस का पोस्टमार्टम रिपोर्ट जल्द से जल्द दिया जाए। ताकि बिजली विभाग में इसका आवेदन देकर सरकारी लाभ भैंस मालिक को मिल सके। मौके पर पूर्व मुखिया राहुल रंजन, डॉ राम लखन रजक, मनोज पंडित, कुणाल विश्वकर्मा, सूरज कुमार, सरजू महली, सुनील कुमार, नकुल विश्वकर्मा, गोपाल महतो, कन्हैया कुमार आदि उपस्थित थे।

### भाकपा माले ने भावी कार्यक्रमों को सफल बनाने की चर्चा

**गिद्दी।** भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने हूल दिवस और आम हड़ताल की तैयारी को लेकर बुधवार को बैठक की। रेलीगढ़ा स्थित पार्टी कार्यालय में प्रखंड कमेटी की बैठक सुंदरलाल बेदिया की अध्यक्षता में और हेसालौंग में लोकल कमेटी की बैठक रामदेव राम की अध्यक्षता में हुई। रेलीगढ़ा बैठक में 30 जून को हूल दिवस और 9 जुलाई को आम हड़ताल को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। वहीं हेसालौंग की बैठक में हूल दिवस और 9 जुलाई को आम हड़ताल को सफल बनाने के साथ पीडीपीएस दुकानों की धांधली रोकथाम के लिए और 21 जुलाई को एके राय की पुण्यतिथि से 28 जुलाई को चारु मजूमदार की शहादत दिवस तक सदस्यता अभियान चलाने की सहमति बनी। मौके पर आरडी मांझी, राजेंद्र गोप, सुंदरलाल बेदिया, शईद अंसारी, हरकू बेदिया, बहादूर बेदिया, कैलाश महतो, जगदीश महतो, उमेश राम, रामप्रवेश गोप, बबन गोप, जैनुल अंसारी, युनूस अंसारी, महेश गोप, जलेश्वर रजवार, दिलीप रजवार, सुरेश तिवारी, मदन राम, दिनेश प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, दिनेश गोप आदि उपस्थित थे।

### सांसद तीर्थ दर्शन का 29 जून से होगा शुभारंभ

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल की ओर से 29 जून से सांसद तीर्थ दर्शन का शुभारंभ होगा। यह योजना विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों (बुजुर्गों) को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत उन्हें उत्तरप्रदेश के चार प्रमुख तीर्थ स्थल वाराणसी, प्रयागराज (संगम), अयोध्या और विंध्याचल की यात्रा कराई जाएगी। यह बात सोमवार को सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस ने कही। उन्होंने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में जनसेवा और विकास का जो नया अध्याय लिखा जा रहा है, वह अनुकरणीय है।

# गांव की प्राचीन रथ यात्रा 1835 से अब तक बनी परंपरा की मिसाल

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला अंतर्गत सदर प्रखंड के ऐतिहासिक तामड़ा गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्रीजगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की भव्य रथ यात्रा 27 जून को निकाली जाएगी। यह परंपरा वर्ष 1835 से निरंतर चली आ रही है, जो आज पूरे जिले के लिए धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बन गई है। रथ यात्रा के दौरान भगवान अपने रथ पर सवार होकर भक्तों के बीच मौसी बाड़ी पहुंचते हैं, जहां नौ दिनों तक पूजा-अर्चना और भंडारे का आयोजन किया जाता है।इतिहास के पन्नों में झांके तो यह परंपरा गांव के टभाडीह बस्ती से शुरू हुई थी। पहले भगवान की प्रतिमाएं एक मिट्टी के मकान में स्थापित की गई थीं, जहां पूजा-अर्चना की जाती थी। उस समय के प्रमुख पुजारी कुंजल पुरी उर्फ भूषडू बाबा द्वारा इस परंपरा को गांव में स्थापित किया गया। कालांतर में चंद्रभान सेठ नामक श्रद्धालु के प्रयास से वहां एक भव्य त्रिमूर्ति मंदिर का निर्माण कराया गया, जिसमें मां दुर्गा, लक्ष्मी नारायण और भगवान जगन्नाथ की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। उनके कार्यकाल में मेले का आयोजन छोटे स्तर पर होता था, लेकिन लोगों की आस्था और सहभागिता ने इसे साल दर साल भव्य स्वरूप दे दिया।बाद में रथयात्रा भूषडु बाबा



● 27 जून को निकलेगी भगवान की भव्य रथ यात्रा, मेले में उमड़ेगा जनसैलाब

वंशजों—गंगा दयाल पुरी और रामानंद पुरी ने परंपरा को आगे बढ़ाया। फिर गंगा दयाल पुरी के पुत्र काशीनाथ पुरी और रामानंद पुरी के पुत्र राजकिशोर पुरी ने इसे नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। लगभग 25 वर्ष पूर्व चंद्रभान सेठ की अगुवाई में एक नया रथ बनवाया गया, जो आज भी भगवान की रथ यात्रा के लिए उपयोग में लाया जाता है। वर्तमान में रथ यात्रा की पूरी व्यवस्था काशीनाथ पुरी के पुत्र विजय पुरी व श्रीराम पुरी तथा राजकिशोर पुरी के पुत्र जितेंद्र पुरी के देखरेख में की जाती है।रथ यात्रा के दिन तामड़ा गांव में विशाल मेला आयोजित होता है, जहां सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु दूर-दराज के क्षेत्रों से जुटते हैं। मेले में मनोरंजन, झूले, मिठाइयों, खिलौनों और स्थानीय उत्पादों की दुकानें भी सजी रहती हैं, जो हर वर्ग के लोगों को आकर्षित करती हैं। मौसी बाड़ी में भगवान के विश्राम के दौरान नौ दिनों तक भंडारे और विशेष पूजा का आयोजन होता है, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं।तामड़ा की यह रथ यात्रा सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि स्थानीय सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। यह परंपरा गांव की सामाजिक एकता, जनभागीदारी और आस्था का अद्भुत उदाहरण है, जो न केवल प्रखंड या जिले बल्कि पूरे जिले भर में तामड़ा गांव को विशिष्ट पहचान देती है।

# जिला समन्वय समिति की बैठक में विकास कार्यों की हुई समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को जिला समन्वय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिले के विभिन्न विभागों जैसे ग्रामीण विकास, भवन निर्माण, स्वास्थ्य, पेयजल, आपूर्ति, कृषि, सहकारिता, समाजिक सुरक्षा, पशुपालन, कौशल विकास, राजस्व, शिक्षा, जल छाजन, परिवहन, खेल, नगर पंचायत, पंचायती राज समेत अन्य विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने भवन निर्माण विभाग के अंतर्गत चल रहे प्रखंड स्टेडियम एवं अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हों और निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने प्रथम स्तरीय स्टेडियम निर्माण में ब्लैक ईंट के उपयोग को लेकर प्रस्ताव की जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा।स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य केंद्रों में प्राथमिकता के आधार पर विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन कर डिलिशन सूची समय पर भेजने पर जोर दिया।आपदा प्रबंधन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने बारिश से प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति की जानकारी ली। पुल-पुलिया की स्थिति की जांच कर रिपोर्ट समर्पित करने तथा क्षतिग्रस्त संरचनाओं पर चेतावनी बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। पशु और मानव क्षति की रिपोर्ट भी समय से उपलब्ध कराने की बात कही गई।उन्होंने सभी निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग एवं गुणवत्ता जांच सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही किसी भी प्रकार के अवैध खनन पर रोक लगाने तथा एनजीटी के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।पर्यटन स्थलों के विकास हेतु पर्यटन संवर्धन समिति गठन की बात कही गई, जो साफ-सफाई और सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। एससी-एसटी महिलाओं की भागीदारी की समीक्षा करते हुए अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना में महिला मजदूरों की सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया।

## जल आपूर्ति, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास की योजनाओं पर जोर

उपायुक्त ने चयनित गोताखोरों को भी समिति में शामिल करने का सुझाव दिया।पेयजल एवं स्वच्छता



विभाग को निर्देशित किया गया कि वर्ष 2010-11 में शौचालय निर्माण के लिए अग्रिम राशि की यूसी रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत बचे हुए घरों में जल आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि समय पर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त हो सके। साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के लिए भी दिशा-निर्देश दिए गए।स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं बहाल की जाएं और उन्हें आवागमन पथ से जोड़ा जाए। इसके लिए सर्वेक्षण कर प्रस्ताव भेजने को कहा गया।आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए चावल, चना, धोती-साड़ी वितरण की योजनाओं की प्रगति देखी गई और समय पर राशन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी ने ग्रामीण विकास शाखा की समीक्षा करते हुए मानव दिवस सृजन को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर खेल योजना, दीदी बाड़ी जैसी योजनाओं को सक्रिय कर मानव दिवस सृजन को गति दें। बिरसा हरित ग्राम योजना के लक्ष्य की शत-प्रतिशत स्वीकृति की जानकारी दी गई और PD जनरेट करने के निर्देश दिए गए।

## निर्माणाधीन पुल और पथ में लापरवाही, घटिया सामग्री पर नाराज़गी



नवीन मेल संवाददाता

**बांसजोर।** प्रखंड के कोम्बाकेरा पंचायत अंतर्गत कादोपानी से कादोपानी पाहन टोली तक निर्माणाधीन पुल एवं पीसीसी पथ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता को देखकर गहरा खेद व्यक्त किया गया। कहा गया कि बड़ी मुश्किल से कोई योजना गांव तक पहुंचती है, लेकिन विभागीय लापरवाही और जिम्मेदार अधिकारियों जेई, एई द्वारा उचित लेआउट न देने और फील्ड विज़िट नहीं करने के कारण इस योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है।जहां पुल बनाया जा रहा है, वहां के किसानों को इसके कारण भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि कार्य में घटिया सामग्रियों का उपयोग किया जा रहा है, काम समय पर पूरा नहीं हो रहा है और पीसीसी पथ में सही ग्रेड की कटाई, उपयुक्त बालू की सोलिंग एवं गुणवत्तापूर्ण ईंट का उपयोग नहीं किया जा रहा है। यह योजना भवन निर्माण विभाग के अंतर्गत संचालित की जा रही है।इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य बांसजोर एवं कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष सामरोम पौल तोपनो, सेवा दल के जिला महासचिव विजय किण्डो, जीवन सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। निरीक्षण दल ने संबंधित विभाग से शीघ्र आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की।

## हुरदा में सरना पूजा का आयोजन किया गया

**बानो।** प्रखण्ड क्षेत्र के हुरदा में सरना पूजा का आयोजन किया गया।मौके पर सोहराई पहान व जतरू पुजारी के द्वारा सरना स्थल पर विधिवत पूजा की गई साथ ही अच्छी बारीश,अच्छी फसल व गांव की विकास की कामना की गई।कार्यक्रम को सफल बनाने में राम चन्द्र सिंह,सुरेन्द्र सिंह,राम प्रसाद सिंह,बिरसा सिंह,घुरन सिह,शिवशरण सिंह,मदन सिंह,मदरा मुण्डा,सोमा धनवार कृष्णा बड़ाईक,मोहन बड़ाईक सुदर्शन बड़ाइक,दरशन मांझी के आलावा अन्य लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कुरडेग : बीमारी से मौत, पहचान न होने पर पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के कुटमाकच्छार में कुछ नासमझ व्यक्तियों के कारण बीमारी से मृत व्यक्ति का पोस्टमार्टम कुरडेग पुलिस को कराना पड़ा।जानकारी के अनुसार कुटमाकच्छार में शिवकुमार डोम के घर एक अनजान व्यक्ति पिछले छः दिन से मेहमान के रूप में रह रहा था।शिवकुमार शराबी है और भजन राम व्यक्ति से कहीं पर दोस्ती हो गया था जिसके चलते घर में रखा हुआ था।इसी दौरान उसे दस्त होने लगा जिससे मंगलवार दोपहर में उसकी मौत हो गई।शिवकुमार ने अपने समाज के लोगों को बताया और दफनाने की बात कही।इस पर समाज के लोगों ने मृतक किस जाति धर्म का है,कह कर जाति, छुआछुत प्रथा के कारण दफनाने से इन्कार कर दिया।शिवकुमार को अनजान व्यक्ति का कोई पता मालूम नहीं था।अन्त में अकेले दफनाने का निर्णय लिया । घर के नजदीक अपने खेत में शव दफना रहा था।ऐसा करते देख दूसरे गांव के लोगों को शक हुआ और पुलिस को सूचना दे दी।पुलिस तत्काल मौके पर पहूंची और दफनाने से रोकते हुए शव अपने कब्जे में करते हुए पूछताछ की । शिवकुमार अत्यधिक नशे में था जिससे कुछ बता नहीं पाया। वहीं कुरडेग पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में करते हुए बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया ।मृतक का पहचान भजन राम के रूप मे हुई जो छतीसगढ़ के रायगढ़ जिला अन्तर्गत घरघोड़ा थाना क्षेत्र का निवासी था। मृतक की शिनाख्त उसके बाइक के रजिस्ट्रेशन नम्बर से हुई । वहीं क्षेत्र के वार्ड सदस्य ने पुलिस को जानकारी देते हुए कहा कि मृतक कई दिनो से पेचीस ( दस्त ) रोग से पीड़ीत था ।

## किसानों के बीच मकई तथा उन्नत बीज का किया गया वितरण

**बानो।** प्रखण्ड कार्यालय स्थित कार्यालय में किसानों के बीच मकई की उन्नत बीच ग्रामीणों के बीच वितरण किया गया। प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी अजय कुमार सिंह व संजय डांग ने ग्रामीणों के बीच मकई का वितरण किया।मौके पर अजय कुमार की ने कहा किसान मकई की खेती कर अपनी आय में बृद्धि कर सकते हैं। मकई की खेती के लिए ठीक से तैयार कर मकई की बीज लगाएं ।खेतों में खर पतवार न रहने दे ।इससे दीमक लगने का डर रहता है। मकई की खेती के लिये अधिक प्तावन की आवश्यकता नहीं पड़ती है। मकई के पौधों के तैयार होने पर कमसेकम दो बार कोडाई जरूर करें तथा आवश्यकता अनुसार कीटनाशक दवाओं व खाद का उपयोग करें।

## किसानों के बीच धान व मड़ुआ बीज का वितरण, वैज्ञानिक खेती पर जोर



नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में आत्मा विभाग की ओर से बुधवार को बमबलकेरा, बागचट्टा एवं पाइकपारा गांव के कुल 24 किसानों के बीच धान और मड़ुआ बीज का वितरण किया गया। इस अवसर पर 11 किसानों को धान तथा 13 किसानों को मड़ुआ का बीज उपलब्ध कराया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज उपस्थित हुए। उन्होंने किसानों के बीच बीज का वितरण करते हुए उन्हें वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों को बीज देकर सिर्फ वितरण ही नहीं किया जा रहा, बल्कि यह अपेक्षा भी की जा रही है कि वे इन बीजों का सही उपयोग करें और खेती करें ताकि उत्पादन में वृद्धि हो सके।प्रखंड प्रमुख ने किसानों से अपील की कि वे इसे हल्के में न लें। यह सोच गलत है कि सरकार ने दिया है, रख लिया, लगाया या नहीं लगाया तो कोई बात नहीं। सरकार चाहती है कि आप इसका उपयोग करें, खेती करें और इससे होने वाले लाभ को समझें व आत्मनिर्भर बनें।

## कांग्रेस की प्रखंड बैठक में संगठन सृजन पर जोर

नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** संगठन सृजन वर्ष 2025 अभियान के तहत बुधवार को कुरडेग कांग्रेस कार्यालय में प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड कॉंग्रेस अध्यक्ष तुलसी पारंगत खलखो ने की । इस दौरान जिला अध्यक्ष डेविट तिर्की ने कहा कि कांग्रेस कार्यकताओं को पंचायत से लेकर बुथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना है आने वाले चुनावों



को देखते हुए कार्यकताओं को एक जुट होकर जमीनी स्तर पर सक्रिय रहना होगा । जिला प्रवक्ता रंधीर रंजन ने कहा कि कॉंग्रेस की बिचार धारा को जनता के बीच ले जाकर जन संपर्क मजबूत करने की जरूरत है मौजूदा राजनितिक परिदृश्य में संबिधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा कॉंग्रेस कार्यकत्ताओं के लिए बड़ी चुनौती है । बैठक में नव नियुक्त कॉंग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया और उन्हें शुभ कामनाएं दी गई ।

## विद्यालय में सुलेख व निबंध प्रतियोगिता संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** विवेकानंद शिशु/विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ में बुधवार को प्रांतीय निर्देशानुसार कक्षा द्वितीय से पंचम तक सुलेख तथा षष्ठ से दशम तक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।सुलेख प्रतियोगिता में द्वितीय से शिवानंद सिंह प्रथम, राजवीर नायक द्वितीय, रूपेश नायक तृतीय रहे। तृतीय में अनुष नायक प्रथम, प्रतीक साहू द्वितीय, किरण



कुमारी तृतीय, चतुर्थ में विशाखा कुमारी प्रथम, रेशमी कुमारी द्वितीय, शेखर महतो तृतीय रहे। पंचम "अ" में मेघा कुमारी प्रथम, लवली कुमारी द्वितीय, आरती कुमारी तृतीय और पंचम "ब" में जगर्नाथ नायक प्रथम, हीरामुनि कुमारी द्वितीय, प्रीति कुमारी तृतीय रहीं।निबंध प्रतियोगिता में षष्ठ से विश्वकर्मा नायक, पूजा कुमारी, संतोषी कुमारी, सप्तम "अ" से अनामिका कुमारी, खिलेश्वर महतो, वर्षा कुमारी, सप्तम "ब" से शशिभूषण नाग, चंद्रपाल सिंह, उषा रानी सिंह विजेता बने। अष्टम से सुभाष सिंह, संजीव कुमार, सरस्वती कुमारी, नवम से रेनू कुमारी, संध्या कुमारी, नीलेश सिंह तथा दशम से सुष्मिता कुमारी, शिखा कुमारी, अमित लुगुन क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

**आयोजन** आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर भाजपा सिमडेगा ने मनाया काला दिवस

# भाजपा ने याद कर मनाया काला दिवस

● कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाइक ने की

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सिमडेगा में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर काला दिवस के रूप में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाइक ने की। कार्यक्रम की शुरुआत आपातकाल के दौरान संविधान की रक्षा व लोकतंत्र के लिए संघर्ष करने



वाले महान सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई।कार्यक्रम में आपातकाल के जिला प्रभारी एवं पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह ने कहा कि 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला दिन था। कांग्रेस शासनकाल में देश की जनता की आवाज को दबाया गया और संविधान की खुलेआम हत्या की गई। उन्होंने कहा कि आज जो नेता मंच पर संविधान की किताब दिखाते हैं, वही कभी उसके विरोध में खड़े थे।पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक विमला प्रधान ने कहा कि उस समय हजारों नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेलों में डाल दिया गया था। समाचार पत्रों पर सेंसरशिप लगाकर जनता से सच्चाई छिपाई गई। उन्होंने इसे इंदिरा गांधी की हिटलरशाही मानसिकता का परिचायक बताया और कहा कि जनता ने इसका जवाब 1977 के चुनाव में कांग्रेस को हराकर दिया।पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष दुर्ग विजय सिंह देव, पूर्व अध्यक्ष सूरजदेव सिंह ने भी अपने विचार रखते हुए आपातकाल को लोकतंत्र पर हमला बताया।कार्यक्रम का संचालन संयोजक अनूप केसरी ने किया, वहीं धन्यवाद ज्ञापन सह-संयोजक सत्यनारायण प्रसाद एवं श्रीमती हंस रानी देवी ने किया।इस अवसर पर एसटी मोर्चा अध्यक्ष राकेश रविकांत, युवा मोर्चा अनिरुद्ध सिंह, दीप नारायण दास, उपेंद्र श्रीवास्तव, शंभू भगत, नवीन सिंह, देवकीनंदन साय, रवि वर्मा, मार्गरेट बा, दिलीप साहू, सुभाष महतो, जयंती देवी, शिखा अग्रवाल, राजकुमारी देवी, श्रवण साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अवगा विद्यालय में पीटीएम बैठक का किया गया आयोजन

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय अवगा में पीटीएम बैठक का किया गया आयोजन। बैठक में नया नामांकन कराने पर बात विचार , विद्यालय के पोषक क्षेत्र में जीरो. ड्राप आउट करने, बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने, विद्यालय में बच्चों का ठहराव सुनिश्चित करने,. बच्चों को प्रतिदिन घर काम देने , घर में प्रतिदिन बच्चों को स्वअध्ययन कराने, पोसको एक्ट 2012 सबंधी जानकारी, रेल. प्रोजेक्ट कंप्यूटर क्लास आदि के बारे विस्तार से चर्चा किया गया। इस मौक़े पर मुख्य रूप से एस एम सी के अध्यक्ष. रातेंद्र मांझी, अभिभावक समिति का अध्यक्ष जोगेंद्र मांझी, ,कोमल केरकेट्टा, एसएमसी 56 अभिभावक एवं विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# न्यूज बॉक्स

## ऐतिहासिक रथयात्रा मेला को लेकर तैयारी आज होगा नेत्रदान, कल निकलेगी रथयात्रा

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले का कोलेबिरा प्रखंड के भंवर पहाड़ गढ़ का ऐतिहासिक रथ मेला की तैयारी शुरू हो गई है। शुक्रवार को भव्य सजे रथ में मौसीबाड़ी जाएंगे भगवान जगरनाथ।रथ तैयार करने में कारीगर जुट गए हैं। इसकी रंग रोगन एवं पहिए समेत अन्य चीजों की मरम्मती का कार्य काफी जोरों से चल रहा है। इसे आकर्षक रूप देने में कारीगर कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वही भवर पहाड़ गढ़ में मंदिरों का रंग रोगन का कार्य भी लगभग पूर्ण हो चुका है लोग काफी हर्ष उल्लास में है प्रत्येक वर्ष कोलेबिरा के भीम राम मिस्त्री एवं उसके पुत्र पप्पू कुमार के द्वारा इस रथ की निशुल्क मरम्मत की जाती है। रथ मरम्मती की यह परंपरा इनके द्वारा कई वर्षों से लगातार कायम है। जो आज के समय में काफी प्रशंसनीय कार्य है। यहां के ऐतिहासिक रथ मेले में पूरे जिले समेत आसपास के निकटवर्ती राज्यों से भी श्रद्धालुओं की काफी संख्या जुटने की संभावना है।भंवरपहाड़गढ़ का यह ऐतिहासिक रथ मेला एक सप्ताह तक चलता है इसमें सर्कस, खेल तमाशे, झूले , खिलौने और मिठाई की दुकानें सजती है। इस बार यह मेला 27 जून को रथ यात्रा के साथ ही प्रारंभ होगी। कोलेबिरा स्थित मौसी बाड़ी में भगवान जगरनाथ बलभद्र और सुभद्रा के विग्रह को लाया जाएगा एवं 9 दिन श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ हेतु रखा जाएगा।

## सेवानिवृत्त शिक्षिका जीरेन बरजो को विद्यालय परिवार ने दी भावभीनी विदाई

**बानो।** प्रखंड के राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़का डुईल की सहायक शिक्षिका श्रीमती जीरेन बरजो 31 मई 2025 को सेवानिवृत्त हुईं। उनके सम्मान में बुधवार को विद्यालय परिवार की ओर से एक भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षिका के स्वागत से हुई, इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर माहौल को उल्लासपूर्ण बना दिया।समारोह में मयंगसोर स्कूल के प्रधानाध्यापक गजेंद्र प्रसाद, हथनंदा विद्यालय के प्रधानाध्यापक नवल किशोर सिंह, शिक्षक सिकंदर सिंह, बीपीएम, बीआरपी, सीआरपी, रिसोर्स टीचर, बाल गोविंद पटेल, लॉरेंस मंजी, मनोज कुमार, घनश्याम साहू, हीरामणि टोपनो, नंदकिशोर सिंह, आशीष पांडे, काजमील होरो, शशिकांता देवी, द्रौपदी कुमारी, प्रभु दयाल सिंह, जनकु सिंह, अशोक सिंह सहित कई शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।

## सामाजिक सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल, डूमरटोली में शिविर आयोजित

**ठेठईटांगर।** छोटानागपुर कल्याण निकेतन द्वारा ठेठईटांगर पंचायत के डूमरटोली गांव में सामाजिक सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के वंचित और जरूरतमंद लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ना था।शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, श्रमिक कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड सहित कई योजनाओं के लिए आवेदन किया। संस्था के प्रतिनिधियों ने लोगों को योजनाओं की जानकारी दी और मौके पर ही आवेदन भरने में सहायता की।संस्था की ओर से बताया गया कि पिछले वर्ष ठेठईटांगर प्रखंड के गुटबहार, ठेठईटांगर और मेरोमडेगा पंचायत से 1320 लोगों का विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए आवेदन कराया गया था। इस वर्ष भी संस्था का प्रयास है कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। इस अवसर पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और समुदाय के लोग उपस्थित रहे और संस्था की इस पहल की सराहना की।

## पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कोलेबिरा में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु प्रेरणा अभियान

**बोलबा।** जवाहर नवोदय विद्यालय कोलेबिरा में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए छात्रों को आवेदन हेतु जागरूक करने के लिए प्रेरणा अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व कक्षा 11वीं के छात्र उत्तमराज खलखो ने किया, जिन्हें शिक्षकों मनोज कुमार (पीजीटी रसायन) और अवधेश रजक (टीजीटी कला) का मार्गदर्शन मिला।उत्तमराज ने बोलबा प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों का भ्रमण कर कक्षा 5 के छात्रों को नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करने को प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को विद्यालय में मिलने वाली निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आवास, भोजन, गणवेश और अन्य सुविधाओं की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि कक्षा 6 में प्रवेश के लिए छात्र-छात्रा का जन्म 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच होना चाहिए तथा वे किसी सरकारी या मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययनरत हों। आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 है और परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को आयोजित होगी।विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने इस प्रयास की सराहना की और कहा कि यह पहल ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी।


## सिमडेगा में लिटिल चैंप्स फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**सिमडेगा।** झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में दिनांक 25 जून 2025 को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सिमडेगा में जिला स्तरीय प्रथम लिटिल चैंप्स फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एडीपीओ गायत्री साहू एवं सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी आदित्य राज द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।इस प्रतियोगिता में जिले के सभी प्रखंडों के अंडर-12 बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शानदार प्रदर्शन करते हुए आरसी प्राथमिक विद्यालय, रेंगारिह एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बांसजोर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी आदित्य राज ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन से नन्हें खिलाड़ियों को मंच मिला और फुटबॉल के प्रति उनका उत्साह देखने लायक था।

## बानो में लव जिहाद व धर्मांतरण के विरोध में हिंदू जागरण मंच की बैठक

**बानो।** प्रखंड के रायकेरा पंचायत अंतर्गत बिरहुली के करंज टोली में हिंदू जागरण मंच द्वारा लव जिहाद और धर्मांतरण के विरोध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में झारखंड प्रदेश के परावर्तन प्रमुख संजय कुमार वर्मा मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता स्वयं संजय वर्मा ने की। कार्यक्रम में अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद, बानो प्रखंड के पदाधिकारी भी शामिल हुए।प्रखंड अध्यक्ष महेश सिंह ने कहा कि क्षेत्र में हिंदू समाज की बड़ी संख्या होने के बावजूद लव जिहाद की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिस पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। सचिव उमाशंकर सिंह ने बताया कि एक महिला को मुस्लिम ठेकेदार बहला-फुसलाकर लोहरदगा ले गया। शिकायत के बाद पुलिस ने महिला व बच्ची को बरामद कर पति को सौंपा, लेकिन आरोपी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।संजय वर्मा ने कहा कि यह क्षेत्र ऐसी घटनाओं का गढ़ बनता जा रहा है, अब जनता सड़कों पर उतरने को मजबूर है। आर्थिक बहिष्कार और गांवों की नाकाबंदी का निर्णय लिया गया।

## सिमडेगा सदर अस्पताल ने अल्पविकसित नवजात की बचाई जान



**सिमडेगा।** स्वास्थ्य सुविधाओं से जूझ रहे आदिवासी बहुल सिमडेगा जिला से स्वास्थ्य विभाग की एक सकारात्मक खबर सामने आई है। सिमडेगा सदर अस्पताल में एक अल्पविकसित नवजात की जान बचाई गई। सिमडेगा सदर अस्पताल में कुछ दिनों पहले कोलेबिरा संनबोथा से एक भुनेश्वरी कुमारी का महज 700 ग्राम के अल्पविकसित बच्चे को जन्म दी सांस लेने में दिक्कत हो रही थी और वह फीडिंग भी नहीं कर सक रहा था। सिमडेगा सदर अस्पताल में उस बच्चे को विशेष देखभाल में रखा गया। चिकित्सक डॉ भानु प्रताप साहू के बेहतर देखभाल और इलाज के बाद नवजात धीरे धीरे स्वस्थ होता गया। करीब 26 दिन की सेवा और इलाज के बाद नवजात सही तरीके से सांस भी लेने लगा और उसने फीडिंग भी शुरू कर दी। इसके बाद नवजात के माता पिता आज उसे घर ले गए। हालांकि सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान ने सदर अस्पताल के हर दिन फोन के माध्यम से बच्चे पर निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया है। डॉ भानु प्रताप साहू ने कहा कि हमारा प्रयास है कि सिमडेगा एसएनसीयू वार्ड में भर्ती होने वाले सभी बच्चों को बेहतर से बेहतर सुविधा दी जाए।

# अभाविप ने आपातकाल के खिलाफ निकाली मशाल यात्रा

- उस समय के दिन करोड़ों भारतीयों के मौलिक अधिकारों को कुचल दी गई थी, 11 लाख लोगों को जेल भेज दिया गया था

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**




भारत में 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल को बुधवार को 50 साल पूरे हो रहे हैं। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में इंदिरा गांधी की कांग्रेस सरकार की तरफ से लगाई गई इमरजेंसी एक काला अध्याय है। आज के दिन करोड़ों भारतीयों के मौलिक अधिकारों को कुचल दी गई थी, 11 लाख लोगों को जेल भेज दिया गया था। विभाग संयोजक बाबूलाल मेहता ने कहा आज अभाविप के द्वारा देश में लगे आपातकाल के विरोध में मशाल जुलूस निकाला गया। युवाओं को सोचना चाहिए और यह मैसेज सभी लोगों को तक पहुंचना चाहिए कि आजाद भारत में आपातकाल जैसी घटना दोबारा कोई सरकार लगाने की हिम्मत ना करें। जिला संयोजक रुद्र राज ने कहा 25 जून 1975 में इंटरनल डिस्टरबेंस का हवाला देकर इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लागू किया जिससे भारत के नागरिकों पर डायरेक्ट प्रभावित हुए। इंदिरा गांधी के खिलाफ जयप्रकाश नारायण ने छात्रों के साथ संपूर्ण क्रांति आंदोलन खड़ा किया और दिल्ली के रामलीला मैदान में कहा सिंहासन खाली करो कि जनता आती है। 1975 से 1977 के बीच 81 लाख लोगों को उनके घरों से रेलवे स्टेशन सिनेमा हॉल से पकड़ पकड़ कर कैंप में ला कर जबरन नसबंदी कराया गया। नगर मंत्री यशवंत कुमार ने कहा 25 जून को भारत के इतिहास में कला दिन माना जाएगा। कार्यक्रम में विभाग संयोजक बाबूलाल मेहता , जिला संयोजक रुद्र राज ,नगर मंत्री यशवंत कुमार ,प्रभात कुमार , सह मंत्री साहिल सिंह, विवेक यादव ,शिबू कुमार मोंटी ,मंडल पवन कुमार ,पीयूष पासवान, राहुल एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## देवघर के घरों में नल से पहुंच रही बीमारी, लाखों लोगों की जान को खतरा

**देवघर।** एक स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ पेयजल का होना बहुत जरूरी है. डॉक्टर्स भी हमेशा यह कहते हैं कि आधे से ज्यादा बीमारी गंदा पानी पीने से होती है. इसलिए सरकार और स्वास्थ्य विभाग हमेशा ही लोगों से यह अपील करते दिखता है कि अच्छे भोजन के साथ स्वच्छ पेयजल जरूर पिएं. देवघर जिले की अगर बात करें तो यहां पर लोगों को स्वच्छ पानी पीने के लिए नहीं मिल रहा है, क्योंकि देवघर जिले के लोगों के लिए सप्लाई हो रहे पानी में गंदगी देखने को मिल रही है. दरअसल देवघर में, नदियों से सप्लाई हो रहे पानी में लगाए गए पंप की स्थिति काफी बुरी है. कई पंप तो खराब पड़े हुए हैं और जो पंप काम कर भी रहे हैं, वह भी पानी को बेहतर तरीके से साफ नहीं कर पाते हैं.

## जमीन विवाद में भाई ने ही की थी भाई की हत्या पुलिस ने किया खुलासा

**तिसरी।** गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड अंतर्गत लोकाय थाना क्षेत्र के चरकी गांव में 23 जून को हुई हत्या की गुत्थी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही सुलझा लिया है। मृतक त्रिभुवन राय की हत्या उसके ही बड़े भाई भिखारी राय ने की थी। जमीन विवाद में गुस्से से भरे भिखारी ने टांगी से वार कर अपने सगे भाई को मौत के घाट उतार दिया। एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने खोरीमहुआ कार्यालय में प्रेसवार्ता कर हह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 23 जून को तालाब किनारे त्रिभुवन राय का गला कटा शव मिला था। इसको लेकर परिजन द्वारा अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कराया गया था। मामले की जांच में सामने आया कि दोनों भाइयों के बीच वर्षों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। उसी विवाद में भिखारी राय ने सुनसान स्थान पर अपने भाई की निर्मम हत्या कर दी।

## झामुमो की वरिष्ठ कार्यकर्ता सुमन सिन्हा का निधन



**डुमरी।** प्रखंड के इसरी बाजार निवासी एवं झामुमो के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुमन सिन्हा (63) का निधन 24 जून (मंगलवार) को धनबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई ।बुधवार को उनका अंतिम संस्कार इसरी बाजार के पुराना श्मशान घाट में किया गया ।मूखाग्नि उनकी बड़ी बेटी रौशनी कुमारी ने दी ।दिवंगत की दो पुत्री रौशनी कुमारी एवं गौरी कुमारी है ।दोनों बेटियों ने अपने पिता की अर्थी को कांधा दिया। घटना के बाद मृतक के बड़े भाई किशोर सिन्हा छोटे भाई रंजीत सिन्हा मृतक की पत्नी अलका सिन्हा व उनके परिजनों तथा शुभचिंतकों में शोक की लहर है। घटना की खबर सुन कर पूर्व मंत्री बेबी देवी,अखिलेश महतो झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो पूर्व मुखिया अजीत कुमार, सुबोध सिन्हा आदि झामुमो प्रखंड कमिटी के कई कार्यकर्ता शोकाकुल परिजनों से भेंट कर सांत्वना दी ।नेताओं ने कहा कि दिवंगत झामुमो के एक कर्मठ, संघर्षशील,अग्रिम पंक्ति में तत्पर रहने वाले सदस्य थे ।उनका निधन झामुमो प्रखंड कमिटी के लिए अपूर्णीय क्षति है।

## दुबई में फंसे झारखंड के 15 प्रवासी श्रमिकों ने लगाई मदद की गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**



**गिरिडीह।** गिरिडीह, हजारीबाग,और धनबाद जिले के प्रवासी मजदूरों के विदेश में फंसे होने का मामला एक बार फिर सामने आया है। इन जिलों के 15 प्रवासी मजदूर दुबई में फंसे हैं। सभी मजदूर मसाई कॉन्ट्रैक्टिंग एलएलसी कंपनी में काम करने गए थे। प्रवासी मजदूरों की ओर से वायरल वीडियो में कहा गया है कि पिछले तीन माह से मजदूरों को कंपनी की ओर से मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। मजदूरों के सामने खाने-पीने का संकट खड़ा हो गया है। मजदूरों ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर अपनी दुर्दशा बताते हुए केंद्र और राज्य सरकार से वतन वापसी में सहयोग की अपील की है। केंद्र और झारखंड सरकार से श्रमिकों की मदद करने की अपील मजदूरों ने सोशल मीडिया पर अपनी पीड़ा बताई है। झारखंड में प्रवासी श्रमिकों के लिए काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली ने केंद्र और झारखंड सरकार से अपील करते हुए कहा है कि इन मजदूरों की सकुशल वतन वापसी के लिए ठोस पहल की जाए। इसके पहले भी कई बार ऐसा मामला सामने आया है, जब प्रवासी मजदूर पैसे कमाने के लिए विदेश चले गए और वहां जाने के बाद उनका शोषण किया गया।

### ये मजदूर फंसे

जानकारी के मुताबिक फंसे मजदूरों के नाम हजारीबाग जिले के बिष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के अलखरी खुर्द के चुरामन महतो, चंद्रिका महतो, कैलाश महतो, उदयपुर के बिशुन महतो, जगन्नाथ सिंह, चितरामो के लखन सिंह, सुखदेव सिंह, गोविंदपुर के अर्जुन महतो, आंगो थाना क्षेत्र अंतर्गत जोलमी के त्रिलोकी महतो, पलमा के बालेश्वर महतो, गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के अम्बाडीह के बैजनाथ महतो, महेंद्र महतो, निमियांघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत माकन के सीताराम महतो, मूरत महतो और धनबाद जिले के तोपचांची थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेरो के संजय कुमार महतो शामिल हैं।

## जेएलकेएम ने मांडू विधायक का किया पुतला दहन

**बरही ।** बीते 22 जून को मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने आजसू के स्थापना दिवस पर विवादित बयान देकर राजनीति गर्म कर दिया है. बयान को लेकर जेकेएलएम ने केन्द्रीय उपाध्यक्ष कृष्णा यादव के नेतृत्व में बरही चौक पर मांडू विधायक का पुतला दहन किया. जो जेएलकेएम के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो के खिलाफ मांडू विधायक के अपमानजनक, अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी को लेकर की गई थी. केंद्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि मांडू विधायक को अपनी गलती स्वीकारते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए. उनके शब्दों से समाज में गलत संदेश गया है और स्त्री समाज का अपमान हुआ है. पुतला दहन कार्यक्रम में चौपारण प्रखंड अध्यक्ष राहुल साहू, पदमा प्रखंड अध्यक्ष अनिल मेहता, सुधीर पांडेय, धनेश्वर दांगी, श्याम दांगी, लाल धारी साव, सुनील कुमार, मजहर अंसारी, एजाज अंसारी, मनोज दांग, संदीप प्रजापति आदि कई लोग थे.

## आपातकाल के 50 वर्ष बाद भी लोगों के जहन में पाबंदिया और अत्याचार जिंदा हैं : रविंद्र राय

**नवीन मेल सयंवाददाता**



**रामगढ़।** लायंस क्लब रामगढ़ में 25 जून को 4 :00 बजे भाजपा रामगढ़ जिला समिति द्वारा प्रदेश के निर्देशानुसार एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवीन्द्र राय, विशिष्ट अतिथि रंजीत कुमार सिन्हा एवं विधायक रौशन लाल चौधरी उपस्थित रहे । जबकि मंच पर रणजय कुमार कुंटू कुटू बाबू, डॉ संजय सिंह, प्रो संजय सिंह, रंजन फौजी,दिनेश साहू, कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, राजीव जायसवाल,चंद्रशेखर चौधरी मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार मेहता ने एवं मंच का संचालन महामंत्री विजय जायसवाल ने किता । सेमिनार को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि रविंद्र राय ने कहा की आपातकाल तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 25 जून 1975 को लगाकर भारतीय संविधान का गला घोट ने का काम किया गया था। इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की थी। आपातकाल में राष्ट्रपति के लिए गए फैसले को न्यायालय की समीक्षा से बाहर किया गया। सरकार के प्रति वफादार न रहने वाले जजों के तबादले किए गए।अटल बिहारी बाजपेई , लाल कृष्ण आडवाणी सहित विपक्ष के कई क्रांतिकारी नेताओं को हजारों की संख्या में रातों रात जेल में डाल दिया गया। स्कूल कालेज में पढ़ने वाले छात्र शिक्षा से वंचित हो गए। तब इस अत्याचार से देश को बचाने के लिए छात्रों ने जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व देश भर में आंदोलन कर पूरे देश को एकजुट किया ।

## दुमका में नाबालिग आदिवासी छात्रा से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**दुमका।** जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में सातवीं कक्षा की नाबालिग आदिवासी छात्रा के साथ उसके पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने दुष्कर्म किया. आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया था. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया. पीड़िता द्वारा लिखित आवेदन में बताया गया कि दो दिन पहले रविवार की शाम काफी तेज आंधी तूफान के साथ बारिश हो रही थी. उसके परिजन बगल गांव में रिश्तेदार के घर काम से गए हुए थे. इस दौरान वह घर पर अकेली थी. इसी बीच उसके पड़ोसी ने अचानक घर में घुसकर उसे पकड़ लिया और उसके साथ गंदा काम करने लगा. वह काफी चीखी चिल्लाई पर बारिश की वजह से कोई उसकी आवाज नहीं सुन सका. कुछ देर बाद आरोपी वहां से भाग गया. देर रात जब परिजन घर लौटे तो उसने सारी बात बताई. इसके बाद परिजन पीड़िता को लेकर शिकारीपाड़ा थाना पहुंचे और पूरी घटना सुनाई. पुलिस ने इस बाबत थाना कांड संख्या 64/25 दर्ज किया है. जिसमें भारतीय न्याय संहिता की धारा 65 (1) और 04 पोक्सो एक्ट की धारा अंकित की गई है. इस पूरे मामले पर शिकारीपाड़ा के थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने बताया कि नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया था. कई स्थानों पर छापेमारी की गई, जिसके बाद मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है.

## बिरसा हरित ग्राम योजना से किसान हो रहे मालामाल

**हजारीबाग।** इन दिनों हजारीबाग में आम उत्सव सह बागवानी मेले का आयोजन किया जा रहा है. जहां किसान अपने उपजाए हुए आम का प्रदर्शन कर रहे हैं. जिला प्रशासन की मनसा है कि किसानों को अच्छा बाजार मिल सके. इस उद्देश्य के साथ यहां पर आम उत्सव मनाया जा रहा है. बिरसा हरित ग्राम योजना मनरेगा के तहत आम बागवानी योजना धरातल पर उतारी गई थी. 2020 में इस योजना के तहत किसानों को आम के पौधे उपलब्ध कराए गए थे. आज किसान का बगीचा आमों से भरा हुआ है. बिरसा हरित ग्राम योजना कार्यक्रम के तहत हजारीबाग के इचाक प्रखंड में आम उत्सव सह बागवानी मेले का आयोजन किया गया. इस अवसर पर प्रखंड के 19 पंचायत के लाभुकों की ओर से बागवानी मेले में आम की विभिन्न किस्मों की प्रदर्शनी लगाई गई. जिसमें आम्रपाली, लंगड़ा, मालदा, दशहरी आदि आम थे.

**समीक्षा बैठक** | डीएमएफटी के तहत हो रहे विकास कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

# योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश

- उपायुक्त ने उपस्थित सभी सहायक अभियंता को योजनाओं का समय-समय पर निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया।

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में रामगढ़ जिले में अनाबद्ध निधि, पर्यटन विकास एवं डीएमएफटी के माध्यम से हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने डीएमएफटी के तहत संचालित विभिन्न कार्यकारी एजेंसीयों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं सभी कार्यकारी एजेंसियों को उनके तहत किए जा रहे हैं योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिला अनाबद्ध निधि एवं डीएमएफटी के माध्यम से संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अब तक हुए कार्यों की विस्तार से जानकारी ली एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया वहीं बैठक के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित सभी सहायक अभियंता को योजनाओं का समय-समय पर निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। पर्यटन विकास की दिशा में जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पर्यटन स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की एवं उन्हें जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अलग-अलग स्थलों पर ट्रेकिंग साइट, इको टूरिज्म साइट चिन्हित करने को लेकर चर्चा के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने रामगढ़ जिले के अलग-अलग क्षेत्र में जिला व प्रखंड स्तरीय खेल स्टेडियम निर्मित करने, सांस्कृतिक दृष्टिकोण से अखरा निर्माण करने को लेकर भी चर्चा के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त रामगढ़ आशीष अग्रवाल, सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, जिला योजना पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंताओं, सहायक अभियंताओं, प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## सिविल सेवा सर्विस की तैयारी को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला का समापन

**बरही ।** रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय में सिविल सेवा सर्विसेज की तैयारी को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसमे दिल्ली सिविल आईएएस अकैडमी के अध्यक्ष अंकीत बाजर, विजय संधू व झारखंड के मार्केटिंग हेड शुभम सौरभ ने विद्यार्थियों को इस की तैयारी से संबंधित कई महत्वपूर्ण टिप्स की जानकारी दी. कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ विमल किशोर ने अतिथियों संग दीप प्रज्ज्वलित कर किया. प्राचार्य ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्नातक की पढ़ाई के दौरान ही सिविल सेवा से संबंधित जानकारियां देना है. ताकि बच्चे यूपीएससी की परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी ले सकें. आईएएस अकडमी संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि आईएएस की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को जिज्ञासु होना आवश्यक है.

विद्यार्थियों में लगातार पढ़ने की आदत, अनुशासन के सकारात्मक सोच जैसे गुणों का विकास आवश्यक है. प्राचार्य ने कहा कि लक्ष्य भले ही बड़े है पर असंभव नहीं. अभी से ही जुनून के साथ तैयारी में जुटे निश्चित हीं सफलता मिलेगी.


रजिस्ट्री सं. डी. एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.डी.एल. अ.– 14062025–263804
CG-DL-E- 14062025-263804
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II –खण्ड 3– उप खण्ड–II
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3110] नई दिल्ली, शुक्रवार, जून 13,2025/ज्येष्ठ 23, 1947
No. 3110] NEW DELHI, FRIDAY 13, 2025/JYAISTHA 23, 1947

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 13 जून, 2025

का.आ. 2600(अ)– केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) के अधिन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 3572(अ) तारीख 22.08.2024, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग (ii) खण्ड 3, उपखण्ड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखण्ड राज्य के खूँटी जिले के NH-75E(New NH-20) के कि0मी0 21.340 से कि.मी. 47.700 तक के भू–खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2–लेन/4–लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचलन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "26.09.2024" को "हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण, प्रभात खबरए दैनिक भास्कर, राँची एक्सप्रेस, आजाद सिपाही, तानीम न्यूज" और "झारखण्ड जागरण" दोनों में प्रकाशित किया गया था ;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

3833 GI/2025 (1)

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसारण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिश्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप में केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

झारखण्ड राज्य के खूँटी जिले में NH-75E(New NH-20) के कि.मी. 21.340 से कि.मी. 47.700 तक के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।

| राज्य का नाम :– झारखण्ड | | | जिले का नाम :– खूँटी | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कमिक संख्या | सर्वेक्षण संख्या | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | भूमि का क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) | भूस्वामी/हितबद्ध व्यक्तियों का नाम |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| तालुक का नाम : खूँटी | | | | | |
| गांव का नाम : फुदी | | | | | |
| 577 | 319 | निजी | दोन दो | 0.1060299 | प्रभुदयाल मुंडा |
| 578 | 33 | निजी | दोन दो | 0.0323756 | मो. कलाम, सलोनी उराईन |
| 579 | 34 | निजी | दोन दो | 0.0161878 | जोसेफ मुंडा, पिता – मगरा मुंडा |
| 580 | 342 | निजी | दोन एक | 0.0263051 | श्री पीटर केरकेट्टा पिता जोसेफ केरकेट्टा |
| 581 | 342/3231 | निजी | दोन दो | 0.0473493 | कुम्हार वो बलदेव कुम्हार पेशरन सूना कुम्हार संजीव कुमार पिता लक्ष्मण प्रसाद, शिव नारायण राम पिता स्वर्गीय राम किशोर राम |
| 582 | 343 | निजी | परती कदीम | 0.0182113 | श्री पीटर केरकेट्टा पिता जोसेफ केरकेट्टा |
| 583 | 344 | निजी | दोन दो | 0.0627276 | श्री पीटर केरकेट्टा पिता जोसेफ केरकेट्टा |
| 584 | 345 | निजी | परती कदीम | 0.014569 | श्री पीटर केरकेट्टा पिता जोसेफ केरकेट्टा |
| 585 | 347 | निजी | दोन एक | 0.0534197 | प्रभुदयाल मुंडा |
| 586 | 348 | सरकारी | परती कदीम | 0.0283286 | गैरमजरुआ खास |
| 587 | 35 | निजी | दोन दो | 0.0768919 | जुशफ मुडां, वल्द – मगंरा मुडां |
| 588 | 350 | सरकारी | सड़क | 0.1626872 | कैशर हिंद |
| 589 | 351 | सरकारी | सड़क | 0.009308 | कैशर हिंद |
| 590 | 44 | निजी | दोन तीन | 0.0020235 | जुशफ मुडां, वल्द – मगंरा मुडां |
| 591 | 45 | निजी | दोन तीन | 0.344395 | जुशफ मुडां, वल्द – मगंरा मुडां |
| 592 | 46 | सरकारी | परती कदीम | 0.0518009 | गैरमजरुआ खास |
| 593 | 47 | निजी | टाड़ दो | 0.1497369 | विधा देवी संतोष कुमार , विजय कुमार ,विकम , पिता–खृष्टदयाल |
| 594 | 485 | निजी | परती कदीम | 0.0416835 | अंजुम आरा , पति–मोहम्मद फैजुल हक अंसारी |
| 595 | 486 | निजी | परती कदीम | 0.0348037 | प्रवीण प्रकाश पिता नवीन कुमार |
| 596 | 49 | निजी | टाड़ दो | 0.0687981 | महली कुम्हार वो शुखनाय कुम्हार, पेशरान – शुरज कुम्हार |
| 597 | 514 | सरकारी | परती पथल | 0.0287333 | गैरमजरुआ खास |
| 598 | 515 | निजी | परती कदीम | 0.0542291 | श्री लाल मोहन यादव , पिता–स्व. जगन यादव, मोहम्मद हुसैन अंसारी , पिता–मोहम्मद मोसलिम अंसारी, मोहम्मद आलम अंसारी , पिता–स्व. अब्दुल रहमान, मोहम्मद परवेस अंसारी , पिता–स्व. अब्दुल रहमान, द्रोपदी देवी , पति–जय प्रकाश नारायण सिन्ह, श्री नंकेश्वर नाग वो श्रीमति रानी देवी , पिता–श्री जीतवाहन नाग, श्री बशिष्ट नारायन राय , पिता–स्व. श्री राय |
| 599 | 516 | निजी | टाड़ तीन | 0.0161878 | श्रीमती रिणु देवी, पति–श्री वीरेंद्र कुमार गुप्ता, श्रीमती कंजन कुमारी, पिता–श्री मनोज कुमार, रीना देवी, राजेश कुमार राम, कलिशा कुमारी, प्रदीप कुमार काशी, प्रकाश साहू, स्वर्गीय गणेश साहू |
| 600 | 517 | निजी | परती कदीम | 0.0190206 | सुमित्रा देवी , पति–महादेव कुम्हार, राजेन्द्र महतो , पिता–स्व. बुधराम महतो |
| 601 | 521 | निजी | टाड़ तीन | 0.0299474 | मु. हुसेन , अब्दुल कलाम वो अब्दुल गफूर , पिता–अब्दुल सतार , अबइल गफूर अंसारी , पिता–श्री सेख सतार, श्री सोरभ कुमार साहु , पिता–सुधीर प्रसाद साहु, सुनील कुमार पिता–हरिचंद साहू |
| 602 | 522 | सरकारी | परती कदीम | 0.0226629 | गैरमजरुआ खास |
| 603 | 523 | निजी | टाड़ तीन | 0.0004047 | श्रीमति बुधान देवी , पति–श्री पुसवा महतो |
| 604 | 524 | निजी | टाड़ तीन | 0.0558478 | मोहम्मद सज्जाद अख्तर , पिता–मोहम्मद जमाल उददीन, मो. मुस्ताक आलम , पिता–स्व. रफीक आलम, मो सहजाद आलम , पिता–मोहम्मद सलीम, ए. सेलवराज स्वांमी , पिता–स्व. आरोग्य स्वांमी , इसराइल अंसारी, पिता–मोहम्मद रफीक अंसारी, |
| 605 | 528 | निजी | दोन तीन | 0.0772966 | श्रीमती सीमा कश्यप, पिता–शिवा कुमार, श्री शिवा कुमार, पिता–स्व. कमला प्रसाद, मृत्युंजय गंझू, पिता लेफ्टिनेंट। भगत मोहन गंझू, जनार्दन कुमार, पिता–दीनबंधु भगत, सौरव कुमार साहू, पिता सुधीर प्रसाद साहू, |
| 606 | 590 | निजी | टाड़ तीन | 0.0647511 | राकेश रंजन, पिता–बिन्देश्वरी चौधरी, रंजू कुमारी, पति–राकेश रंजन |
| 607 | 591 | सरकारी | परती पथल | 0.0137596 | गैरमजरुआ खास |
| 608 | 592 | निजी | दोन तीन | 0.0157831 | राकेश रंजन, पिता–बिन्देश्वरी चौधरी |
| 609 | 593 | सरकारी | परती पथल | 0.0522056 | गैरमजरुआ खास |
| 610 | 594 | निजी | टाड़ तीन | 0.0445164 | राकेश रंजन, पिता–बिन्देश्वरी चौधरी |
| 611 | 595 | सरकारी | परती पथल | 0.0772966 | गैरमजरुआ खास |
| 612 | 779 | निजी | टाड़ तीन | 0.0841764 | चांगो मुंडा परहो मुंडा , पिता–पौलुस मुंडा, |
| 613 | 781 | निजी | टाड़ तीन | 0.0210441 | जुशफ मुडां, वल्द – मगंरा मुडां |
| 614 | 788 | निजी | टाड़ तीन | 0.0598948 | खुदन मुंडा पिता धुचु मुंडा , दुर्गा मुंडा पिता धुचु मुंडा |
| 615 | 789 | निजी | दोन तीन | 0.0424929 | लोझो मुंडा |
| 616 | 790 | निजी | टाड़ दो | 0.0157831 | लोझो मुंडा |
| 617 | 791 | निजी | टाड़ दो | 0.0461352 | फ्रीडा सोय वो एम. जेनेट सोय पेशरन – स्व. निर्मल सोय अंशू आनंद टोप्पो पिता एम टोप्पो किशोर तिर्की पिता स्वर्गीय जोसेफ तिर्की |
| 618 | 792 | निजी | टाड़ दो | 0.0493727 | शुखराम मुंडा वो शखा मुंडा वो रिहइ मुंडा वो वुवा मुंडा वो जोहन मुंडा वो चुचु मुंडा उर्फ वेला मुंडा पेशरान – मगरा मुंडा |
| 619 | 793 | निजी | टाड़ दो | 0.0360178 | शुखराम उराव वो लुआश उराव वो लोदरो उराव वो गागु उराव पेशरान लिय उराव |
| 620 | 85 | सरकारी | जंगल झाड़ी | 2.1485229 | गैरमजरुआ खास |
| 621 | 953 | सरकारी | परती पथल | 0.1238365 | गैरमजरुआ खास |
| 622 | 958 | सरकारी | परती पथल | 0.1537839 | गैरमजरुआ खास |
| 623 | 959 | निजी | टाड़ तीन | 0.048968 | बुधवा भोगता वल्द कन्दरु भोगता |
| 624 | 997 | निजी | टाड़ तीन | 0.0307568 | उषा जयसवाल, पिता–सुरेंद्र प्रसाद भगत, सुचिता लाकड़ा, पिता–स्वर्गीय पबेरस लाकड़ा, |
| 625 | 998 | निजी | टाड़ तीन | 0.0602995 | जौजेसनिचरवा उरांव पिता मुकमु उरांव, पना उरांव पिता मुकमु उरांव, मोसोमात जुगनु पिता मुकमु उरांव, वन्दो उरांव पिता मुकमु उरांव, हरी उरांव पिता मोशा उरांव |
| 626 | 999 | निजी | टाड़ तीन | 0.1011736 | जॉन विजय गुरिया, पिता–हरमन गुरिया, फिलोमिना मिंज, पति–इसदारे मिंज, बंधु उरांव वो बाना उरांव पिता भूखला उरांव |
| गांव का नामः कानाडिह | | | | | |
| 627 | 378 | निजी | टांड़ दो | 0.0036423 | लोहरा पाहन पिता–वडा खुदन पाहन |
| 628 | 379 | निजी | टांड़ दो | 0.0995548 | लागोरा मुंडा व खुदन मुंडा , पिता–कोचेया मुंडा |
| 629 | 380 | निजी | दोन तीन | 0.0008094 | लोहरा पाहन पिता–वडा खुदन पाहन |
| 630 | 381 | निजी | दोन तीन | 0.0845811 | लोहरा पाहन पिता–वडा खुदन पाहन |
| 631 | 382 | सरकारी | परती पथल | 0.1153379 | गैरमजरुआ खास, |
| 632 | 383 | निजी | टांड़ तीन | 0.2650749 | जीबन कच्छप , पिता–जेकप कच्छप |
| 633 | 384 | निजी | परती पथल | 0.038446 | जीबन कजीबन कच्छप , पिता–जेकप कच्छपछप, फादर–जाकेप कछप |
| 634 | 428 | निजी | टांड़ दो | 0.1869688 | लाल चन्द जैन , पिता–लादुलाल जैन, जगदीश बरई , वल्द–स्व. वंगाली बरई, श्री रधु नाथ महतो , पिता–स्व. राम नाथ महतो |
| 635 | 430 | निजी | टांड़ दो | 0.1444759 | सोमरा मुंडा , पिता–सानिक मुंडा एवं लुसा मुण्डा , भागु मुण्डा , पिता–मंगरा मुण्डा एवं मागो वो मोडे , पिता–बाहर मुण्डा एवं सागर पिता–मरधन एवं मनसीद , पिता–मोडया मुण्डा, जीदन नूर संगा , पति–रोयन संगा |
| 636 | 438 | सरकारी | रास्ता | 0.0133549 | गैरमजरुआ खास, |
| 637 | 439 | निजी | टांड़ दो | 0.2051801 | सुरज नाथ साहू राम चारासा साहू एंड, पिता–बंधना साहू एंड कागरू साहू वोह लादरू, पिता–बंधना साहू मो. लक्ष्मीन धुनू साहू, महावीर प्रसाद जैन वोह मोती लाल जैन, रामकृपा साहू थाट राम चंद्र साहू, पिता –स्वर. सुरज साहू, राधा कृष्णा प्रसाद साहू, पिता––लेट. हरी प्रसाद साहू, श्री मती राजकुमारी देवी, जौजे–श्री लश्रमण महतो, एआरसए मंजूद ईवीआई हसबैंड–श्रीफगुवा मुहातो, कृष्णा यादव, पिता––श्रीमहादेव यादव, डोमा गोप, पिता––सेल्फ. लोहरा अहिर, रुफस एआईएनडी, पिता––स्वर. अनेस एआईएनडी, महम्म नौशाद आलम, पिता––मदर–आईएन–लव नईम खान, मुहम्मद नईम खान, पिता––स्वर. मुहम्मद समसुद्दीन खान, एआरसए किलिस्टा सांगा, हसबैंड–सुशिला सांगा, एआरसए संजोती देवी, हसबैंड–नरेंद्र कुमार एंड आशा देवी, हसबैंड–राम जीत महतो, अनिरुध कुमार, पिता–लेट. घासीराम महतो, शांति देवी, हसबैंड–रोहिन दास महतो एंड रोहिन दास, पिता–सुकर महतो, एआरसए ललिता देवी, हसबैंड–श्री बालाकिशोर साहू, एआरसए निरासो देवी, हसबैंड. जगरनाथ गोप हरेंद्र महतो, विरेंद्र महतो, उपेंद्र कुमार, सोन–रामचंद्र महतो, अभिषेक कुमार, सोन–आशुतोष भगत, रविन्द्र नाथ गोप, सोन–डोमा गोप, इंदू देवी, सोन–सत्य नारायण सोनार, हर्ष कुमार सोनी, सोन–किशोरे साहू, पल्लवी देवी, हसबैंड–रोहित सोनी, किरण देवी, हसबैंड–नागेश्वर महतो |

फा.सं. RW/Ranchi/LA/Km 16.400 to Km 47.700/NH-75E/3D]
शेख अमीनखान, निदेशक

PR 355951 District(25-26).D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

यदि स्वयं में विश्वास करना और अधिक विस्तार से पढ़ाया और अभ्यास कराया गया होता, तो मुझे यकीन है कि बुराइयों और दु:ख का एक बहुत बड़ा हिस्सा गायब हो गया होता। - **स्वामी विवेकानंद**

## संपादकीय

### क्षेत्रीय नहीं वैश्विक शक्ति परीक्षण

ईरान के तीन प्रमुख परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी हमले को लेकर चर्चा है कि यह एक बड़ा खेल है, जो सिर्फ पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं है। जैसे व्लादिमीर पुतिन द्वारा यूक्रेन पर हमले का एकमात्र उद्देश्य यूक्रेन के लोकतंत्र को नक्शे से मिटाना और उसे रूस में शामिल करना है, उसी तरह 2023 में लेबनान, यमन और इराक में आतंक के ईरानी प्रतिनिधियों तथा हमास द्वारा इस्राइल पर हमला समावेशी ताकतों और प्रतिरोध की ताकतों के बीच वैश्विक संघर्ष है। इस संघर्ष में एक तरफ वैसे नेता शामिल हैं, जिनका देश व्यापार से ज्यादा लाभ उठाता है, जो वैश्विक खतरे के खिलाफ ज्यादा सहयोग करते हैं और भले ही लोकतांत्रिक न हों, मगर ज्यादा सभ्य तरीके से शासन करते हैं, दूसरी तरफ वैसे नेता हैं, जो इन सब प्रवृत्तियों का विरोध करते हैं, क्योंकि संघर्ष उन्हें अपने नागरिकों का दमन करने, अपनी सेना को मजबूत करने और अपने राजकोष से पैसा चुराने में सक्षम बनाते हैं। समावेशी ताकतें तेजी से मजबूत होती जा रही थीं। यूक्रेन पश्चिम में शामिल होने के लिए तैयार दिख रहा था और इस्राइल पश्चिम एशिया में शामिल होने के लिए। लेकिन पुतिन ने हमला करके यूक्रेन को पश्चिम में शामिल होने से रोक दिया और हमास तथा ईरान के दूसरे प्रतिनिधियों ने इस्राइल पर हमला करके उसे सऊदी अरब के निकट आने से रोक दिया। ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद मीडिया में पहला सवाल उठा कि क्या राष्ट्रपति ट्रंप समझते हैं कि इस वैश्विक संघर्ष में पुतिन किस तरफ हैं। ईरान और रूस करीबी सहयोगी हैं। ईरान ने यूक्रेन युद्ध में रूस को ड्रोन उपलब्ध करवाए हैं। यूक्रेन को इतना सैन्य, आर्थिक एवं कूटनीतिक सहयोग करें कि वह रूस का विरोध कर सके, ठीक उसी तरह जैसे अमेरिका हमास और ईरान को हराने के लिए इस्राइल की मदद कर रहा है। पुतिन और अयातुल्ला एक ही तरह की दुनिया चाहते हैं, जो तानाशाही, धर्मतंत्र एवं उनके भ्रष्टाचार के लिए सुरक्षित हो। वे एक ऐसी दुनिया चाहते हैं, जो व्यक्तिगत स्वतंत्रता, कानून के शासन, स्वतंत्र प्रेस की हवाओं से मुक्त हो; और जो स्वतंत्र विचारों वाले पड़ोसियों के विरुद्ध रूसी और ईरानी, दोनों साम्राज्यवाद के लिए सुरक्षित हो। चीन हमेशा से दोनों खेमों में शामिल रहा है। इसकी अर्थव्यवस्था स्वस्थ और बढ़ी समावेशी दुनिया पर निर्भर करती है, लेकिन राजनीतिक नेतृत्व प्रतिरोधी दुनिया के साथ मजबूत संबंध बनाए रखता है। चीन ईरान से तेल खरीदता है, लेकिन हमेशा चिंतित रहता है कि अगर ईरान के पास परमाणु बम आ गया, तो वह एक दिन शिनजियांग के मुस्लिम अलगाववादियों को भी इसे मुहैया करा सकता है। ईरान से चीन की तेल खरीद तेहरान की बाहरी आय का बड़ा स्रोत है, जिसने ईरान को हमास, हिजबुल्ला और हाल तक सीरिया को वित्तपोषित करने में सक्षम बनाया। आइए, अब इस संघर्ष को विशुद्ध पश्चिम एशिया के नजरिए से देखें। ईरान में इस्लामी क्रांति ने शाह को उखाड़ फेंका, सऊदी शासक परिवार को उखाड़ फेंकने की कोशिश कर रहे शुद्धतावादी जिहादियों द्वारा मक्का में ग्रैंड मस्जिद पर कब्जा, इस्राइल और मिस्र के बीच कैंप डेविड शांति संधि पर हस्ताक्षर तथा संयुक्त अरब अमीरात में दुबई में जेबेल अली बंदरगाह का उद्घाटन, जो दुनिया में सबसे बड़े बंदरगाहों में से एक बन गया। और फिर पश्चिम एशिया में समावेशी और प्रतिरोधी ताकतों के बीच एक विशाल क्षेत्रीय संघर्ष शुरू हुआ।

*ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद मीडिया में पहला सवाल उठा कि क्या राष्ट्रपति ट्रंप समझते हैं कि इस वैश्विक संघर्ष में पुतिन किस तरफ हैं।*

# देश का आनेवाला कल नशे के दलदल में न समा जाए

नशीली दवाओं के दुरुपयोग व अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस



नशा केवल नाश करता है, जिसे नशेड़ी बड़े शौक से सेवन करते है वो शरीर को बेहद घातक तरीके से प्रभावित करता है। नशा सर्वप्रथम मनुष्य के मस्तिष्क पर हावी होता है एवं उसके सोचने-समझने की क्षमता को नष्ट करता है और धींरे-धींरे सम्पूर्ण शरीर को कमजोर करता है। जितनी देर नशे का प्रभाव मस्तिष्क पर रहेगा, तब तक नशेड़ी मनुष्य के अनुचित व्यवहार की संभावना प्रबल रहती है। सीधी सी बात है, अगर मनुष्य का मस्तिष्क ही अनियंत्रित होगा तो उसका खुद पर काबू भी नहीं रहेगा। वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट, 2021 अनुसार, नशीली दवाओं के उपयोग और अपराध के बीच एक करीबी संबंध है। हम खुद भी देखते है कि दुनियाभर में अपराधों में भयावह बढ़ोत्तरी में नशा मुख्य कारण है, अर्थात आधे से ज्यादा अपराध नशे की हालत में या नशे के लिए किये जाते है। नशे के लिए पैसे न मिलने पर नशेड़ियों द्वारा अपने माँ-बाप का भी कत्ल कर देने की खबरें या अनुचित घटनाएं देखने-सुनने को मिलती है। अब तो अपराध बेहद कम उम्र में ही देखने मिलता है, स्कूली बच्चें भी नशे के आदि नजर आते है। अभिभावकों का बच्चों के प्रति गैरजिम्मेदाराना रवैया या बच्चों पर अंधा विश्वास, फैशन और फिल्म इंडस्ट्री का नकारात्मक असर एवं सोशल मीडिया की लत ने बच्चों के विकास को बड़ी बुरी तरह खराब किया है। अगर बच्चों के कोमल मन मस्तिष्क पर अभी से नशे का जहर हावी होने लगा तो, देश का उज्जवल भविष्य तो अपराधों के दलदल में ही पनपेगा। हर छोटी-छोटी बात पर पार्टी और पार्टी के नाम पर नशा करते युवा। आज हम जिधर देखे उधर मादक पदार्थों की तस्करी, नशेड़ियों द्वारा अपराध और दुर्घटनाएं एवं बुरी खबरें है, शायद ही कोई दिन होगा जब इससे संबंधित खबरें न छपती हो। मादक पदार्थों का जाल तेजी से फैला है, नशे की तस्करी में भी बच्चों का इस्तेमाल हो रहा है।

देश में सबसे ज़्यादा प्रचलित मादक पदार्थों में शराब, मारिजुआना (गांजा, हशीश, भांग), हेरोइन (ओपिओइड), फार्मास्युटिकल ओपिओइड (फेंटेनाइल, कोडीन व अन्य), तंबाकू (निकोटीन), मेथामफेटामाइन (क्रिस्टल मेथ), कोकेन, बेंजोडायजेपाइन (जैसे डायजेपाम, अल्प्राजोलम), अफीम यह है। नशे के लिए छोटे बच्चे भी इनहेलेंट जैसे गोंद, व्हाइटनर, कफ सिरप, दर्द निवारक, पेंट थिनर, फिनाइल, सैनिटीज़र, पेट्रोल या अन्य ज्वलनशील तेज गंध वाले रसायनों को सूंघते है। बच्चों में शराब और तंबाकू का बढ़ता उपयोग भी चिंता का विषय है। आज संगठित अपराध अवैध नशीली दवाओं के व्यापार को बढ़ावा दे रहा है, जिसके कारण दुनिया भर के लोगों और समुदायों पर विनाशकारी परिणाम हो रहे हैं। इसलिए इस वर्ष 2025 के अंतर्राष्ट्रीय नशीली दवाओं के दुरुपयोग विरोधी दिवस का नारा है "जंजीरों को तोड़ना : सभी के लिए रोकथाम, उपचार और पुनर्प्राप्ति!" यह नारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी से निपटने के लिए सामुदायिक समर्थन, स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच और वैश्विक एकजुटता की आवश्यकता पर जोर देता है। हम सभी ने अपने स्तर पर जागरूक होकर नशे के विरुद्ध लड़ाई लड़नी है।

पंजाब से ज्यादा नशेड़ी देश के सबसे शिक्षित राज्य केरल में, जी हां, यह आंकड़ा भयावह है। 2024 में, केरल ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत 27,701 मामले दर्ज किए, जो पंजाब में 9,025 मामलों से तीन गुना अधिक है। देश के कुल राज्यों में से केरल में ड्रग से संबंधित मामलों की दर सबसे अधिक है, पिछले चार वर्षों में, केरल ने 87,101 ड्रग से संबंधित मामले दर्ज किए हैं, जो पिछली बार की तुलना में 130 प्रतिशत की वृद्धि है। हर जिला प्रभावित है और इस साल के पहले दो महीनों में, 30 हत्याएं मादक द्रव्यों के सेवन से संबंधित थीं, राज्य में कुल हत्याओं का आधा हिस्सा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत की सड़कों पर 5,000,000 से ज़्यादा बच्चे अमानवीय परिस्थितियों में रहते और काम करते हैं, जहाँ उन्हें नशीली दवाओं के सेवन का बहुत ज़्यादा जोखिम है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि देश में 10 से 17 साल की उम्र के 1.58 करोड़ बच्चे नशीले पदार्थों के आदी हैं।

डब्लूएचओ अनुसार, शराब के हानिकारक उपयोग से प्रत्येक वर्ष 3.3 मिलियन मौतें होती हैं, तम्बाकू उत्पादों पर उत्पाद शुल्क के रूप में एकत्र किए गए प्रत्येक 100 रुपये से भारतीय अर्थव्यवस्था को 816 रुपये का नुकसान होता है, 2017 और 2018 के बीच 35 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए सभी बीमारियों और मौतों से तम्बाकू के उपयोग की आर्थिक लागत 27.5 बिलियन अमेरिकन डॉलर थी। 2011 और 2050 के बीच, शराब से संबंधित मौतों के कारण 258 मिलियन जीवन वर्ष नष्ट हो जाएंगे। मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकार वाले 64 मिलियन लोगों में से केवल 11 में से 1 को ही उपचार मिल पाता है। नशीली दवाओं के सेवन संबंधी विकार वाली केवल 18 में से 1 महिला ही उपचार की मांग करती है, जबकि 7 में से 1 पुरुष ही उपचार की मांग करता है। गृह मंत्रालय ने 18 मार्च, 2025 को लोकसभा को बताया कि पिछले पांच वर्षों में देश भर के बंदरगाहों से 19 मामलों में कुल 11,311 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की नशीली दवाएं जब्त की गई हैं, सतत कार्यवाही के बावजूद नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अनुसार, भारत में नशीली दवाओं की लत बढ़ रही है, अनुमानित 100 मिलियन लोग भारत में विभिन्न मादक पदार्थों से पीड़ित हैं। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय द्वारा प्रकाशित विश्व ड्रग रिपोर्ट 2024 के अनुसार, नशीली दवाओं का वैश्विक उपयोग 292 मिलियन लोगों तक पहुँच गया है, जो पिछले दशक की तुलना में 20% की वृद्धि है। 2019 और 2021 के बीच उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और पंजाब जैसे राज्यों में नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत सबसे अधिक एफआईआर दर्ज की गईं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा भारत में पदार्थों के उपयोग के प्रचलन और पैटर्न पर 2019 में किए गए राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार, 10 से 75 वर्ष की आयु के 160 मिलियन लोग वर्तमान में शराब पी रहे हैं। इनमें से 5.2 प्रतिशत शराब पर निर्भर हैं। देश में नकली शराब से भी बड़े पैमाने पर नशेड़ियों की मृत्यु होती है। शराबखोरी एक पुरानी बीमारी है, जिसके कारण लोगों को शराब की तलब होती है और वे अपने पीने पर नियंत्रण नहीं रख पाते हैं। वयस्क नशेड़ियों पर तत्काल उपचार एवं नई पीढ़ी का नशे की ओर बढ़ता हुआ आकर्षण हमें जल्द रोकना होगा। इसमें सरकार, सेवाभावी संस्था और जनता का आपसी सहयोग बेहद आवश्यक है। अभिभावक अपनी जिम्मेदारी समझें, अपनी लापरवाही के कारण बच्चें बिगड़कर समाज और देश के लिए नासूर ना बनने पाएं। अभिभावकों का बच्चों पर नियंत्रण, आसपास का पोषक वातावरण, जागरूकता और पारिवारिक सदस्यों का आपसी बेहतर समन्वय नशे से मुक्त रख सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

### क्या इस्लामिक देशों का संगठन "ओआईसी" अब "ओआईपी" के तौर पर जाना जाएगा?

तुर्किए के इस्तांबुल में इस्लामिक सहयोग संगठन की बैठक को फिर से भारत विरोधी मंच बनाने का एक प्रयास गत 21 व 22 जून को 57 मुस्लिम देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद भी यही सबकुछ देखने को मिला जब जारी किए गए साझे बयान में 1960 के सिंधु जल समझौते को यथावत बनाए रखने और पाकिस्तान के विरुद्ध एकतरफा एक तरफा सैन्य कार्रवाई जैसी भारत विरोधी बातें निकलकर सामने आई। अब ओआईसी ने बयान में कश्मीर को लेकर पाकिस्तान की लाइन का अक्षरशः अनुपालन करते हुए कश्मीरियों के आत्मनिर्णय के अधिकार के समर्थन और संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का पूरा सम्मान करने की बातें दुहराकर सबकुछ साफ कर दिया है। कूटनैतिक तौर पर इसे न केवल पाकिस्तान के समर्थन में बल्कि भारत के विरोध में दिया गया बयान माना जा रहा है। इधर भारत अपने इस स्टैंड पर अभी भी कायम है कि कश्मीर उसका आंतरिक मामला है और किसी तीसरे पक्ष की भूमिका को वह कतई नहीं मानने वाला है। भारत के इस घोषित रुख के बावजूद ओआईसी ने दक्षिण एशिया में बढ़ती सैन्य गतिविधियों पर चिंता जताते हुए भारत के द्वारा "पाकिस्तान पर सैन्य हमलों" पर संयम बरतने की अपील जारी की है। जानकारों के अनुसार ओआईसी का यह रवैया भारत के लिए एक नई कूटनीतिक चुनौती खड़ी करने की नीयत से अपनाया गया है। उल्लेखनीय है कि आज समूचा विश्व भारत को एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता और विकास के साझेदार की भूमिका में देख रहा है। ऐसे में विघ्नसंतोषी पाकिस्तान इस प्रयास में है कि वह ओआईसी पर अपने प्रभाव के बल पर भारतीय हितों के विरुद्ध हुए सिंधु जल समझौते को भू-राजनैतिक टकराव का विषय बनाते हुए इसे दक्षिण एशिया में अस्थिरता को बढ़ावा देने वाले घटनाक्रम के तौर पर प्रायोजित कर सके। यदि ओआईसी पाकिस्तानी भोंपू बजाने का हठ पाले रखता है तो उसकी मर्जी परन्तु उसे इस बात का तो जवाब ढूंढ़ना ही होगा कि क्यों न भविष्य में Organisation of Islamic Cooperation (OIC) को Organisation of Islamic Propaganda (OIP) के तौर पर जाना जाए? **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



**केदारनाथ दास**



## जगन्नाथ रथयात्रा : श्रद्धालुओं की सेवा में सदैव तत्पर भारतीय रेल

महाप्रभु की पावन नगरी, जगन्नाथ पुरी, रथयात्रा के लिए पूरी तरह तैयार है। दुनिया भर से हर वर्ष आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए यह आस्था की अनोखी यात्रा है। भारतीय रेल भी तीर्थयात्रियों को सेवा में हमेशा की तरह तत्पर है। तीर्थयात्रियों के सुखद अनुभव के लिए भारतीय रेल उनकी सेवा में तत्पर है। पिछले 11 वर्ष, ओडिशा के रेल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की दृष्टि से ऐतिहासिक रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'पूर्वोदय नीति' के तहत ओडिशा को आवंटित रेल बजट में 2009-14 के वार्षिक औसत के मुकाबले 12 गुना उछाल देखने को मिला है। वर्ष 2025-26 में बजट का आंकड़ा 10,500 करोड़ रुपये से भी अधिक हो गया है। ओडिशा में 2014 से अब तक 2,100 किलोमीटर से अधिक नई पटरियां बिछाई जा चुकीं हैं। यह मलेशिया के पूरे रेल नेटवर्क से भी अधिक है। ओडिशा में वर्तमान में 73,000 करोड़ रुपये की नई रेल लाइन परियोजनाएं चल रही हैं। 59 अमृत स्टेशन विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें आकांक्षी जिलों में 16 स्टेशन शामिल हैं। राज्य में संचालित 6 वंदे भारत सेवाएं 17 जिलों को कवर कर रहीं हैं। ओडिशा में भारतीय रेलवे का सबसे खास योगदान रथयात्रा के दौरान होता है। रेलवे हर साल इस दौरान लाखों तीर्थयात्रियों की सेवा का जिम्मा उठाता है।

पिछले 11 वर्षों में रथयात्रा स्पेशल ट्रेनों की संख्या चार गुना बढ़ी है। इस वर्ष जगन्नाथपुरी के लिए 850 नियमित और 365 विशेष ट्रेन सेवाओं सहित कुल 1,215 ट्रेन सेवाएं संचालित हैं। ये ट्रेनें ओडिशा के कई आकांक्षी जिलों जैसे कालाहांडी, बलांगीर, नुआपाड़ा, कोरापुट, रायगढ़ा, गजपति और ढेंकनाल और आदिवासी क्षेत्रों को श्रीक्षेत्रपुरी से जोड़तीं हैं। एआई-आधारित रियल-टाइम डिमांड प्रिडिक्शन सिस्टम के जरिए ट्रेनों का बेहतर संचालन हो रहा है। पुरी में इस बार 10 प्लेटफॉर्म तीर्थयात्रियों के स्वागत के लिए तैयार हैं। पुरी के साथ-साथ अन्य रेलवे स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर लगाए गए हैं।



'सेवा परमो धर्मः' की भावना के साथ, भारतीय रेल यह सुनिश्चित कर रही है कि रथ यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों को सम्मान, सुविधा और सुरक्षा मिले। इस वर्ष तीर्थ यात्रा को समावेशी बनाने की बहुत बड़ी पहल हो रही है। प्रतिदिन अधिकतम 2 लाख की क्षमता के साथ रेलवे करीब 20 लाख यात्रियों की सेवा के लिए तैयार है। 25,000 तीर्थयात्रियों की क्षमता वाला होल्डिंग एरिया भी बनाया गया है। गर्मी से राहत के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। भोजन, पानी और कूलर की व्यवस्था है। लगभग 2.5 लाख निःशुल्क भोजन सामग्री के वितरण की व्यवस्था है। सफाई के लिए आधुनिक जेट क्लीनिंग मशीनें, सीवर सफाई ट्रक सहित अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल, सीसीटीवी, ड्रोन और फेस रिकग्निशन सिस्टम लगाए गए हैं। दिव्यांगजनों, बुजुर्गों, महिलाओं और बीमार श्रद्धालुओं की आवश्यकताओं का ध्यान रखा गया है। डॉक्टर, एंबुलेंस, मेडिकल बूथ और फर्स्ट एड काउंटर स्थापित किए गए हैं। इस बार भारतीय रेलवे ने पुरी स्टेशन को आस्था-आधारित सार्वजनिक सेवा के एक मॉडल के रूप में परिवर्तित किया है।

भारतीय रेल की विशेष इंजीनियर्स और टेक्नीशियन्स की टीम पूरी रथयात्रा के दौरान रथों के साथ तैनात रहती है। यह रथों को निर्माण स्थल से जगन्नाथ मंदिर तक ले जाने के साथ उनकी सुगम आवाजाही और मरम्मत में सहयोग करती है। यह टीम स्पेशल स्क्रू जैक का उपयोग कर रथों को ठीक जगह पर रखना, उनकी दिशा और सीध भी सुनिश्चित करती है। रथों के बीच उचित दूरी बनाये रखने और मार्ग की बाधाओं को हटाने की जिम्मेदारी भी रेलवे की टीम देखती है। भारतीय रेल को राष्ट्र की जीवनरेखा कहा जाता है। रथ यात्रा को अपनी जीवनरेखा मानने वाले तीर्थयात्रियों के साथ हर भारतीय की सेवा के लिए भारतीय रेल प्रतिबद्ध है।

देश की बात



**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

ईश्वर, अल्ला भिड़ गए, हुए अचानक मौन।
दोनों ने पूछा यही, आखिर हम, तुम कौन?
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए
आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## जब 26 जून की सुनहरी सुबह में उतर आई थी अमावस की रात

25 जून 1975 की मनहूस रात को पूरा देश कारागार बन गया था। आपातकाल के घोषणा की पृष्ठभूमि पहले से ही तैयार हो चुकी थी। आयरन लेडी की महत्वाकांक्षा ने लोकतंत्र को लहूलुहान कर दिया था।

बाबा नागार्जुन ने सच ही लिख दिया था -
बचपन में गांधी के पास रही
तरुणाई में टैगोर के पास रही
अब क्यों उलट दिया संगत की छाप को
........ इंदु जी इंदु जी क्या हुआ आपको
बेटे को तार दिया बोर दिया बाप को.....

जेपी आंदोलन का मंगलाचरण बन गया था कई जनवादी और राष्ट्रवादी कवियों की रचना। हजारीबाग शहर आपातकाल की काली लपटों से अछूता नहीं रह गया था। संपूर्ण क्रांति की ज्वाला में विद्यार्थी गण अपनी तरुणाई होम कर देने में जरा भी हिचक नहीं रहे थे। दर्जन भर से ज्यादा छात्र नेताओं को गिरफ्तार कर जेल में डालने का सिलसिला जारी हो चुका था। तत्कालीन छात्र नेता गौतम सागर राणा ने एक संक्षिप्त साक्षात्कार में जानकारी देते हुए कहा था कि उस समय उपायुक्त सी के बसु और पुलिस अधीक्षक जे के सिन्हा कानून के बड़े सख्त अफसरों में माने जाते थे।

संत कोलंबा के छात्रों में अशोक चौरसिया, अर्जुन यादव, नेहरू यादव, अशोक यादव, कमाल खान, हरीश श्रीवास्तव, नीरू जैन जावेद आलम, सुरेंद्र कुमार सिन्हा, अरविंद जी सहाय, भैया गिरीश, भोलानाथ सहाय, संजीव शरण अनिल प्रसाद, जय गोविंद प्रसाद समेत कई छात्रों की गिरफ्तारी हुई थी।

महिला क्रांतिवीरों में गीता चौरसिया, लक्ष्मी बहन, नूपुर दीदी, माला दफ्तुआर समेत कई छात्राएं सड़कों पर उतरकर तानाशाही सत्ता के खिलाफ आवाज बुलंद की थी। गीता चौरसिया की मां वैजयंती देवी भी आपातकाल के प्रकोप का बुरी तरह शिकार हुई थी।

गौतम सागर राणा और उपेंद्रनाथ दास को इंद्रपुरी सिनेमा के कैंटीन से गिरफ्तार किया गया था। अधिवक्ता स्वरूप जैन की गिरफ्तारी की एक अलग कहानी रही है.। हजारीबाग केंद्रीय कारागार राष्ट्रीय स्तर के नेताओं से पट गया था। स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर, राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के बड़े पुत्र मृत्युंजय प्रसाद, कैलाशपति मिश्र, सच्चिदानंद सिंह, शालिग्राम सिंह जैसे बड़े नेता बंदी बनाकर रखे गए थे। इस समय स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई को भी गिरफ्तार करके एक रात के लिए हजारीबाग जेल में रखा गया था। इस बात का तस्दीक जेल में बंद रहे श्री विश्वनाथ आजाद जी करते हैं जो सर्वोदयी नेता है।

केंद्रीय जेल में ब्रिटेन की महिला मेरी टाइलर भी बंद थी जिसे भारतीय जेलों में 5 साल नामक एक महत्वपूर्ण पुस्तक लिखी थी। नक्सली नेता कानून सान्याल के भाई भी कैद थे। आपातकाल की 50 वर्ष पूरे हो चुके हैं। क्रांति के वाहक अब उन्हीं की पालकी ढोने को विवश है जिन्होंने देश और संविधान की अस्मिता से खिलवाड़ करने की असफल कोशिश की थी। क्रांति के वाहक अब उम्र दराज हो चुके हैं उनका कहना है कि सत्ता परिवर्तन तो हुआ लेकिन व्यवस्था नहीं बदली। कुर्सी की परिक्रमा जारी है ऐसे मानो सूर्य के चारों ओर अन्य ग्रह घूम रहे हो।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**प्रो. प्रमोद कुमार**
हजारीबाग



**10 मार्च 1974** की तस्वीर जब छात्रों ने लोकनायक के समर्थन में जगह-जगह धरना दिया था

- हजारीबाग से जुड़ी है आपातकालीन की रोमांचक यादें
- कलम, कूची और कैमरा के मुंह पर पोत दी गई थी कालीख

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पुरी रथयात्रा : सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम 10,000 से अधिक जवान तैनात

**एजेंसी। पुरी**

ओडिशा पुलिस ने पुरी में होने वाली विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा के लिए सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजी) वाई.बी. खुरानिया की अध्यक्षता में अंतिम पुलिस ब्रीफिंग पूरी हो चुकी है। डीजी ने बताया कि रथ यात्रा के सुचारू और सुरक्षित आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पुलिस महानिदेशक के मुताबिक, पुरी में रथ यात्रा के लिए सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को आठ क्षेत्रों में बांटा गया है। मंदिर परिसर, यातायात नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन के लिए विस्तृत योजनाएं बनाई गई हैं। पहली बार एक एकीकृत कमांड और नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जो वास्तविक समय में निगरानी करेगा। श्री मंदिर क्षेत्र और आसपास के इलाकों में 275 एआई-सक्षम सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनका कवरेज भुवनेश्वर से पुरी और पुरी से कोणार्क तक फैला है। इन कैमरों की लाइव फीड कई नियंत्रण कक्षों से देखी जाएगी ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो। उनके मुताबिक, यातायात व्यवस्था के लिए विशेष योजना लागू की गई है। ड्रोन रोधी प्रणाली, तोड़फोड़ रोधी दल, डॉग स्क्वॉड और 200 पुलिस प्लाटून तैनात किए गए हैं। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (बीएसएफ, सीआरपीएफ, आरएएफ) की आठ कंपनियां भी व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करेंगी। तटीय सुरक्षा के लिए मरीन पुलिस, तटरक्षक और भारतीय नौसेना संयुक्त गश्त करेंगे। हवाई निगरानी के लिए ड्रोन का भी उपयोग होगा। पहली बार उच्च स्तरीय सुरक्षा मूल्यांकन के बाद एनएसजी स्नाइपर्स को भी तैनात किया गया है। कुल 10,000 से अधिक पुलिसकर्मी, केंद्रीय बल और होमगार्ड ड्यूटी पर रहेंगे। डीजी खुरानिया ने बताया कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए एक चैटबॉट-आधारित ऐप लॉन्च किया गया है। यह ऐप वास्तविक समय में यातायात की स्थिति, वैकल्पिक मार्ग, पार्किंग की उपलब्धता और अन्य जरूरी जानकारी प्रदान करेगा। उन्होंने लोगों से इस ऐप का उपयोग करने और पुलिस के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की।



## पुरी जगन्नाथ मंदिर से मोदक की चोरी नहीं हुई : मंत्री

ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने स्पष्ट किया कि पुरी के जगन्नाथ मंदिर से मोदक की कोई चोरी नहीं हुई है। इससे पहले सेवायतों के एक वर्ग ने मोदक चोरी होने का आरोप लगाया था। मोदक एक विशेष प्रकार का लड्डू होता है जिसका रथ यात्रा उत्सव से पहले एक अनुष्ठान के तहत मंदिर के देवताओं को भोग लगाया जाता है। मंत्री ने मंगलवार को कहा, "श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मंदिर से मोदक की कोई चोरी नहीं हुई है।" विवाद सामने आने पर पाधी ने एसजेटीए अधिकारियों को जांच का आदेश दिया, जिसमें पाया गया कि मोदक की कोई चोरी नहीं हुई है। वैद्य सेवकों (आयुर्वेदिक चिकित्सकों) का एक समूह भगवान के अनासर काल के दौरान मंदिर में मोदक की आपूर्ति करता है। ऐसा माना जाता है कि 'अनासर काल के दौरान देवता बीमार पड़ जाते हैं। यह भी माना जाता है कि मोदक खाने के बाद भगवान ठीक हो जाते हैं। विवाद उस समय शुरू हुआ जब भगवान बलभद्र के बड़ग्राही (अंगरक्षक) हलधर दास महापात्रा ने दावा किया कि कड़ी सुरक्षा में रखे गए 313 मोदकों में से 70 गायब हो गए हैं। माना जाता है कि मोदक चोरी होने से उनकी पवित्रता खत्म हो जाती है। उन्होंने एसजेटीए में औपचारिक लिखित शिकायत दर्ज कराई। पत्रकारों से बात करते हुए पाधी ने भी चोरी के आरोपों को खारिज कर दिया।

### बिहार में शराब तस्करी का अनोखा मामला

# बुर्के में छिपाई थी शराब


**एजेंसी। कटिहार।** बिहार - ड्राई स्टेट बिहार में शराब तस्करी के नए-नए तरीके सामने आ रहे हैं। ताजा मामले में उत्पाद विभाग ने एक महिला को बुर्के में शराब तस्करी करते हुए पकड़ा है।

### पुलिस ने की कार्रवाई

उत्पाद विभाग की टीम ने महिला तस्कर के पास से भारी मात्रा में शराब बरामद की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बिहार में शराबबंदी

बिहार में शराबबंदी कानून के तहत शराब की बिक्री और सेवन पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। इसके बावजूद शराब तस्करी के मामले लगातार सामने आते रहते हैं।



### महिला तस्कर का अनोखा तरीका

महिला तस्कर संध्या देवी ने बुर्के का सहारा लेकर शराब तस्करी करने की कोशिश की। उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए महिला तस्कर को पकड़ लिया।

## उत्तराखंड: उपराष्ट्रपति धनखड़ कुमांउ विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में बेहोश हुए

**एजेंसी। उत्तराखंड**



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार को यहां कुमाऊं विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान बेहोश हो गए। उपराष्ट्रपति भाषण देने के बाद मंच से नीचे उतरकर दर्शकों में बैठे अपने पूर्व संसदीय सहयोगी महेंद्र सिंह पाल की तरफ बढ़े।

उत्तराखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता पाल 1989 में लोकसभा सदस्य रह चुके हैं और उस दौरान धनखड़ राजस्थान के झुंझनू से सांसद थे। धनखड़ और पाल एक दूसरे को देखकर भावुक हो गये। एक दूसरे से बात करने के कुछ देर बाद धनखड़ ने पाल को गले लगाया और उनके कंधों पर बेसुध हो गये। कुछ ठीक नहीं होने का अहसास होने पर उपराष्ट्रपति की चिकित्सकीय टीम तुरंत हरकत में आयी और उन्हें होश में लाया गया। धनखड़ जल्द ही ठीक हो गए और राजभवन के लिए रवाना हो गए, जहां वह रात्रि विश्राम करेंगे। धनखड़ बुधवार को अपने तीन दिवसीय दौरे पर नैनीताल पहुंचे हैं।

# पीएम ने साझा की आपातकाल के दौर की कहानी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में इमरजेंसी के 50 साल पूरे होने पर अपनी भूमिका से जुड़ी एक किताब को सोशल मीडिया पर साझा किया है। उन्होंने 'द इमरजेंसी डायरीज' में आपातकाल (1975-1977) के दौरान अपने सफर को साझा किया है। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, "आपातकाल के दौरान मैं एक युवा आरएसएस प्रचारक था। आपातकाल विरोधी आंदोलन मेरे लिए एक बड़ा सीखने का अनुभव था। इसने हमारे लोकतांत्रिक ढांचे को संरक्षित रखने की महत्ता को और मजबूत किया। साथ ही, मुझे विभिन्न राजनीतिक विचारधाराओं के लोगों से बहुत कुछ सीखने का मौका मिला।

उन्होंने कहा, "मुझे खुशी है कि ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन ने उन अनुभवों को एक किताब के रूप में संकलित किया है, जिसकी प्रस्तावना एचडी देवेगौड़ा ने लिखी है, जो स्वयं आपातकाल विरोधी आंदोलन के एक मजबूत नेता रहे हैं। 'द इमरजेंसी डायरीज' में मैंने आपातकाल (1975-1977) के दौरान के अपने सफर को साझा किया है। इसने उस समय की कई यादें ताजा कर दी। मैं उन सभी लोगों से आग्रह करता हूं, जिन्हें आपातकाल के वो काले दिन याद हैं या जिनके परिवारों ने उस समय कष्ट झेले, वे अपने अनुभव सोशल मीडिया पर साझा करें। इससे युवाओं में उस शर्मनाक दौर के बारे में जागरूकता बढ़ेगी। यह भी बताया गया, "उनकी आत्मकथा 'संघर्ष मा गुजरात' और अन्य प्रत्यक्षदर्शी विवरणों के आधार पर यह पुस्तक भारत के इतिहास के एक महत्वपूर्ण क्षण को रोशनी में लाती है और उस नेता के जीवन के एक रचनात्मक अध्याय को सामने लाती है, जो आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के सर्वोच्च पद की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। यह कहानी है दृढ़ता, चतुराई और संविधान में निहित लोकतांत्रिक आदर्शों व संस्थानों को संरक्षित करने की अटल निष्ठा की। यह एक प्रमाण है कि कैसे मोदी जैसे मेहनती युवा कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में जनता के संकल्प ने एक ऐसे आंदोलन को आकार दिया।




### पीएम के संघर्ष की झलक 'द इमरजेंसी डायरीज' में

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 जून 2024 को आपातकाल के काले दिनों को याद करते हुए दिए बयान का जिक्र किया गया है। इसमें कहा गया, "भारत की नई पीढ़ी को कभी नहीं भूलना चाहिए कि कैसे संविधान को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया, उसे तार-तार किया गया और देश को एक जेल में बदल दिया गया, जहां लोकतंत्र को पूरी तरह कुचल दिया गया।" इस किताब में आगे बताया गया, "1970 के दशक के मध्य में जब भारत आपातकाल की लोहे की जंजीरों में जकड़ा था, लोकतंत्र कैद में था। उस समय नरेंद्र मोदी, जो तब एक युवा संघ प्रचारक थे, कई अन्य प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ इंदिरा गांधी के तानाशाही शासन के खिलाफ खड़े होने वाले नेताओं की पहली पंक्ति में थे। यह पुस्तक भारतीय लोकतंत्र के सबसे अंधेरे दौर के दौरान उनके अनकहे अनुभवों को उजागर करती है। आपातकाल के दौरान पीएम मोदी का सफर सत्तावाद के खिलाफ संघर्ष की एक अनूठी, जमीनी कहानी प्रस्तुत करता है। उनकी गुप्त गतिविधियों, खतरों से बाल-बाल बचने, और लोकतंत्र को बहाल करने की अटूट प्रतिबद्धता को इस किताब में देखा जा सकता है।

## आपातकाल ने हिलाई लोकतंत्र की नींव, कांग्रेस को ठहराया जिम्मेदार



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं, बल्कि कांग्रेस और एक व्यक्ति की लोकतंत्र विरोधी मानसिकता का परिचायक था। शाह ने यह बात तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के संदर्भ में कही। इंदिरा गांधी सरकार ने 25 जून 1975 को आपातकाल लागू किया था। आपातकाल के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देते हुए शाह ने कहा कि यह दिन सभी को याद दिलाता है कि जब सत्ता तानाशाही बन जाती है, तो जनता उसे उखाड़ फेंकने की ताकत रखती है। गृह मंत्री ने कहा कि 'आपातकाल' कांग्रेस की सत्ता की भूख का 'अन्यायकाल' था। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान देशवासियों ने जो पीड़ा और यातना सही, उसे नयी पीढ़ी जान सके, इसी उद्देश्य से मोदी सरकार ने इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' का नाम दिया।

**नई दिल्ली।** भारत में आपातकाल 1975 से 1977 तक 21 महीने की अवधि थी, जब प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आंतरिक और बाहरी खतरों का हवाला देते हुए पूरे देश में आपातकाल की घोषणा की थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि 50 साल पहले लगाए गए आपातकाल ने लोकतंत्र की नींव हिला दी थी, लेकिन भारत उस काले अध्याय से उबर गया, क्योंकि देश कभी तानाशाही के आगे नहीं झुकता। शाह ने विपक्ष, खासकर कांग्रेस पार्टी पर संविधान की पवित्रता की अवहेलना करने का आरोप लगाने के लिए निशाना साधा और कहा कि पार्टी के नेताओं को जवाब देना चाहिए कि आपातकाल लागू होने के समय वे संविधान के रक्षक थे या भक्षक। शाह ने कहा, "देशवासियों ने 'सिंहासन खाली करो' का शंखनाद किया और तानाशाह कांग्रेस को उखाड़ फेंका। इस संघर्ष में बलिदान देने वाले सभी वीरों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि।" पिछले साल शाह ने घोषणा की थी कि मोदी सरकार 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाएगी।

### आपातकाल का विरोध करने वाले भेजे गए थे जेल : सुधांशु त्रिपाठी



**इंदौर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि भारत अनादि काल से लोकतंत्र परंपरा का संवाहक राष्ट्र रहा है, मगर पांच दशक पहले ऐसा काल आया था जो सबसे दुखद, दर्दांत और कलंकित अध्याय था। उस दौर में जिसने विरोध किया उसे जेल में डाला गया था। आपातकाल के 50 वर्ष पूरे हो जाने के उपलक्ष्य में देश भर में भाजपा द्वारा अलग-अलग तरह के कार्यक्रम किए जा रहे हैं इसी कड़ी में भाजपा के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने इंदौर में संवाददाताओं से बात की। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान देश के चारों स्तंभों को कमजोर कर दिया गया था और उस समय जो लोग इस आपातकाल का विरोध करते थे, तो उन्हें जेल के सलाखों के पीछे पहुंचा दिया जाता था। उन्होंने आगे कहा कि भारत में राजनीतिक चेतना का उद्भव जेपी आंदोलन के बाद हुआ और नवनिर्माण आंदोलन गुजरात में शुरू हुआ था, जिसने देश के राजनीतिक पटल को ही बदल दिया। आपातकाल का असर यह है कि कांग्रेस कई राज्यों में 1977 के बाद सत्ता में नहीं आ पाई है।

### आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर प्रदर्शनी नेताओं ने कांग्रेस पर साधा निशाना



**नई दिल्ली।** देश में इमरजेंसी के 50 साल पूरे होने पर नई दिल्ली के कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और दिल्ली सरकार में मंत्री आशीष सूद और कपिल मिश्रा मौजूद रहे। सीएम रेखा गुप्ता ने कार्यक्रम के दौरान इमरजेंसी को याद किया और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, "जो लोग आज संविधान की कॉपियां लेकर जेब में घूमते हैं और दावा करते हैं कि संविधान को दबाया जा रहा है। मैं उनसे कहना चाहती हूं पूरा देश गवाह है कैसे उनको पूर्वजों ने संविधान को दबाया और कुचला। पूरा देश इसका गवाह है। उन्होंने कहा, "यह हमारे इतिहास का एक काला अध्याय था, जब लोकतंत्र को कुचला गया। ऐसे समय में जब देश गरीबी, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से जूझ रहा था, एक निकम्मी सरकार अपनी सत्ता बचाने में व्यस्त थी। सच्चा लोकतंत्र तब होता जब इंदिरा गांधी इस्तीफा देतीं, लोगों को सत्ता वापस सौंपती और माफी मांगती।

# आज का राशिफल

**मेष :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**वृष :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**मिथुन :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कर्क :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**सिंह :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**तुला :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**वृश्चिक :** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। कार्य भार बढ़ेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग- जनों से मतभेद रहेगा।

**धनु :** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। कुछ आर्थिक इ्क्षचताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंग।

**मकर :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है।

**मीन :** कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।

## आपातकाल पर सियासी संग्राम 11 साल से लोकतंत्र पर हमला

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने (25 जून) आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर इसे भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक बताते हुए कहा कि कोई भी भारतीय यह कभी नहीं भूलेगा कि किस प्रकार संविधान की भावना का उल्लंघन किया गया और संसद की आवाज को दबाया गया। इसके पलटवार में कांग्रेस ने भी मोदी सरकार पर पटवार किया और मोदी सरकार के कार्यकाल पर तीखा हमला किया है। कांग्रेस ने आपातकाल के 50 साल पूरा होने के मौके पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हमले को लेकर बुधवार को पलटवार किया और आरोप लगाया कि पिछले 11 वर्षों से देश में अघोषित आपातकाल है तथा लोकतंत्र पर अलग-अलग दिशाओं से संगठित एवं खतरनाक हमले किए जा रहे हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि मोदी सरकार में संविधान पर हमले हो रहे है, राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ जांच एजेंसियो का दुरुपयोग किया जा रहा है, संसदीय परंपराओं को तार-तार किया जा रहा है, न्यायपालिका को कमजोर किया जा रहा है और अब निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लग चुके हैं।



## कांग्रेस में आज भी बनी हुई है तानाशाही मानसिकता : नड्डा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस में अब भी वही तानाशाही मानसिकता है जो 50 साल पहले आपातकाल लगाने के पीछे थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मानना है कि देश पर शासन करने का अधिकार केवल एक परिवार को है। आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर नड्डा ने अपनी टिप्पणी में कहा कि कांग्रेस अब भी नरेन्द्र मोदी जैसे साधारण पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति को प्रधानमंत्री बनाने के विचार को स्वीकार नहीं कर पा रही है। नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस संविधान की बातें करते हैं, लेकिन विपक्षी पार्टी ने आज तक आपातकाल की उस 21 महीने की अवधि के लिए माफी नहीं मांगी है जब जून 1975 से मार्च 1977 के बीच विपक्षी दलों के नेताओं को जेल में डाल दिया गया था, प्रेस पर पाबंदियां लगाई गई थीं और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने नागरिक स्वतंत्रता को निलंबित कर दिया था। उन्होंने कहा कि उस समय संविधान में अलोकतांत्रिक संशोधन किए गए और इसकी आत्मा को विकृत किया गया। नड्डा ने दावा किया कि कांग्रेस शासित राज्यों में कानून-व्यवस्था की स्थिति आज वैसी ही बनी हुई है।

## मोदी सरकार के हाथों की कठपुतली बन गया है निर्वाचन आयोग : खरगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**



निर्वाचन आयोग को नरेन्द्र मोदी सरकार के हाथों की कठपुतली बन जाने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि चुनाव प्रक्रिया में 'खामियों' का विषय आयोग के समक्ष उठाया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने पिछले साल महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का विशेष रूप से उल्लेख किया और कहा कि मत पत्र से चुनाव कराए जाने चाहिए। खरगे ने कांग्रेस मुख्यालय 'इंदिरा भवन' में संवाददाताओं से कहा, ''निर्वाचन आयोग सरकार के हाथों की कठपुतली बन गया है...आपके पास एक कठपुतली है और आप (प्रधानमंत्री मोदी) दावा करते हैं कि आप चुनाव जीत रहे हैं। आप चुनाव नहीं जीत रहे हैं, आपकी मशीन जीत रही है।''उन्होंने महाराष्ट्र को लेकर दावा किया कि चुनाव प्रक्रिया में खामियां हैं। उनका कहना था, ''निर्वाचन आयोग से पहले हमने मतपत्र की मांग की थी। क्या उसने यह किया? मोदी जी जो कहते हैं वही आप (आयोग) करते हैं। आप जो मोदी जी के लिए कर रहे हैं।

## बंगाल सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



ओबीसी कोटे में उप-श्रेणियां जोड़ने के फैसले को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार ने अब सुप्रीम कोर्ट का रुख कर लिया है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने हफ्तेभर पहले बंगाल सरकार के फैसले पर अंतरिम रोक लगाई थी। फिलहाल सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से पिछली 113 श्रेणियों वाली लिस्ट को बदलकर 140 उप-श्रेणियों वाली लिस्ट लाई गई थी। ममता बनर्जी की अगुवाई वाली सरकार ने 10 जून को पश्चिम बंगाल विधानसभा में संशोधित ओबीसी-ए और ओबीसी-बी सूची पेश की थी, जिसमें 76 नई श्रेणियों को शामिल किया गया था। इस प्रकार कुल संख्या 140 हो गई। इस लिस्ट में 80 मुस्लिम और 60 गैर-मुस्लिमों को रखा गया। मुस्लिम उप-श्रेणियों की संख्या 77 से बढ़कर 80 की गई थी, जबकि गैर-मुस्लिम श्रेणियों की संख्या 36 से बढ़कर 60 की गई। राज्य सरकार के हालिया फैसले पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने 17 जून को अपना फैसला देते हुए अंतरिम रोक लगाई। हाईकोर्ट में सरकार के फैसले के खिलाफ याचिका लगाई गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने अधिसूचना पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट में अगली सुनवाई की तारीख 31 जुलाई रखी गई। न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा की खंडपीठ ने कहा कि अंतरिम रोक 31 जुलाई तक प्रभावी रहेगी, जब मामले की अगली सुनवाई होगी और राज्य सूची के आधार पर कोई कदम नहीं उठा सकता। हालांकि फिलहाल बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख कर लिया है। इसके पहले की लिस्ट को हाईकोर्ट ने रद्द करते हुए उससे संबंधित सभी सरकारी आदेशों और ओबीसी जाति प्रमाणपत्र आवेदन पोर्टल को भी निलंबित कर दिया था।

## राजद में व्यक्तिगत तानाशाही हावी, लालू यादव के अध्यक्ष बनने पर लोजपा सांसद ने कसा तंज

**एजेंसी। पटना**

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के कंधों पर डाली गई है। लालू को सर्वसम्मति से पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। लालू को अध्यक्ष चुने जाने पर लोजपा (रामविलास) सांसद अरुण भारती ने इसे व्यक्तिगत तानाशाही करार दिया है। उन्होंने कहा कि इससे साफ होता है कि इस पार्टी में सारे फैसले एक ही आदमी लेता है और दूसरा नामांकन दाखिल करने की भी नहीं सोच सकता है। लोजपा (रामविलास) सांसद अरुण भारती ने बुधवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत की। उन्होंने कहा कि जिस तरह तेजस्वी यादव दावा करते हैं कि उनकी पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र है। लेकिन, इनकी पार्टी में आंतरिक तानाशाही का इससे बेहतर उदाहरण और कुछ नहीं हो सकता। जब लालू प्रसाद ने नामांकन दाखिल किया था, तब किसी ने उनके खिलाफ प्रतीकात्मक नामांकन दाखिल करने की भी हिम्मत नहीं की थी। सांकेतिक तौर पर किसी ने नामांकन नहीं किया। बाबासाहेब की तस्वीर जब उनके पैर के पास रखी गई तो कहा गया कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है। जब राष्ट्रीय अध्यक्ष के नामांकन की बात आई तो उनकी तबीयत ठीक हो जाती है। इससे एक चीज समझ आती है कि उनके लिए पद ही सबकुछ है। चुनाव आयोग की ओर से घर-घर जाकर सत्यापन करने पर लोजपा (रामविलास) सांसद अरुण भारती ने कहा कि यह फैसला सही है। चुनाव आयोग के पास मतदाताओं, खासकर वैध मतदाताओं के सत्यापन का विशेष अधिकार है और अगर वे घर-घर जाकर सत्यापन करना चाहते हैं तो इस कदम की सराहना और स्वागत किया जाना चाहिए।



## 'उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रहा', मुख्यमंत्री ने किया दावा

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गाजीपुर में महर्षि विश्वामित्र स्वायत्तशासी चिकित्सा महाविद्यालय में निर्माणाधीन छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा, "पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और महर्षि विश्वामित्र चिकित्सा महाविद्यालय इस जिले की पहचान बन चुके हैं। आज मैंने निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण किया है। 1,100 करोड़ रुपये की परियोजनाएं या तो स्वीकृत हैं या चल रही हैं..." इससे पहले मंगलवार को सीएम योगी ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में हिस्सा लिया था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में नयी पहचान बनाई है। वाराणसी में आयोजित 25वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में आदित्यनाथ ने कहा, ''भारतीय सैनिकों के अदम्य पराक्रम के प्रतीक 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दुनिया को नए भारत के संकल्प और ताकत से परिचित कराया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफल नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीबों के कल्याण को समर्पित पिछले 11 वर्ष हमें नयी प्रेरणा देते हैं।'' उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए 'टीम इंडिया' के रूप में कार्य करने का प्रधानमंत्री का आह्वान सहकारी संघवाद को नयी राह दिखाता है और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में क्षेत्रीय परिषदें पूरी सक्रियता से इस दिशा में आगे बढ़ रही हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत की दिशा में अग्रसर है और प्रत्येक ग्राम पंचायत में पांच से सात लोगों को रोजगार देने की व्यवस्था है।



# पांच शतकवीरों के बावजूद टेस्ट मैच हारने वाली पहली टीम बनी भारत

**लीड्स (आईएएनएस)**

भारत पहली ऐसी टीम बन गई है जिसने पांच शतकवीर बल्लेबाजों के बावजूद टेस्ट मैच गंवाया। भारत लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में दोनों पारियों में पांच शतकों के बावजूद मैच पांच विकेट से हार गया। इससे पहले सिर्फ एक बार ऐसा हुआ था जब किसी टीम ने चार सेंचुरी के बावजूद टेस्ट गंवाया। ऑस्ट्रेलिया ने 1928 में इंग्लैंड के खिलाफ मेलबर्न में ऐसा किया था। भारत ने हेडिंग्ले टेस्ट में कुल 835 बनाए। यह किसी भी हारने वाली टीम का चौथा सबसे बड़ा योग है। भारत का इससे पहले पिछला रिकॉर्ड 759 रन का था - 2014 में (एडिलेड, 2014) में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐसा हुआ था। तीन टेस्ट मैच ऐसे हुए हैं, जिनकी चारों पारियों में 350 या उससे अधिक रन बने हैं। इससे पहले ऐसा केवल दो बार हुआ - 1921 में एडिलेड और 1948 में हेडिंग्ले में ऐसा हुआ था। दोनों बार एशेज सीरीज के दौरान ऐसा हुआ था। इंग्लैंड की टीम ने हेडिंग्ले में 371 रनों का लक्ष्य हासिल किया। टेस्ट क्रिकेट में चौथी पारी में इंग्लैंड का यह दूसरा सबसे बड़ा सफल पीछा है, और भारत के खिलाफ किसी भी टीम का दूसरा सबसे बड़ा रन चेज है। इससे पहले इंग्लैंड ने ही 2022 में एजबस्टन में भारत के खिलाफ 378 रन चेज किए थे।

इंग्लैंड को पहले टेस्ट के पांचवें दिन की शुरुआत में 350 रन चाहिए थे। टेस्ट के अंतिम निर्धारित दिन इससे बड़ा लक्ष्य सिर्फ एक बार हासिल हुआ है। 1948 में हेडिंग्ले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 404 रन चेज किए थे। हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत द्वारा कुल 1673 रन बनाए गए। यह दोनों टीमों के बीच किसी भी टेस्ट मैच का सबसे बड़ा योग है। पिछला रिकॉर्ड 1614 रन का था (मैनचेस्टर, 1990 -- ड्रॉ मैच)। ये 1673 रन ऐसे टेस्ट मैच के लिए पांचवां सबसे बड़ा योग भी है, जो ड्रॉ के रूप में खत्म नहीं हुआ। चौथी पारी में पांचवीं बार 300+ रन का सफल पीछा हेडिंग्ले में हुआ है। भारत के खिलाफ इंग्लैंड का 371 रन का पीछा इस मैदान पर दूसरा सबसे बड़ा है। डर्बन का किंग्समीड इकलौता ऐसा मैदान है जहां इससे ज्यादा (3) 300+ रन के सफल चेज हुए हैं। बेन डकेट ने चौथी पारी के दौरान 149 रन बनाए, जो भारत के खिलाफ (चौथी पारी) में किसी भी बल्लेबाज का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। इससे पहले यह रिकॉर्ड जो रूट के नाम था - 142* (एजबस्टन, 2022)। डकेट का 149 रन इंग्लैंड के लिए चौथी पारी में किसी ओपनर द्वारा दूसरा सबसे बड़ा स्कोर भी है। इससे ऊपर सिर्फ माइक आथर्टन हैं, जिन्होंने 1995 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 185* बनाए थे। डकेट और जैक क्रॉली के बीच 188 रनों की ओपनिंग साझेदारी हुई। यह चौथी पारी में पांचवीं सबसे बड़ी ओपनिंग पार्टनरशिप है। इंग्लैंड के लिए यह दूसरी सबसे बड़ी है।



**1948** में हेडिंग्ले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 404 रन चेज किए थे।

**1673** रन किसी भी ऐसे टेस्ट मैच में पांचवां सबसे बड़ा योग है, जो ड्रॉ में समाप्त नहीं हुआ।

## भले ही हम दबाव में थे लेकिन हमें विश्वास था कि हम मैच पलट देंगे : बेन स्टोक्स

**लीड्स (आईएएनएस)**



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लीड्स टेस्ट के अंतिम दिन बेन डकेट और जैक क्रॉली की 188 रन की साझेदारी की जमकर तारीफ की। पहले टेस्ट में उनकी टीम ने हेडिंग्ले में 371 रन का पीछा करते हुए इतिहास बना दिया। तीन साल पहले इंग्लैंड में इन दोनों टीमों की आखिरी भिड़ंत तब 378 रन के रिकॉर्ड चेज से सीरीज बराबरी पर खत्म हुई थी (एजबस्टन, 2022)। इस बार का मुकाबला मैच के अंतिम घंटे की पहली ही गेंद पर खत्म हुआ। हालांकि इंग्लैंड की असली मेहनत पहले दो सत्रों में हुई, जिसमें डकेट ने पहले 62 और फिर दूसरी पारी में 170 गेंदों पर 149 रन बनाकर "प्लेयर ऑफ द मैच" का अवॉर्ड जीता। उनकी ये पारी इंग्लैंड की चेज के शुरुआती 55 ओवरों तक चलती रही। स्टोक्स ने पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन में कहा, "यह अविश्वसनीय था। जब तक आप इसमें शामिल न हों, आप चौथी पारी का दबाव समझ नहीं सकते। इंग्लैंड में ओपनिंग करना वैसे भी मुश्किल है। इसलिए जैक और डकी की शुरुआत बेहतरीन रही। दोनों एक-दूसरे को अच्छी तरह संतुलित करते हैं। जाहिर है कि डकी ने बड़ा स्कोर किया जो जीत में अहम रहा। लेकिन मुझे लगा जैक का शांत रहना, स्थिति को समझना और यह जानना कि डकी तेजी से रन बना रहा है, यह सब बहुत महत्वपूर्ण था। हालांकि इंग्लैंड की टीम हाल के वर्षों में आक्रामक बैटिंग के लिए जानी जाती है।

## लीड्स की दोनों पारियों में शतक का तोहफा, करियर की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट रेटिंग पर ऋषभ पंत...



लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट में दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले ऋषभ पंत और बेन डकेट ने आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है। भारतीय उप-कप्तान पंत ने पहले टेस्ट में 134 और 118 रन की पारी खेली। वह जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर के बाद एक ही टेस्ट मैच में दो शतक लगाने वाले दूसरे विकेटकीपर बने। पंत टेस्ट बल्लेबाजों की लिस्ट में एक स्थान ऊपर उठकर सातवें पायदान पर पहुंच चुके हैं। पंत ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग (801) हासिल की है। दूसरी ओर, पहली पारी में 62 रन और अंतिम दिन 371 रनों के रोमांचक लक्ष्य का पीछा करते हुए 149 रन जड़कर 'प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार' जीतने वाले डकेट ने 787 की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है। बेन डकेट पांच पायदान की छलांग लगाते हुए टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। हालांकि, भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ पहला मैच गंवा बैठी, लेकिन शतकवीरों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। कप्तान शुभमन गिल पांच पायदान की छलांग लगाकर शीर्ष 20 की सूची में वापस आ गए हैं।

### आईएसपीएल ने नई दिल्ली टीम का एलान किया

## बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान बने टीम के मालिक

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

देश की पहली और सबसे बड़ी टेनिस-बॉल टी10 क्रिकेट लीग-इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) ने अपने तीसरे सीजन से पहले एक बड़ा ऐलान किया है। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान अब आईएसपीएल की नई दिल्ली फ्रेंचाइजी के मालिक होंगे। यह नई टीम आईएसपीएल में उस समय शामिल की गई है, जब लीग ने अपने दूसरे सीजन में रिकॉर्ड तोड़ लोकप्रियता हासिल की है। आईएसपीएल के सीजन 2 ने टीवी पर 2.8 करोड़ से अधिक दर्शकों की पहुंच बनाई और पहले सीजन की तुलना में 47 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की। इसने आईएसपीएल को देश के सबसे बड़े खेल और मनोरंजन फेस्टिवल में से एक बना दिया है, जो क्रिकेट के साथ-साथ संगीत और सितारों के संगम का अद्वितीय अनुभव दर्शकों को देता है। सलमान खान के शामिल होने से न सिर्फ नई दिल्ली टीम को मजबूती मिलेगी, बल्कि पूरे लीग को एक नया जोश और नई पहचान भी मिलेगी।

अब वह उन मशहूर हस्तियों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने पहले से आईएसपीएल की अन्य टीमों का मालिकाना हक संभाला हुआ है। इनमें अमिताभ बच्चन (माझी मुंबई), सैफ अली खान और करीना कपूर खान (टाइगर्स ऑफ कोलकाता), अक्षय कुमार (श्रीनगर के वीर), सूर्या (चेन्नई सिंहम्स), ऋतिक रोशन (बैंगलोर स्ट्राइकर्स) और राम चरण (फाल्कन राइजर्स हैदराबाद) जैसे नाम शामिल हैं। हिंदी सिनेमा के दिग्गज स्टार सलमान खान ने कहा, "क्रिकेट हर भारतीय गली की धड़कन है, और जब वही ऊर्जा स्टेडियम तक पहुंचती है, तो आईएसपीएल जैसी लीग जन्म लेती है। मैं हमेशा इस खेल को लेकर जुनूनी रहा हूं, और आईएसपीएल से जुड़कर मुझे बेहद खुशी हो रही है। यह लीग न सिर्फ जमीनी स्तर के क्रिकेट को बढ़ावा देती है।



### तीसरे सीजन में 42 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन, नई टीम का होगा एलान

आईएसपीएल की संचालन समिति में भारत रत्न सचिन तेंदुलकर, केंद्रीय मंत्री एवं एशियन क्रिकेट काउंसिल के सदस्य आशीष शेलार, मिनल अमोल काले और लीग कमिश्नर सूरज सामत शामिल हैं। इस समिति का उद्देश्य देशभर की गलियों और कस्बों से उभर रही प्रतिभा को मुख्यधारा के क्रिकेट से जोड़ना है। तीसरे सीजन के लिए अब तक 42 लाख से ज्यादा खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन किया है। आईएसपीएल की संचालन समिति के सदस्य सचिन तेंदुलकर ने कहा, "पहले दो सीजन को देशभर से शानदार समर्थन मिला, जिससे खिलाड़ियों का मनोबल भी ऊंचा हुआ है।

## एमएलसी 2025 : दादा भारत के लिए खेले पोते ने अमेरिकी लीग में दिलाई टीम को जीत

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



टेक्सास सुपर किंग्स ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के 15वें मैच में जीत दर्ज की। इस टीम ने लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स को 52 रन से हराया। टीम की जीत में शुभम रांझणे का अहम योगदान रहा, जिन्होंने ताबड़तोड़ 70 रन की पारी खेली। शुभम का जन्म 26 मार्च 1994 को महाराष्ट्र में हुआ। क्रिकेट उनके खून में है। इस ऑलराउंडर के पिता सुभाष महाराष्ट्र के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने अंडर-19 टीम का प्रतिनिधित्व भी किया है। वहीं, दादा वसंत रांझणे भी एक ऑलराउंडर रहे, जिन्होंने भारत के लिए सात टेस्ट खेले। शुभम रांझणे को आईपीएल-2019 में राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा था, लेकिन उन्हें कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिल सका। साल 2016 में मुंबई के लिए अपना फर्स्ट क्लास डेब्यू करने वाले शुभम 15 प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके हैं। यह सीजन में टेक्सास सुपर किंग्स की चौथी जीत रही। शुरुआती तीन मैच जीतने के बाद इस टीम को लगातार दो हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, दूसरी ओर लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स सीजन का अपना चौथा मैच गंवा बैठी है। इस टीम ने हार की हैट्रिक लगाने के बाद एक जीत दर्ज की, लेकिन इस लय को बरकरार नहीं रख सकी। डलास में खेले गए मुकाबले की बात करें, तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टेक्सास की टीम ने आठ विकेट गंवाकर 196 रन बनाए।

## अनीश, सिफ्ट कौर और उमामहेश ने ट्रायल्स टी3 जीता

**देहरादून (आईएएनएस)**

ओलंपियन अनीश भनवाला, सिफ्ट कौर समरा और जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप पदक विजेता उमामहेश मड्डिनेनी ने त्रिशूल शूटिंग रेंज, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, देहरादून में आयोजित ग्रुप 'ए' एथलीटों के लिए तीसरे नेशनल सिलेक्शन ट्रायल्स (टी3) में क्रमशः 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल पुरुष, 50 मीटर 3 पोजिशन महिला और 10 मीटर एयर राइफल पुरुष वर्ग में जीत हासिल की। अनीश ने फाइनल में 33 अंक हासिल किए, जो उनके राज्य साथी आदर्श सिंह से चार अंक अधिक थे। आदर्श 29 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि नौसेना के प्रदीप सिंह शेखावत ने 23 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। क्वालिफिकेशन के स्टेज 1 में अनीश ने 293 और स्टेज 2 में 289 अंक बनाकर कुल 582-21x अंकों के साथ फाइनल में पहला स्थान हासिल किया।

## नेमार का सैंटोस से कॉन्ट्रैक्ट 2025 तक बढ़ा



**रियो डी जेनेरियो (आईएएनएस)**

नेमार ने सैंटोस के साथ अपना कॉन्ट्रैक्ट दिसंबर तक बढ़ा दिया है। इसका ऐलान ब्राजील के सीरी ए क्लब ने किया है। 33 वर्षीय पूर्व बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन फॉरवर्ड सऊदी प्रो लीग की टीम अल-हिलाल से अलग होने के बाद जनवरी में छह महीने के कॉन्ट्रैक्ट पर अपने बचपन के क्लब में लौट आया है। ब्राजील के सर्वकालिक शीर्ष गोल स्कोरर का नाम मेजर लीग सॉकर में जाने या यूरोप में वापसी की अटकलों से जुड़ा हुआ था, लेकिन उन्होंने अब 2025 सीजन के अंत तक सैंटोस क्लब में बने रहने पर सहमति जताई है। नेमार ने क्लब की वेबसाइट पर एक बयान में कहा, "मैंने एक फैसला लिया और अपने दिल की बात सुनी। सैंटोस सिर्फ मेरी टीम नहीं है। यह मेरा घर, मेरी जड़ें, मेरा इतिहास और मेरा जीवन है। उन्होंने आगे कहा, "यहां मैं एक लड़का था, जो एक आदमी बन गया। मुझे सच में बहुत प्यार मिलता है। यहां मैं वास्तव में खुश हूं। यहीं पर मैं अपने करियर में अधूरे सपनों को पूरा करना चाहता हूं। मुझे कोई नहीं रोक सकता। मैं जाता हूं, वापस आता हूं और यहीं रहता हूं। जहां से यह सब शुरू हुआ और जहां यह कभी खत्म नहीं होगा। नेमार ने 2009 में सैंटोस के लिए अपना प्रोफेशन डेब्यू किया और क्लब के लिए 243 मैच खेले। इस दौरान 141 गोल किए और 69 असिस्ट दिए। चोटों के कारण वह इस साल आठ बार के ब्राजीलियाई सीरी-ए चैंपियन के लिए सिर्फ 12 मैच ही खेल पाए हैं। सैंटोस के अध्यक्ष मार्सेलो टेक्सेरा ने कहा, "यह ब्राजीलियन फुटबॉल के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। सैंटोस एफसी के फैंस के लिए एक तोहफा है। हमारा आइडल, हमारा लड़का, हमारी नंबर 10 शर्ट वाला राजकुमार हमेशा बना रहेगा। यह पुनर्निर्माण प्रक्रिया में एक बहुत ही महत्वपूर्ण क्षण है। हमें मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह नेमार की जरूरत थी। नेमार ने ब्राजील के लिए 128 मैचों में 79 गोल किए हैं, लेकिन अक्टूबर 2023 में उरुग्वे के खिलाफ एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट के टूटने के बाद से उन्होंने पांच बार के विश्व कप विजेता का प्रतिनिधित्व नहीं किया है।



# भारतीयों से सालाना 10 अरब डॉलर की खरीददारी करेगा वॉलमार्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



- वॉलमार्ट के सीईओ मैकमिलन ने कहा कि कंपनी का भारत के प्रति दीर्घकालिक दृष्टिकोण है।
- मैकमिलन ने कहा कि वॉलमार्ट कई वर्षों से भारत में मौजूद है और यह उपस्थिति आगे भी जारी रहेगी।

वॉलमार्ट ग्लोबल के सीईओ और प्रेसिडेंट डग मैकमिलन ने कहा कि भारत आपूर्तिकर्ताओं से 2027 तक प्रति वर्ष 10 अरब डॉलर का सामान खरीदना हमारा लक्ष्य है। अपनी भारत यात्रा पर मैकमिलन ने कहा कि भारत जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था को इतनी तेजी से बढ़ते देखना दुर्लभ है। नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में मैकमिलन ने कहा कि एक यात्रा में भारत में क्या हो रहा है, इसकी केवल एक झलक मिल सकती है। भारत की कहानी को समझने के लिए उन्होंने बार-बार यात्राएं की हैं। उन्होंने आगे कहा कि शुरुआत में हम केवल कुछ ही श्रेणियों के उत्पादों को भारत से खरीदते थे, लेकिन जब हमने यहां पर ध्यान केंद्रित किया तो हमारा सोर्सिंग बिजनेस देश में काफी तेजी से बढ़ा और यह आज प्रतिवर्ष 10 अरब डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचने के करीब है, जो कि एक बड़ा लक्ष्य है। वॉलमार्ट ने दिसंबर 2020 में भारत से प्रतिवर्ष 10 अरब डॉलर से उत्पादन सोर्स या खरीदने की घोषणा की थी। मैकमिलन ने कहा कि वॉलमार्ट का भारत के प्रति दीर्घकालिक दृष्टिकोण है। मैकमिलन ने कहा, "हम इतने सालों से यहां हैं और आप उम्मीद कर सकते हैं कि यह जारी रहेगा और हमें पूरी दुनिया में व्यापार करने का मौका मिलता है और इतनी बड़ी अर्थव्यवस्था का इतनी तेजी से बढ़ना और इतने सारे लोगों के लिए इतने अवसर पैदा करना दुर्लभ है। भारत में वॉलमार्ट के पिछले अधिग्रहणों, फ्लिपकार्ट और फोनपे के बारे में बोलते हुए, मैकमिलन ने कहा कि कंपनी अपने भारतीय अधिग्रहणों, फ्लिपकार्ट और फोनपे से बहुत कुछ सीख रही है। वॉलमार्ट दो दशकों से भारत में मौजूद है और इसने अपने वैश्विक परिचालन के लिए 30 अरब डॉलर से अधिक मूल्य के सामान की सोर्सिंग की है। 2002 में स्थापित बेंगलुरु में इसके वैश्विक सोर्सिंग कार्यालय भारतीय निर्माताओं को अमेरिका, कनाडा, मैक्सिको, मध्य अमेरिका और यूके के बाजारों से जोड़ता है।

### ईपीएफओ ने एडवांस क्लेम की सीमा बढ़ाकर 5 लाख रुपए की

**नई दिल्ली** । श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने एडवांस क्लेम के लिए ऑटो-सेटलमेंट सीमा को मौजूदा 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दिया है। अब 72 घंटों के भीतर फास्ट-ट्रैक वितरण किया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार, यह कदम सदस्य सेवाओं को बढ़ाने के प्रयासों में महत्वपूर्ण है। इस कदम से लाखों ईपीएफओ सदस्यों को, खासकर तत्काल जरूरत के समय, जल्दी धन प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

## सस्ते में सोना खरीदने का मौका, चांदी का दाम भी 700 रुपए से अधिक गिरा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



सोना और चांदी खरीदारों के लिए खुशखबरी है। दोनों कीमती धातुओं की कीमत में बुधवार को गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 106 रुपए कम होकर 97,157 रुपए हो गया है, जो कि पहले 97,263 रुपए था। 22 कैरेट के सोने का दाम कम होकर 88,996 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 89,093 रुपए था।

वहीं, 18 कैरेट के सोने की कीमत 72,947 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 72,868 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट देखने को मिली है। चांदी का दाम 767 रुपए कम होकर 1,05,200 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 1,05,967 रुपए प्रति किलो था। वायदा बाजार में सोने और चांदी में तेजी देखने को मिली है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के 5 अगस्त 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.32 प्रतिशत बढ़कर 97,335 रुपए और चांदी के 4 जुलाई 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.06 प्रतिशत बढ़कर 1,04,979 रुपए थी।

## कैबिनेट ने पुणे मेट्रो रेल परियोजना चरण-2 को दी मंजूरी



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पुणे मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण वनाज से चांदनी चौक (कॉरिडोर 2ए) और रामवाड़ी से वाघोली/विट्ठलवाड़ी (कॉरिडोर 2बी) को मंजूरी दे दी है। यह चरण-1 के तहत मौजूदा वनाज-रामवाड़ी कॉरिडोर का विस्तार है। यह रणनीतिक विस्तार पुणे की आर्थिक क्षमता को उजागर करेगा और अर्बन ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाएगा। साथ ही महानगरीय क्षेत्र में सस्टेनेबल और इंक्लूसिव डेवलपमेंट में महत्वपूर्ण योगदान देगा। ये दो एलिवेटेड कॉरिडोर 12.75 किलोमीटर तक फैले होंगे और इनमें 13 स्टेशन शामिल होंगे, जो चांदनी चौक, बावधन, कोथरुड, खराडी और वाघोली जैसे तेजी से विकसित हो रहे उपनगरों को जोड़ेंगे। इस परियोजना को चार साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। लॉन्ग-टर्म मोबिलिटी प्लानिंग के तहत, मुंबई और बेंगलुरु जैसे शहरों से इंटरसिटी बस सेवाओं को चांदनी चौक में इंटीग्रेट किया जाएगा, जबकि अहिल्या नगर और छत्रपति संभाजी नगर, वाघोली में कनेक्ट होंगे।

## केंद्र ने गौतम बुद्ध नगर में 417 करोड़ रुपए के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर को मंजूरी दी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



केंद्र सरकार ने बुधवार को स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में 417 करोड़ रुपए के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी 2.0) की स्थापना को मंजूरी दे दी। स्वीकृत ईएमसी 2.0 परियोजना का विकास यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वाईईआईडीए) द्वारा किया जाएगा। क्लस्टर 200 एकड़ में फैला होगा और इसमें 2,500 करोड़ रुपए का निवेश आने की उम्मीद है। परियोजना की समीक्षा केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने की। आईटी मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि परियोजना को लागू करने में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। वैष्णव ने कहा, "इस परियोजना से विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का निर्माण होगा और 15,000 नौकरियां पैदा होंगी। यह भारत में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह रोजगार सृजन और विकसित भारत के निर्माण पर सरकार के फोकस को दर्शाता है।" अधिकारियों को परियोजना के तेजी से क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए राज्य के साथ मिलकर काम करने का निर्देश दिया गया है। इस क्लस्टर से उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोटिव और औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स, चिकित्सा उपकरण, कंप्यूटर हार्डवेयर और संचार उपकरण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा।

इस क्लस्टर में स्टार्टअप और एमएसएमई विश्व स्तरीय प्लग-एंड-प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर और शेयर्ड सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे। इसमें स्टैंडर्ड फैक्ट्री शेड, बिजली, पानी की व्यवस्था, सीवेज ट्रीटमेंट, हॉस्टल, कौशल विकास केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र आदि शामिल हैं।

## भारतीय शेयर बाजार तेजी के साथ बंद, सेंसेक्स 700 अंक उछला

**मुंबई (आईएएनएस)**



भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में चौतरफा तेजी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 700.40 अंक या 0.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,755.51 और निफ्टी 200.40 अंक या 0.80 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,244.75 पर था। बाजार में तेजी का नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। निफ्टी आईटी इंडेक्स 1.64 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसके अलावा ऑटो, एफएमसीजी, मीडिया, रियल्टी, इन्फ्रा, फार्मा और सर्विसेज इंडेक्स हरे निशान में थे। निफ्टी के प्राइवेट बैंक और पीएसई इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 259.30 अंक या 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 58,881.70 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 275.10 अंक या 1.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,277.85 पर था।

### बासमती चावल निर्यात में 2024-25 में 2,000 करोड़ रुपए वृद्धि

**नई दिल्ली।** ईरान-इजरायल युद्ध के बावजूद भारत के बासमती चावल निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 1,923 करोड़ रुपए बढ़ा है। वाणिज्यिक जानकारी एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएस) की ओर से संकलित किए गए डेटा से यह जानकारी मिली। डीजीसीआईएस के आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने 50,312 करोड़ रुपए (5.87 अरब डॉलर) के बासमती चावल का निर्यात किया था।

# एमएमसीएच में छात्रों का विरोध प्रदर्शन ओपीडी सेवाएं ठप, मरीज परेशान

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल स्थित मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एमएमसीएच) में बुधवार को मेडिकल छात्रों ने अनुशासन समिति द्वारा दो छात्रों के निलंबन के विरोध में अस्पताल अधीक्षक कार्यालय के सामने जमकर प्रदर्शन किया और प्राचार्य के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निलंबन रद्द करने की मांग की। विरोध में मेडिकल छात्रों ने आपातकालीन सेवा को छोड़कर सभी ओपीडी सेवाओं को ठप रखा, जिससे सैकड़ों मरीजों को बिना इलाज के लौटना पड़ा। छात्र "महतो इस्तीफा दो" जैसे नारे लगा रहे थे और धूप में बैठकर लगातार धरना दे रहे थे। छात्र प्राचार्य डॉ. पीएन महतो पर मनमानी, छात्राओं के पहनावे पर टिप्पणी, मानसिक उत्पीड़न और प्रताड़ना के आरोप लगा रहे थे। छात्रों का कहना था कि प्राचार्य छात्रों को जानबूझकर टारगेट करते हैं, धमकी देते हैं कि करियर बर्बाद कर देंगे और उन्हें फेल कर देंगे, बस सेवा समय पर नहीं चलती जिससे ड्यूटी में देरी होती है, और अस्पताल आने के लिए परेशानी होती है। छात्रों की बात सुनने के लिए अस्पताल अधीक्षक और संबंधित डॉक्टर कई बार गए, लेकिन छात्र प्राचार्य को बुलाने और निलंबन रद्द होने तक आंदोलन जारी रखने की जिद पर अड़े रहे। वहीं प्राचार्य डॉ. पीएन महतो ने कहा कि छात्रों की मांगों को देखते हुए दोनों छात्रों का निलंबन वापस लिया जाएगा और हेलमेट को लेकर लगाया गया जुर्माना भी हटा लिया जाएगा, लेकिन भविष्य में हेलमेट पहनना अनिवार्य रहेगा, हेलमेट न पहनने पर 5000 का जुर्माना लगेगा, उन्होंने यह भी कहा कि हेलमेट के कारण हाल में पांच छात्रों की जान बची है जबकि पहले एक छात्र की मृत्यु हो चुकी है, इसलिए सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। धरने की वजह से ओपीडी सेवा बंद रहने से मरीजों को काफी असुविधा हुई और कई लोग इलाज के लिए निजी अस्पतालों की ओर लौट गए। जिला प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और बातचीत से समाधान की कोशिश की जा रही है।

## दुष्कर्म के आरोपी को पोक्सो एक्ट के तहत 22 वर्ष की सजा

**मेदिनीनगर।** पोक्सो अधिनियम से जुड़े नावा बाजार थाना कांड संख्या 16/2022 (पॉक्सो 47/2022) के तहत दर्ज एक गंभीर मामले में डालटनगंज स्थित जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-04 की अदालत ने त्वरित सुनवाई करते हुए 25 जून को फैसला सुनाया। अभियुक्त सुरज कुमार भुईयां, पिता सुकन भुईयां, निवासी सोहदाग कला, थाना नावा बाजार को धारा 4/6 पोक्सो एक्ट के तहत 22 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25,000 के अर्थदंड की सजा दी गई है। जुर्माना नहीं देने पर अभियुक्त को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामले में वादी ने बताया था कि उसकी नाबालिग पुत्री जब घर लौट रही थी, तभी अभियुक्त ने रास्ते में जबरन पकड़कर एक खेत में ले जाकर बलात्कार किया। मामले की जांच पुलिस अवर निरीक्षक सुनीत राणा द्वारा की गई थी। यह फैसला महिला और बाल अपराधों के विरुद्ध पलामू पुलिस की संवेदनशीलता और सजगता को दर्शाता है।

## काली पट्टी बांध कर कॉलेज कर्मियों का विरोध

**लातेहार।** बीएस कॉलेज के शिक्षकों और कर्मचारियों ने अनुदान राशि और अन्य लंबित मांगों को लेकर विरोध का पहला चरण शुरू कर दिया है। बुधवार को कॉलेज कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर अपने कार्यों का निष्पादन किया और प्रशासन के प्रति रोष जताया। इस विरोध प्रदर्शन में प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी सहित सभी प्रोफेसर, सहायक, कर्मचारी और आदेशपाल शामिल रहे। कर्मियों ने बताया कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो आगे और बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## जनता दरबार में सुनेंगे विधायक प्रकाश राम

**बारियातू।** स्थानीय विधायक प्रकाश राम आगामी 28 जून को प्रखंड सह अंचल कार्यालय, बारियातू में जनता दरबार लगाएंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के प्रखंड सचिव सह भाजपा युवा नेता सोनू प्रजापति ने बताया कि यह कार्यक्रम पूर्व में प्राप्त जनसमस्याओं की समीक्षा और नये आवेदन के लिए रखा गया है। जनता दरबार सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा जिसमें विधायक स्वयं जनता से रूबरू होंगे और समस्याओं को सुनकर संबंधित विभागों को समाधान हेतु निर्देश देंगे। सोनू प्रजापति ने प्रखंड क्षेत्र के सभी नागरिकों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह एक सुनहरा अवसर है जब लोग अपनी समस्याएं सीधे विधायक के समक्ष रख सकते हैं।

## बारिश से कच्ची सड़क धंसी, नकटीमाडर गांव का संपर्क टूटा

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड के कुंदा पंचायत अंतर्गत नकटीमाडर गांव की मुख्य कच्ची सड़क लगातार बारिश के कारण धंस गई है। इससे गांव का मुख्य मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है और ग्रामीणों को आवागमन में गंभीर समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं। यह गांव वर्षों से सड़क जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित है। ग्रामीण प्रशासन से लगातार पक्की सड़क की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी मांग पर कोई सुनवाई नहीं हुई है। धंसी हुई सड़क के कारण बच्चों का स्कूल जाना, बीमारों का अस्पताल पहुंचना और लोगों का रोजमर्रा का कार्य कठिन हो गया है। ग्रामीण अब वैकल्पिक और दुर्गम रास्तों से होकर यात्रा करने को मजबूर हैं। बारिश के चलते पगडंडियों पर फिसलन बढ़ गई है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि नकटीमाडर गांव में जल्द से जल्द पक्की सड़क बनाई जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके और बाहरी दुनिया से संपर्क बहाल हो।

## उड़ीसा में कार्य के दौरान झारखंड निवासी मजदूर की मौत

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत रोल गांव निवासी सोहराय प्रजापति (46 वर्ष) की उड़ीसा में काम के दौरान दुर्घटना से मौत हो गई। वह उड़ीसा रेलवे में टैक्समैको कंपनी के अधीन फिटर पद पर कार्यरत थे। मंगलवार को कार्य के दौरान पोल पर चढ़े हुए थे, इसी बीच उनका पैर फिसला गया और वह नीचे गिर पड़े। आनन-फानन में उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शव को लेकर परिजन चंदवा लौट चुके हैं, जहां गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। मृतक झामुमो नेता डब्लू प्रजापति के चाचा थे। उनके निधन पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष रंजीत उरांव, किसान मोर्चा अध्यक्ष सुरेश गंझू, उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा, माल्हन मुखिया जतरु मुंडा और अन्य जनप्रतिनिधियों ने शोक संवेदना व्यक्त की है। स्थानीय ग्रामीणों और नेताओं ने राज्य सरकार से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और मुआवजे की मांग की है। इस तरह की घटनाएं प्रवासी श्रमिकों की असुरक्षा को उजागर करती हैं और मजदूर सुरक्षा नीतियों की समीक्षा की आवश्यकता पर बल देती हैं।

# पंचायत में सड़क निर्माण की उठी मांग, डीसी को सौंपा ज्ञापन

- पंचायत के अधिकांश गांवों में नहीं है पक्की सड़क, बरसात में एंबुलेंस तक नहीं पहुंचती

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत के विभिन्न गांवों में सड़क की अत्यंत खराब स्थिति को लेकर मुखिया जतरु कुमार मुंडा ने उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर डीएमएफटी मद से स्वीकृत योजनाओं के तहत जल्द निर्माण शुरू कराने की मांग की है।

मुखिया ने बताया कि माल्हन पंचायत भौगोलिक रूप से बेहद पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, जहां कई गांव आजादी के बाद से अब तक सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। सचिवालय तक पहुंचने के लिए भी सड़क नहीं है, जिससे बरसात के समय ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खासकर गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार लोगों को अस्पताल तक पहुंचाने में कठिनाई होती है क्योंकि एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती और उन्हें खाट पर उठाकर लाना पड़ता है।

ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2024–25 में डीएमएफटी मद से सड़कों के निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर जिला को भेजा गया था, मापी, नक्शा और रजिस्टर आदि की पूरी प्रक्रिया भी पूरी कर दी गई, लेकिन अब तक न तो टेंडर निकाला गया और न ही कोई निर्माण कार्य शुरू हुआ है।

मुखिया ने उपायुक्त से जनहित में इस दिशा में त्वरित निर्णय लेकर सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की अपील की है। ग्रामीणों की ओर से भी लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि उनकी बुनियादी मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में गहरी नाराजगी है।

## निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर में 1105 लाभुकों को मिला दृष्टि सुधार का लाभ



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर बुधवार को लातेहार प्रखंड के परसही पंचायत सचिवालय में लेंसकार्ट फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिविर में उप विकास आयुक्त ने बताया कि जिले में आयोजित पांच दिवसीय नेत्र जांच शिविर के दौरान कुल 1,800 लोगों का परीक्षण किया गया था। विशेषज्ञों की जांच में चश्मे की आवश्यकता पाए गए 1105 लाभुकों के बीच इस शिविर में निःशुल्क चश्मा वितरित किया गया। परसही पंचायत में 252, सासंग में 218, नवागढ़ में 230, पांडेपुरा में 205 और मोंगर पंचायत में 200 जरूरतमंदों को चश्मा मिला। उप विकास आयुक्त ने अपने संबोधन में नेत्र स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करते हुए लोगों से नियमित जांच की अपील की और अंधापन से बचाव के लिए समय पर उपचार की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी को नशा मुक्ति और मादक पदार्थों से बचाव की शपथ भी दिलाई गई।

### बर्खास्त अनुसेवकों का दो दिवसीय धरना शुरू

## समायोजन की मांग पर दिया आत्मदाह की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के समाहरणालय परिसर में बर्खास्त 251 अनुसेवक संघ द्वारा दो दिवसीय धरने की शुरुआत की गई। अनुसेवकों ने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार के कार्मिक विभाग से अनुमति लिए बिना उपायुक्त द्वारा उन्हें बर्खास्त कर दिया गया, जो सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के विरुद्ध है। वक्ताओं ने बताया कि कई अनुसेवकों ने कार्यकाल के दौरान चुनाव कार्य समेत अन्य सरकारी सेवाएं पूरी निष्ठा से निभाई हैं। अब बर्खास्तगी के कारण वे भारी आर्थिक संकट में हैं और बैंक ऋण चुकाने में भी असमर्थ हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो पहले राज्यपाल से मिलेंगे और फिर आत्मदाह जैसे कदम उठाने को बाध्य होंगे। धरने में सुधाकर दुबे, विकास कुमार, रमाकांत, शोभा कुमारी, गीता कुमारी, सरस्वती देवी, रेशमी देवी समेत सैकड़ों अनुसेवक शामिल हुए।

## नवादा पंचायत भवन में जनसेवा शिविर का आयोजन

**कुंदा (चतरा)।** नवादा पंचायत भवन में बुधवार को आयुष्मान कार्ड, पेंशन और अन्य जनहितकारी योजनाओं के लिए एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेष रूप से बैगा, परहिया एवं आदिवासी समुदायों के लाभुकों को विभिन्न सेवाएं प्रदान की गईं। पंचायत मुखिया भरत यादव ने बताया कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीणों को जरूरी सेवाएं उनके द्वार पर ही उपलब्ध कराई जाएं। इसी उद्देश्य से यह शिविर लगाया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ मिला।

# नगर निकायों की समीक्षा बैठक में डीडीसी ने दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

- ड्रेनेज, स्टेडियम, स्ट्रीट लाइट, वेंडर मार्केट समेत कई योजनाओं की हुई समीक्षा

**मेदिनीनगर।** बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन की अध्यक्षता में जिले के सभी नगर निकायों की अद्यतन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें मेदिनीनगर नगर निगम सहित छतरपुर, हुसैनाबाद, हरिहरगंज नगर पंचायत एवं नगर परिषद की योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।डीडीसी ने सभी कार्यपालक पदाधिकारियों को स्थानीय नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखकर योजनाओं के क्रियान्वयन का निर्देश दिया। उन्होंने मानसून को देखते हुए ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने, सड़कों की सफाई और जल निकासी की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा।

**स्टेडियम व अन्य निर्माण कार्यों की भी समीक्षा :** मेदिनीनगर नगर निगम की समीक्षा के दौरान वार्ड 23 में निर्माणाधीन इनडोर स्टेडियम की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बताया गया कि स्टेडियम का आरटी कार्य प्रारंभ कर दिया गया है और पेड़ों की कटाई के लिए डीएफओ से अनुमति हेतु पत्राचार जारी है। स्टेडियम के चारों ओर पाथवे निर्माण, कोयल नदी किनारे की जाली मरम्मत, स्ट्रीट लाइट की दुरुस्तीकरण और दुकानों का संचालन सुनिश्चित कराने को लेकर भी चर्चा हुई।

**वेंडर मार्केट और पार्किंग को लेकर निर्देश :** वार्ड 13 में बनने वाले वेंडर मार्केट में पार्किंग की समुचित व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश दिए गए। साथ ही अंबेडकर पार्क में स्टील रेलिंग कार्य समय पर पूर्ण कराने तथा शिवाजी मैदान में ग्रीन जोन के विकास पर जोर दिया गया।

# सड़क निर्माण में देरी से ग्रामीणों में नाराजगी

नवीन मेल संवाददाता

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के ग्राम केड़ में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3.89 करोड़ रुपये की लागत से 2.6 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क निर्माण की योजना आठ माह पहले शुरू होनी थी, लेकिन आज तक इसका कार्य आरंभ नहीं हो सका है। शिलान्यास विधायक रामचंद्र सिंह ने किया था, जिससे ग्रामीणों में उम्मीद जगी थी कि बच्चों को स्कूल, मरीजों को अस्पताल और लोगों को बाजार आने-जाने में सहूलियत मिलेगी। लेकिन संवेदक अशोक मल्होत्रा द्वारा अब तक कार्य शुरू नहीं किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक ने पेटी ठेकेदार को कार्य सौंप कर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है। केवल मिट्टी के टीले डालकर रास्ता और अधिक दुर्गम बना दिया गया है। बरसात में पानी भरने और कीचड़ के कारण न बाइक चलती है, न पैदल चलना संभव है। स्थानीय निवासी नैन सिंह, महेंद्र बैठा, अनिल साव सहित कई लोगों ने संवेदक की अनदेखी पर नाराजगी जताई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जांच की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्य शुरू नहीं हुआ तो प्रखंड और जिला कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा। सवाल उठता है कि इतनी बड़ी योजना में देरी क्यों हो रही है और क्या प्रशासन की ओर से कोई निगरानी नहीं हो रही है?

# पेज एक के शेष

**स्पेस स्टेशन के...**

से उड़ान भर गया, जिसमें चार निजी अंतरिक्ष यात्री 14 दिनों तक के मिशन के लिए स्पेस स्टेशन पर गए हैं। एक्सिओम स्पेस ने भी पोस्ट किया है, जिसने लिखा, एएक्स-4 के लिए उड़ान। एएक्स-4 का चालक दल स्पेस स्टेशन की ओर बढ़ रहा है। इस मिशन में शामिल स्पेसएक्स ने जानकारी दी कि ड्रैगन फाल्कन 9 के दूसरे चरण से अलग हो गया है। नासा ने अंतरिक्ष यान के अलग होने की पुष्टि की। नासा ने लिखा, अपने स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में स्वतंत्र रूप से उड़ान भरते हुए एएक्स-4 के चालक दल स्पेस स्टेशन की अपनी यात्रा के एक कदम और करीब आ गए हैं। फाल्कन 9 रॉकेट पर लांच होने के बाद क्रू नए स्पेसएक्स ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट पर ऑर्बिटिंग प्रयोगशाला की यात्रा करेगा। ये 14 दिन का मिशन है। शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) और नासा के संयुक्त सहयोग से विकसित उन्नत खाद्य और पोषण संबंधी प्रयोगों का संचालन करेंगे। वहीं, बेटे को अंतरिक्ष में उड़ान भरते हुए देखकर शुभांशु शुक्ला का परिवार काफी भावुक हो गया। शुभांशु की मां की आंखों में आंसू भर आए। लखनऊ में शुभांशु शुक्ला के माता-पिता ने एक्सिओम-4 मिशन की लांचिंग की लाइव तस्वीरें देखीं। मिशन के उड़ान भरने पर वे जश्न मनाते हुए नजर आए।

**'गगनयान' के लिए...**

और यह भारत की ह्यूमन स्पेस फ्लाइट की यात्रा है। ईएन-स्पेस के चेयरमैन पवन कुमार गोयनका ने आईएएनएस से कहा, यह स्पष्ट रूप से एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसमें भारत सरकार ने फैसला किया कि एक्सिओम-4 मिशन में हमारे भी एक अंतरिक्ष यात्री को भेजना उपयोगी होगा। कैप्टन शुक्ला उन अंतरिक्ष यात्रियों में से एक हैं, जिन्हें इंडियन ह्यूमन स्पेस फ्लाइट के लिए चुना गया था। यह मिशन हमारे खुद के ह्यूमन स्पेस फ्लाइट के लिए तैयार होने को लेकर अहम होगा। इसरो के रिटायर्ड सीनियर साइंटिस्ट सिवासुब्रम्नियन ने आईएएनएस से कहा, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के लिए तीन और अंतरिक्ष यात्रियों के साथ गए हैं। सांस्कृतिक रूप से एक-दूसरे से अलग ये यात्री इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में एक साथ मिलकर काम करेंगे। वे चारों मिलकर माइक्रोग्रेविटी, अंतरिक्ष पोषक तत्व, जैविक, भौतिक विज्ञान से जुड़े अंतरिक्ष विज्ञान के परिणामों को पेश करेंगे।

**गंगा नदी को...**

रांची के पत्रांक 3/एमपीसी/एनडब्ल्यूडीए-308/2019/213 13 जून 2025 के पत्र को महानिदेशक को सौंपा गया। परियोजना को शीघ्र धरातल पर लाने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) जल्द से जल्द तैयार कर सचिव एवं मंत्री को सूचित करने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात कर उन्हें झारखंड सरकार के पत्र की जानकारी दी। मंत्री पाटिल ने गंभीरता से इस विषय को लेते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री डॉ राजभूषण चौधरी से भी भेंट कर गंगा जल को देवघर तक लाने की आवश्यकता बताई। मंत्री ने इसे धार्मिक आस्था से जुड़ा विषय मानते हुए हरसंभव प्रयास का भरोसा दिया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री विश्वेश्वर टुडू भी प्रतिनिधिमंडल के साथ उपस्थित थे।बताया गया कि बाद में प्रतिनिधिमंडल ने देवघर के सांसद डॉ निशिकांत दुबे से उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात की। उन्होंने तत्क्षण ही जल संसाधन विभाग के सचिव से फोन पर वार्ता कर त्वरित कार्रवाई की मांग की। इस महत्वपूर्ण पहल के उपलक्ष्य में डॉ शूलपाणि सिंह के आवास पर एक विशेष सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग में तिरुपति बालाजी संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो आरके ठाकुर, कमला दास, विभा पटनायक सुधा कांत दास, जगन्नाथ सान्याल, दिल्ली एवं अन्य गण्यमान्य अतिथि उपस्थित हुए। श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी की वाणी, भजन-कीर्तन एवं आनंद बाजार के साथ सभी उपस्थित गुरु भाई अत्यंत भावविभोर हुए। ज्ञात हो कि यह परियोजना न केवल आस्था का विषय है, बल्कि इससे देवघर व आसपास के हजारों किसानों को सिंचाई की सुविधा, शुद्ध पेयजल, एवं पर्यटन विकास का सीधा लाभ मिलेगा।

**धार्मिक ही नहीं...**

ज्ञात हो कि गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने गंगा नदी से पाइप के माध्यम से डढ़वा नदी सहित गोड्डा के कझिया व गेरुआ नदी में पानी लाने का प्रस्ताव तत्कालीन जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को दिया था। इसके साथ ही सांसद ने 05 मार्च 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर इंटरलॉकिंग ऑफ रिवर्स प्रोजेक्ट के तहत गंगा नदी से गोड्डा संसदीय क्षेत्र की डढ़वा नदी सहित विभिन्न नदियों को जोड़ने का आग्रह किया था। तत्कालीन केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री विश्वेश्वर टुडू से भी सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने का आग्रह किया था। इसके बाद विश्वेश्वर टुडू ने डढ़वा नदी का जायजा भी लिया था। इस पूरे प्रकरण के बाद 13 मई 2025 को झारखंड सरकार के जल संसाधन विभाग के संयुक्त सचिव विजय कुमार भगत ने जल शक्ति मंत्रालय के अधीन नेशनल वाटर डेवलपमेंट एजेंसी के डायरेक्टर जनरल को पत्र भेजकर गंगा-डढ़वा लिंक प्रोजेक्ट को हरी झंडी देने की बात कही है। राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार के नेशनल वाटर डेवलपमेंट एजेंसी के डायरेक्टर जनरल को भेजी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि तत्कालीन जल शक्ति मंत्रालय से प्राप्त निर्देश के अनुसार गंगा-डढ़वा लिंक प्रोजेक्ट के तहत गंगा नदी से पानी को लिफ्ट कर डढ़वा नदी में छोड़ने का प्रस्ताव है। इसके लिए जल संचयन की सुविधा आवश्यक है। इस प्रोजेक्ट में जल संसाधन के मुख्य अभियंता द्वारा स्टडी की गई, जिसमें पाया गया कि गंगा नदी से जल को लिफ्ट कर अजय नदी में निर्मित पुनासी जलाशय में स्टोर किया जा सकता है। साथ ही, अजय नदी के सरकुंडा में पूर्व में प्रस्तावित सरकुंडा डैम बनाकर भी गंगा नदी के जल को स्टोर किया जा सकता है। इन दोनों डैम में पानी स्टोर कर डढ़वा नदी में इसे छोड़ा जा सकता है। इससे योजना पूरी तरह से सफल होगी।

**रांची के सिल्ली...**

बताया गया है कि यह रॉयल बंगाल प्रजाति का टाइगर है। सिल्ली का यह इलाका पश्चिम बंगाल से सटा है। जानकारी के अनुसार, रांची के मुरी स्थित हिंडालको के कारखाने में नाइट शिफ्ट का काम करने वाले पूरन चंद बुधवार सुबह 4:30 बजे घर पहुंचने के बाद बकरी को बाहर निकाल रहे थे, तभी बाघ घर के अंदर दाखिल हो गया। घर के एक कमरे में दो बच्चियां सो रही थीं। पूरन चंद सावधानी बरतते हुए दोनों बच्चियों को लेकर दबे पांव जल्दी से बाहर निकले और घर के बाहर लगे लोहे के दरवाजे को बंद कर दिया। घर में बाघ के बंद होने की खबर मिलते ही देखते-देखते गांव में हजारों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। पूरे इलाके में सुबह से लेकर शाम तक भय और कौतूहल का माहौल बना रहा। मारदु गांव में बाघ होने की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम भी सक्रिय हुई। रांची के वन प्रमंडल पदाधिकारी (डीएफओ) की सूचना के आधार पर रांची के सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने बीएनएसएस (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) की धारा 163 के तहत मौजा-मारदु पंचायत-कोचो, आवासीय परिसर पूरन चंद महतो, मुरी ओपी क्षेत्र के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू कर दी। पुलिस ने घर के बाहर मौजूद लोगों को दूर हटाया। वन विभाग ने पहले ओरमांझी स्थित बिरसा जैविक उद्यान की रेस्क्यू टीम को मौके पर बुलाया था, लेकिन वह बाघ को काबू करने में सफल नहीं हो सकी। इसके बाद वन विभाग के आला अधिकारियों ने बेतला स्थित पलामू टाइगर रिजर्व से टीम को बुलाया। पकड़े गए बाघ की लंबाई करीब छह फीट है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, यह बाघ रांची के तमाड़, खूंटी और आसपास के कई इलाकों में कई दिनों से भटक रहा था। इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को पहले भी दी गई थी।

**लोहरदगा के कुडू...**

इस संदर्भ में लोहरदगा के पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने बताया कि पलामू के रहने वाले वादी नेयाज अहमद खान के लिखित आवेदन पर पुलिस ने पहले कुडू थाना कांड संख्या 13/25, दिनांक 05.02.2025, धारा 308(2)/308(4) भा.न्या.सं. एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। वादी से पीएलएफआई के नाम पर लेवी की मांग की गई थी, साथ ही वाट्सएप के माध्यम से संगठन का पर्चा भी भेजा गया था। बाद में लेवी की मांग दोबारा की गई, और मांग पूरी नहीं होने पर लावागाई स्थित पुल निर्माण स्थल पर आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया। मौके पर पीएलएफआई संगठन का पर्चा भी छोड़ा गया। इस घटना को लेकर कुडू थाना कांड संख्या 74/25, दिनांक 21.06.2025, धारा 308(2)/308(4)/ 324(5)/3(5) भा.न्या.सं. एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। लोहरदगा के एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि उग्रवादी वादी से लेवी की रकम लेने आने वाले हैं। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, किस्को वेदांत शंकर के नेतृत्व में छापामारी दल गठित किया गया। पुलिस निरीक्षक लोहरदगा अंचल, थाना प्रभारी कुडू व जोबांग, तकनीकी शाखा, सैट-78 और सशस्त्र बल के सहयोग से छापामारी कर उग्रवादियों को 30,000 रुपए लेवी की रकम लेते वक्त गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को 25 जून 2025 को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की तलाश में जुटी है। छापामारी दल में वेदांत शंकर, एसडीपीओ, किस्को, सुधीर प्रसाद साहू, पुलिस निरीक्षक, लोहरदगा अंचल, मनोज कुमार, थाना प्रभारी, कुडू, हर्षवर्धन कुमार सिंह, थाना प्रभारी, जोबांग, कुन्दन कुमार रवानी, अश्विनी कुमार राणा, प्रकाश कुमार, तकनीकी शाखा, सैट-78 एवं अन्य सशस्त्र बल शामिल थे।

**चाइनीस एप का प्रयोग कर पुलिस को चकमा दे रहे थे नक्सली :** पुलिस गिरफ्त में आए पीएलएफआई के उग्रवादी निखिल मुंडा व सुनील सांगा ने अपने संगठन के संदर्भ में कई महत्वपूर्ण खुलासे पुलिस के समक्ष किए हैं। इन उग्रवादियों की तलाश पुलिस को लंबे समय से थी, पर मोबाइल फोन में चाइनीज एप का कथित प्रयोग कर पुलिस को चकमा दे रहे थे। इस ऐप में नक्सलियों का स्थान व लोकेशन पल-पल बदलता है। धमकी लोहरदगा से देने पर दूसरे राज्य का लोकेशन मिलता था। पुलिस ने टेक्निकल सेल के माध्यम से इन्हें दबोचा।

**संदिग्धों की सूचना पुलिस को दें :** लोहरदगा। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि नक्सली, उग्रवादी और अपराध की अन्य घटनाओं को नियंत्रित करने में जन भागीदारी नितांत आवश्यक है। जन सहयोग के बिना असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण लगाना मुश्किल होगा। अपराध व उग्रवाद से जुड़े संदिग्धों की सूचना और जानकारी को लोग पुलिस को देना सुनिश्चित करें, तो बेहतर समाज के निर्माण में मदद मिलेगी।

**अपराधियों ने केरेडारी...**

जेएलकेएम नेता बालेश्वर कुमार भी वहां पहुंचे। तीनों के संयुक्त प्रयास से घायलों को तुरंत केरेडारी सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए पहुंचाया गया। घायलों में एक युवक की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है और हमलावरों की तलाश तेज कर दी गई है। हजारीबाग में हो रहे एक के बाद एक अपराधियों के दुस्साहस से आम जनो में भय का माहौल है।

**झरिया के लिए...**

का आजीविका अनुदान और वैध भू-स्वामित्व धारक (एलटीएच) परिवारों और अपंजीकृत भू-धारक (नॉन-एलटीएच) परिवारों- दोनों को तीन लाख रुपए तक संस्थागत ऋण सहायता दी जाएगी। इसके अलावा, पुनर्वासित स्थलों पर सड़क, बिजली, जल आपूर्ति, सीवरेज, स्कूल, अस्पताल, कौशल विकास केंद्र, सामुदायिक भवन जैसे व्यापक बुनियादी ढांचे और आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। संशोधित झरिया मास्टर प्लान कार्यान्वयन समिति की सिफारिशों के अनुसार इन प्रावधानों को लागू किया जाएगा। इससे समग्र और मानवीय पुनर्वास सुनिश्चित होगा। पुनर्वासित व्यक्तियों के आजीविका उपायों के लिए समर्पित झरिया वैकल्पिक आजीविका पुनर्वास कोष स्थापित किया जाएगा। इस क्षेत्र में संचालित बहु कौशल विकास संस्थानों के सहयोग से वहां कौशल प्रदान करने संबंधी विकास पहल भी की जाएगी।

**पिता को गर्व मां भावुक**

# बेटे को अंतरिक्ष की उड़ान भरते देख झूम उठा शुभांशु शुक्ला का परिवार

**लखनऊ (आईएएनएस)**

एक्सिओम-4 मिशन के साथ भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा पर पूरा देश गर्व कर रहा है। बेटे को अंतरिक्ष के सफर पर जाता देखकर उनकी मां आशा शुक्ला उड़ान के समय भावुक हो गईं। पिता का सीना चौड़ा था और वह खुशी से झूम रहे थे। परिवार ने जश्न मनाने के साथ शुभांशु शुक्ला के सफल मिशन की प्रार्थना की। लखनऊ में जन्मे शुभांशु शुक्ला के परिवार ने फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से एक्सिओम 4 का प्रक्षेपण देखा। मिशन के उड़ान भरने पर शुभांशु शुक्ला के माता-पिता और रिश्तेदार जश्न मनाते हुए नजर आए। मिशन की लॉन्चिंग के समय शुभांशु की मां आशा शुक्ला भावुक थीं। उनकी आंखों में खुशी के आंसू थे। अपने बेटे को अंतरिक्ष में उड़ान भरते देखकर वह अपने आंसुओं को रोक नहीं पाईं। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में शुभांशु की मां आशा शुक्ला ने कहा कि आज कुछ कहने के लिए शब्द नहीं हैं। बहुत खुशी का दिन है। महीनेभर से इस पल का इंतजार हो रहा था। अपने बेटे को देखकर थोड़ा भावुक हूं। प्रार्थना है कि वह सफल होकर अंतरिक्ष से लौटे।

## शुभांशु शुक्ला की उड़ान से परिवार में खुशी, भारत की अंतरिक्ष में 41 साल बाद वापसी



शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि हम बहुत खुश हैं। भगवान का धन्यवाद देते हैं। भगवान से प्रार्थना करते हैं कि ये मिशन सफल रहे।शुभांशु की बहन शुचि मिश्रा ने कहा, "शायद सिर्फ आंसू ही उस पल को बयां कर सकते हैं, क्योंकि मैं वास्तव में इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकती। मैं बस यही चाहती हूं कि उनके लिए सब कुछ ठीक हो और वह सुरक्षित वापस लौट आएं।" शुभांशु के परिवार की एक महिला ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं और हम नाच रहे हैं। शुभांशु शुक्ला की उड़ान राकेश शर्मा के बाद 41 साल में भारत की अंतरिक्ष में वापसी का प्रतीक है। पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत संघ के अंतरिक्ष यान में उड़ान भरी थी।



## अब साल में 2 बार होगी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा


**आरपी सिंह**

- सीबीएसई बोर्ड एग्जाम 2026 कक्षा 10 का पहला चरण फरवरी के महीने में ,दूसरा चरण मई में होगा
- पहले चरण का परिणाम अप्रैल 2026 में , दूसरे चरण का जून 2026 में जारी होगा
- छात्र साइंस, मैथ्स, सोशल साइंस व भाषा विषयों में से कोई तीन के मार्क्स बढ़ा सकेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 2026 से एक साल में 2 बार बोर्ड परीक्षा करायेगा। बुधवार, 25 जून को ही सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने इस बारे बताया है। ये नियम फिलहाल सिर्फ सीबीएसई बोर्ड क्लास 10 परीक्षा पर लागू किया जा रहा है। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने यह भी कहा कि 10 वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए पहले चरण के परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा। जबकि दूसरे चरण की परीक्षा ऑप्शनल होगी। यानी आप चाहें तो इसमें शामिल हो सकते हैं या नहीं, ये छात्र की मर्जी है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन की आधिकारिक सूचना के अनुसार, सीबीएसई बोर्ड एग्जाम 2026 कक्षा 10 का पहला चरण फरवरी के महीने में होगा। जबकि दूसरा चरण मई में होगा । छात्रों का बोर्ड परीक्षा का तनाव कम करने और उन्हें अपने नंबर बेहतर करने का दूसरा मौका देने के लिए ये फैसला लिया गया है। ये बदलाव नई शिक्षा नीति 2020 के तहत किए गए हैं। संयम भारद्वाज ने बताया की पहले चरण वाली परीक्षा के लिए सीबीएसई का रिजल्ट अप्रैल 2026 में आएगा। जबकि दूसरे चरण वाली परीक्षा के लिए परिणाम जून 2026 में जारी होगा। दो बोर्ड परीक्षा में क्लास 10 में छात्र तीन प्रमुख विषयों के मार्क्स बढ़ा सकेंगे। साइंस, मैथ्स, सोशल साइंस व भाषा विषयों में से कोई तीन। इंटरनल असेसमेंट्स साल में एक ही बार होंगे।विंटर बाउंड स्कूल्स के छात्र छात्राओं को ये छूट होगी कि वो दोनों में से कौन से चरण में परीक्षा देना चाहते हैं।

## भारत के साथ सार्थक बातचीत के लिए तैयार है पाकिस्तान : शहबाज शरीफ

**करांची । एजेंसी**



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि उनका देश सभी लंबित मुद्दों के समाधान के लिए भारत के साथ ''सार्थक वार्ता'' के लिए तैयार है। शरीफ ने यह विचार मंगलवार को सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान व्यक्त किये। यह बातचीत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के करीब दो महीने बाद हुई है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। 'रेडियो पाकिस्तान' के अनुसार, प्रधानमंत्री शरीफ ने बातचीत के दौरान कहा कि ''पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर, जल, व्यापार और आतंकवाद सहित सभी लंबित मुद्दों पर भारत के साथ सार्थक बातचीत करने के लिए तैयार है। इस बीच, शरीफ और सऊदी नेता ने पश्चिम एशिया के मौजूदा घटनाक्रम पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। पहलगाम आतंकी हमले के तुरंत बाद भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया और पाकिस्तान के साथ सभी व्यापारिक गतिविधियां रोकने जैसे कदम उठाए।

### परमाणु शस्त्रागार को उन्नत करने की कोशिश कर रहा पाकिस्तान

# लॉन्ग रेंज परमाणु मिसाइल की अमेरिका तक होगी रेंज!

### अमेरिकी खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट ने बढ़ा दी वॉशिंगटन की चिंता

**नई दिल्ली । एजेंसी**

भारत के हाथों ऑपरेशन सिंदूर में पिटने के बाद भले ही पाकिस्तान के सेना प्रमुख मुल्ला मुनीर को शहबाज सरकार ने फील्ड मार्शल बना दिया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उन्हें लंच पर बुलाकर टेबल टॉक कर रहे हैं। लेकिन पाकिस्तान वैसे सांप है जो दूध पिलाने वाले को भी डसने से बाज नहीं आता है। अब पाकिस्तान कुछ ऐसा कर रहा है, जिसे सुनकर अमेरिका की टेंशन भी बढ़ने वाली है। वाशिंगटन की खुफिया एजेंसी ने पाकिस्तान के खतरनाक एटमी प्लान का खुलासा किया है।

वाशिंगटन की खुफिया एजेंसियों के अनुसार, पाकिस्तानी सेना गुप्त रूप से एक परमाणु-संचालित अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलकसित कर रही है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका तक पहुँच सकती है। 'फॉरेन अफेयर्स' की यह रिपोर्ट उन रिपोर्टों के बीच आई है, जिनमें कहा गया है कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान चीन के सहयोग से अपने परमाणु शस्त्रागार को उन्नत करने की कोशिश कर रहा है। अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर पाकिस्तान ऐसी मिसाइल हासिल करता है, तो वाशिंगटन उस देश को परमाणु विरोधी घोषित कर देगा।




### पाकिस्तान के मिसाइल कार्यक्रम पर अमेरिकी प्रतिबंध, इस्लामाबाद ने बताया पक्षपातपूर्ण

पिछले साल, वाशिंगटन ने पाकिस्तान के लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से संबंधित नए प्रतिबंध लगाए थे। ये प्रतिबंध मिसाइल कार्यक्रम की देखरेख करने वाली सरकारी रक्षा एजेंसी नेशनल डेवलपमेंट कॉम्प्लेक्स और तीन अन्य फर्मों पर लगाए गए थे। इसने संस्थाओं से संबंधित किसी भी अमेरिकी संपत्ति को जब्त कर लिया और अमेरिकी फर्मों को उनके साथ व्यापार करने से रोक दिया। जबकि पाकिस्तान ने इस कदम को "पक्षपातपूर्ण" कहा, अमेरिकी कार्रवाई विदेश विभाग के एक तथ्यपत्र पर आधारित थी जिसमें कहा गया था कि इस्लामाबाद अपने लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए घटक प्राप्त करना चाहता था।

परमाणु हथियार रखने वाला कोई भी देश जिसे अमेरिका के लिए संभावित खतरा या विरोधी माना जाता है, उसे परमाणु विरोधी माना जाता है। वर्तमान में रूस, चीन और उत्तर कोरिया को अमेरिका का विरोधी माना जाता है। रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि अगर पाकिस्तान को आईसीबीएम मिल जाता है, तो वाशिंगटन के पास उसे परमाणु विरोधी मानने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। अमेरिका को निशाना बनाने वाले आईसीबीएम वाले किसी भी अन्य देश को मित्र नहीं माना जाएगा।

पाकिस्तान ने हमेशा दावा किया है कि उसका परमाणु कार्यक्रम भारत को रोकने पर केंद्रित है। इसकी नीति छोटी और मध्यम दूरी की मिसाइलों को विकसित करने पर केंद्रित रही है। अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें, जो परमाणु और पारंपरिक दोनों तरह के हथियारों से लैस हो सकती हैं, 5,500 किलोमीटर से ज़्यादा दूरी तक के लक्ष्यों को भेदने में सक्षम हैं।

## मनुष्य के फेफड़ों पर पड़ रहा प्रदूषण धूम्रपान, एलर्जी, वायरस का असर

**ब्यूरो**



**फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है**


**नई दिल्ली।** इन दिनों प्रदूषण, धूम्रपान, एलर्जी व वायरस के चलते सांस लेने में लोगों को ज्यादा परेशानी होने लगी है। जिसका असर फेफड़ों पर पड़ रहा है। जिससे फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। सांस की तकलीफ, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस जैसी समस्याएं तेजी से घेर रही हैं। लेकिन खानपान व लाइफस्टाइल व चीजों का ध्यान रखते हुए फेफड़ों को मजबूत व स्वस्थ बनाया जा सकता है। कुछ चिकित्सकों का कहना है कि - फेफड़ों को स्वस्थ बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फूड्स का सेवन करना चाहिए। विटामिन सी : इम्यूनिटी को बढ़ाने के साथ-साथ एक बेहतरीन एंटीऑक्सीडेंट भी है, जो प्रदूषित हवा के कारण होने वाले मुक्त कणों को नष्ट करता है। शोध से पता चलता है कि बहुत ज्यादा प्रदूषण के संपर्क में आने वाले लोगों के खून में विटामिन सी का स्तर कम होता है। विटामिन सी फेफड़ों के ऊतकों यानी टिश्यू को मजबूत करता है, सूजन को कम करता है और शरीर को श्वसन संक्रमण से लड़ने में मदद करता है।ओमेगा-3 फैटी एसिड : मछली के तेल या शैवाल की खुराक में पाए जाने वाले ओमेगा-3 फेफड़ों में सूजन को कम करने में मदद करते हैं। इससे आपकी ब्रोन्कियल नलियों में सूजन कम होगी, सांस लेना आसान होगा और अस्थमा के दौरे कम होंगे। वायु प्रदूषक फेफड़ों में सूजन प्रतिक्रियाओं को ट्रिगर करते हैं। ओमेगा-3 उसको शांत करने व वायु मार्ग की नाजुक परत की रक्षा करने में मदद करते हैं। इसके अलावा ये दिल व दिमाग के लिए भी अच्छा होता है।मैग्नीशियमः मैग्नीशियम मांसपेशियों को आराम देने के लिए महत्वपूर्ण है, जिसमें ब्रोन्कियल नलियों के आस-पास की मांसपेशियां भी शामिल हैं। कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि कम मैग्नीशियम स्तर वाले लोगों में अस्थमा, घरघराहट और फेफड़ों की कार्यक्षमता में कमी होने का खतरा अधिक होता है। मैग्नीशियम वायु मार्ग को आराम देने, ऐंठन को कम करने और सांस लेने को आसान बनाने में मदद कर सकता है।क्वेरसेटिनः क्वेरसेटिन सेब, प्याज व जामुन में पाया जाने वाला एक फ्लेवोनोइड है। यह एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट व प्राकृतिक एंटीहिस्टामाइन के रूप में कार्य करता है। यह हिस्टामाइन रिलीज को कम करता है और फेफड़े के ऊतकों में सूजन को कम करता है। क्वेरसेटिन फेफड़ों की कार्यक्षमता में सुधार कर सकता है और पुरानी फेफड़ों की बीमारियों वाले लोगों में लक्षणों को कम कर सकता है। विटामिन डी : श्वसन स्वास्थ्य के लिए विटामिन डी बहुत ही महत्वपूर्ण है, लेकिन प्रदूषित शहरों में रहने वाले लोग अक्सर धूप से बचते हैं और अंदाजा लगाइए, इसका मतलब है विटामिन डी की कमी। कम विटामिन डी श्वसन संक्रमण और खराब फेफड़ों के कार्य से जुड़ा हुआ है।

### वर्क-लाइफ बैलेंस इंडेक्स में है 7वां स्थान

## नौकरी के लिए कनाडा है बेहतर

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** विश्व का सबसे धनी व उन्नत माना जाने वाला देश है अमेरिका ।लेकिन यहाँ वर्क-लाइफ बैलेंस बहुत ज्यादा बिगड़ा हुआ है। यहां की हालत भारत से भी ज्यादा खराब हो गई है। माइक्रोसॉफ्ट की वर्क ट्रेंड इंडेक्स 2025 नाम की एक रिपोर्ट में अमेरिका की कामकाजी हालत के बारे में बताया है। रिपोर्ट में है कि अमेरिका में 40% लोगों ने स्वीकार किया है कि उन्हें सुबह 6 बजे से ही काम करना शुरू करना पड़ रहा है। इनमें से ज्यादातर लोग रात 10 बजे के बाद ही लॉग आउट कर पाते हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, बल्कि उन्हें छुट्टी वाले दिन या वीकेंड पर भी ऑनलाइन बैठकें अटेंड करनी पड़ रही है। लेकिन उसके पड़ोसी देश कनाडा की स्थिति ऐसी नहीं है। ग्लोबल एचआर सॉल्यूशन प्रोवाइडर रिमोट ने ग्लोबल लाइफ - वर्क बैलेंस इंडेक्स 2025 जारी किया है। 'ग्लोबल लाइफ-वर्क इंडेक्स' में कनाडा को नौकरी करने व जिंदगी का आनंद लेने के लिए दुनिया के सबसे बेहतरीन देशों में से एक माना गया है। इस इंडेक्स को तैयार करने के लिए 60 देशों का विश्लेषण किया गया है, जिसमें कनाडा को 7वां स्थान मिला है। उत्तर अमेरिका महाद्वीप में वर्क-लाइफ बैलेंस के मामले में टॉप-10 देशों में शामिल होने वाला कनाडा एकमात्र देश है। इसे 100 में से 73.46 अंक मिला है। इस सूची में अमेरिका का स्थान 59वां है, जबकि वर्क-लाइफ बैलेंस स्कोर 31.17 है। सूची तैयार करने के लिए हर देश का मूल्यांकन 10 पैरामीटर्स पर किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है, "कनाडा की कंपनियां समय की पाबंदी और विश्वसनीयता को महत्व देती हैं। यहां पर कर्मचारी आमतौर पर काम व पारिवारिक जीवन के बीच एक स्वस्थ अंतर बनाए रखते हैं।" कनाडा के कर्मचारियों को हर सप्ताह मात्र 35 घंटे काम करना पड़ता है। 17 पेड लीव मिलती है, जिसके लिए कोई पैसे नहीं काटे जाते। 55% वेतन के साथ 55 सप्ताह का मैटरनिटी व पेरेंटल लीव दिया जाता है। कनाडा हैप्पीनेस इंडेक्स में 10 में से 6.8 अंक के साथ दुनिया में 18वें नंबर पर है। इसके अलावा कनाडा दुनिया के सबसे सुरक्षित देशों में से भी एक है।




**विश्व के सबसे धनी व उन्नत देश अमेरिका का स्थान 59वां है**

## ट्रंप ने पीएम मोदी के बाद नेतन्याहू को दिया धोखा!



**नई दिल्ली ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को वही धोखा दिया है जो उन्होंने कुछ समय पहले पीएम मोदी को दिया था। डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल के जरिए अपने कट्टर दुश्मन ईरान के परमाणु ठिकानों को उड़वाया और फिर इजरायल पर ही अपनी नारागजी जाहिर करने लग गए। इजरायल पिछले कई दिनों से अपने दम पर ईरान से लड़ रहा है। इजरायली सेना लड़ाकू विमान लेकर तेहरान तक घुस गई। लेकिन आखिरी के एक दिन में अमेरिका ने अपने कुछ बॉम्बर्स ईरान में भेज दिए और पूरी जंग का क्रेडिट खुद ही लेने लग गए। हैरानी की बात ये है कि अमेरिका के जो बॉम्बर्स ईरान में परमाणु फैसिलिटी को उड़ाकर आए हैं।




## ईशा गुप्ता क्रिकेटर हार्दिक पांड्या को कर चुकी हैं डेट?

अभिनेत्री ईशा गुप्ता ने क्रिकेटर हार्दिक पांड्या के साथ अपने कथित रोमांस पर आखिरकार खुलकर बात की है। उन्होंने बताया कि एक समय था जब वे एक-दूसरे से बात कर रहे थे, लेकिन यह कभी गंभीर रिश्ते में तब्दील नहीं हुआ। ईशा ने अपने निजी जीवन के बारे में तब बात की जब वह सिद्धार्थ कन्नन के साथ उनके यूट्यूब चैनल पर बातचीत के लिए शामिल हुईं। हार्दिक पांड्या के साथ लिंकअप की अफवाहों के बारे में बात करते हुए ईशा ने कहा, "हां, कुछ समय से हम बात कर रहे थे। मुझे नहीं लगता कि हम डेट कर रहे थे, लेकिन हां, हम कुछ महीनों से बात कर रहे थे। हम उस 'शायद यह होगा, शायद यह नहीं होगा' चरण पर थे। डेटिंग चरण तक पहुंचने से पहले ही यह खत्म हो गया। तो यह डेटिंग-डेटिंग नहीं थी।

### ईशा गुप्ता ने कहा, "हां, कुछ समय से हम बात कर रहे थे

अफवाहों को खारिज करते हुए, ईशा गुप्ता ने कहा, "हाँ, कुछ समय से हम बात कर रहे थे। मुझे नहीं लगता कि हम डेटिंग कर रहे थे, लेकिन हाँ, हम कुछ महीनों से बात कर रहे थे। हम उस 'शायद यह होगा, शायद यह नहीं होगा' चरण पर थे। यह डेटिंग चरण तक पहुँचने से पहले ही खत्म हो गया। इसलिए यह डेटिंग-डेटिंग नहीं थी। हम एक या दो बार मिले, बस। तो हाँ, जैसा कि मैंने कहा, यह कुछ महीनों का था और फिर यह खत्म हो गया।" जब उनसे पूछा गया कि क्या कभी रिश्ते की कोई वास्तविक संभावना थी, तो ईशा ने कहा कि 'शायद ऐसा हो सकता था', लेकिन चीजें जल्दी ही खत्म हो गईं। उन्होंने कहा कि समय और अनुकूलता बस मेल नहीं खाती थी। "कोई ड्रामा या कड़वाहट नहीं थी। ऐसा होना ही नहीं था।

